सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 30 जून, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 177, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

वस्तुओं-सेवाओं के निर्यात में 800 अरब डॉलर का बोझ

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। } 14

नीट-पीजी के लिए दो दिन में घोषित होगी नयी तिथि

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) अगले दो दिन के भीतर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए नई तारीख की घोषणा करेगा। } 14

संक्षेप

भाजपा नेता रमेश राठौड़ का निधन

हैदराबाद। भाजपा नेता और आदिलाबाद से पूर्व लोकसभा सदस्य रमेश राठौड़ का शनिवार को निधन हो गया। उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। वह 57 वर्ष के थे। परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। परिवार के सूत्रों ने बताया कि गुर्दे की बीमारी से पीड़ित राठौड़ का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज हो रहा था और दो दिन पहले वह आदिलाबाद लौटे थे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की आंध्र प्रदेश (अविभाजित) इकाई के पूर्व अध्यक्ष डी श्रीनिवास का शनिवार को यहां निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। श्रीनिवास के बेटे और निजामाबाद से सांसद डी अरविंद ने उनके निधन की जानकारी दी।

ईंट-पत्थर से कूचकर ग्राम प्रधान के भाई की हत्या

अमेठी। जिले में बेनीपुर के पास एक ग्राम प्रधान के भाई की कथित रूप से ईंट-पत्थर से हमला करके हत्या कर दी गयी। पुलिस अधीक्षक अनुप कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि अजय सिंह (45) शुक्रवार की रात अपने साथी सौरभ के साथ मोटरसाइकिल से अमेठी से कडेरगांव जा रहा था तभी रास्ते में अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर बेनीपुर नहर के पास मोनू पासी समेत दो लोगों ने उस पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस घटना में अजय गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठे सौरभ ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अजय सिंह अमेठी थाना क्षेत्र के कडेरगांव का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि वह कडेरगांव के प्रधान पवन सिंह का भाई था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुरुआती जांच में मालूम हुआ है कि हमलावरों का अजय सिंह के साथ विवाद था और वारदात के वक्त हमलावर नशे में थे।

मकान की दीवार गिरी तीन बच्चों की मौत

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के थाना सूरजपुर क्षेत्र के खोदना गांव में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने की घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गये। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनीति ने बताया कि थाना सूरजपुर क्षेत्र के खोदना गांव में शुक्रवार की देर रात दीवार गिर गई, जिसमें आठ बच्चे मलवे के नीचे दब गए। उन्होंने बताया कि घटना के बाद उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने तीन बच्चों को मृत घोषित कर दिया जबकि पांच उपचाराधीन हैं। उन्होंने बताया कि मरने वाले बच्चों की पहचान आहद, आदिल और अलफिजा के तौर पर की गयी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आज का मौसम

अधिकतम	:	43.06 डिसे.
न्यूनतम	:	29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- विकास निधि के 12 अरब 27 करोड़ 50 लाख मंजूर (पृष्ठ-02)
- शहरों में गठित होंगे क्षेत्र विकास प्राधिकरण (पृष्ठ-02)
- गिफ्ट सिटी में स्थापित होगा एआई क्लस्टर (पृष्ठ-14)
- सीएस शेट्टी होंगे एसबीआई के नये चेयरमैर (पृष्ठ-14)
- ओएनजीसी ने स्थापित किये दो अस्पताल (पृष्ठ-14)

नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की छापेमारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की और झारखंड में एक पत्रकार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एक हिंदी अखबार के पत्रकार जमालुद्दीन अंसारी को शुक्रवार को हजारीबाग के एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ये दोनों प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपी हैं। ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक और उपप्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को मेडिकल प्रवेश परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में संघीय जांच एजेंसी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। उन्होंने बताया कि चार जिलों - आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की कार्वाई की गई। जांच एजेंसी गुजरात, राजस्थान, बिहार, दिल्ली और झारखंड में एक बड़ी साजिश की जांच कर रही है। गोधरा की एक विशेष सीबीआई अदालत ने शनिवार को जय जलाराम स्कूल के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम शर्मा, शिक्षक तुषार भट्ट और बिचौलियों विभोर आनंद ...शेष पृष्ठ 14 पर

> ❍ गुजरात में सात ठिकानों पर कार्रवाई, झारखंड में एक गिरफ्तार

स्कूल से वंचित न रहे कोई छात्र : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ड्रेस, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग की खरीद के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के मार्फत विद्यार्थियों के माता-पिता, अभिभावक के बैंक खातों में 1200-1200 रुपये भेजने की प्रक्रिया की शुरुआत की। उन्होंने कहा, कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रह जाए। हम अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ये देश की सबसे बड़ी सेवा है। श्रीमद्‌भागवत गीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह कार्यक्रम में 88 लाख बच्चों के लिए 1056 करोड़ की राशि जारी की। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे अभिभावकों के खाते में चली गई। इसके तहत हर बच्चे को 1200 रुपये दिए गए। इस मौके पर सीएम ने मेधावियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्र छात्राओं को एक-एक लाख रुपये, टैबलेट और गोल्ड मेडल प्रदान किया और कहा कि खूब मेहनत से पढ़ाई करो। उन्होंने कक्षा एक, दो के बच्चों को किताबें दीं और उनके लिए चॉकलेट मंगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों से नाम, पते और स्कूल के बारे में पूछा और कहा कि अभी आप सभी को चॉकलेट मिलेगी। पहली बार प्रदेश में कक्षा एक और दो में एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम पर किताबों का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि कोई छात्र स्कूल से वंचित न रह जाए। हम अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करें, ये देश की सबसे बड़ी सेवा है। श्रीमद्‌भगवतगीता में तो किसी को शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य माना गया है। उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों और अधिकारियों से कहा कि आप उस पवित्र कार्य से जुड़े हुए है। आपका आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नही, बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में, एक शिक्षक के रूप में होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि हमारे विद्यालय इनोवेशन और रिसर्च के नए सेंटर के रूप में स्थापित हों, हमारे छात्र-छात्राओं के अंदर कठिन से कठिन चुनौतियों से जूझने का जज्बा हो, इसके लिए हम ...शेष पृष्ठ 14 पर

टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बना भारत

टीम इण्डिया ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर जीता टी-20 विश्व कप

एजेंसी

बारबाडोस। आज टी20 विश्व कप 2024 का खिताबी मुकाबला भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया। भारत ने अजेय रहते हुए चैंपियनशिप जीती है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में सात विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 169 रन ही बना सकी। भारत ने दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। बारबाडोस में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ...शेष पृष्ठ 14 पर

पीएम मोदी, योगी और राजनाथ ने दी बधाई

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टीम इंडिया के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय टीम की सराहना की है और उन्हें जीत की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो संदेश पोस्ट कर कहा कि हमें भारतीय टीम पर गर्व है। उन्होंने लिखा, चैंपियंस! हमारी टीम स्टाइल में टी20 वर्ल्ड कप घर लेकर आई! हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है। यह मैच ऐतिहासिक था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए ट्वीट पर लिखा कि जीतने की आदत जो है, आप पर गर्व है। जय हो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर लिखा, आज मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने शानदार प्रदर्शन रहा। कोहली ने अपने जीवन की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक पारी खेली है। टीम इंडिया को इस शानदार जीत पर बधाई।

सीएम केजरीवाल को नहीं मिली जमानत

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शनिवार को यहां की एक अदालत ने 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध करते हुए कहा कि जांच और न्याय के हित में उनकी हिरासत जरूरी है। याचिका मंजूर करते हुए विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने कहा कि केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश किया जाए। अदालत के विस्तृत आदेश का इंतजार है।

सड़क दुर्घटनाओं में 12 लोगों की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हुए अलग-अलग जगह पर सड़क दुर्घनाओं में लगभग 12 लोगों की मौत हो गयी और 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में गंज मुरादाबाद के पास हरदोई की ओर से आ रही एक बस ने एक ऑटो में टक्कर मार जिससे चार लोगों की मौत हो गयी एवं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ स्थित पाल होटल के पास हाईवे पर पिकप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको उपचार के लिए पास के अस्पताल भेजा गया है। आरोपी चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। पुलिस खोजबीन में जुट गई है।

महाराजगंज में पनियरा क्षेत्र में एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार दो श्रमिकों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि काम करने सिद्धार्थनगर जा रहे मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन पनियरा के बभनौली जंगल गांव के पास शुक्रवार की रात अनियंत्रित होकर पलट गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में देवरिया निवासी रियासत अली (45) ...शेष पृष्ठ 14 पर

> ❍ उन्नाव में सात, कौशांबी में 2 व महाराजगंज में दो की मौत

लद्दाख में अचानक आयी बाढ़, पांच सैन्यकर्मी डूबे

प्रधानमंत्री मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह समेत सभी नेताओं ने जताया दुख

एजेंसी

नयी दिल्ली/लेह। पूर्वी लद्दाख में एक टैंक को श्योक नदी पार कराने की कोशिश के दौरान सेना के पांच जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, खरगे समेत सभी नेताओं ने दुख जताया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हादसे के बाद, सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिये शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा लद्दाख में एक टैंक को नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के हमारे पांच बहादुर जवानों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। उन्होंने कहा हम अपने वीर जवानों द्वारा देश के लिए की गई अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। सिंह ने कहा, दुख की इस घड़ी में राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि जब यह दुर्घटना हुई तब सैनिक टैंक को नदी पार कराने का प्रयास कर रहे थे। सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने कहा 28 जून, 2024 की रात एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के बाद, पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा के निकट श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक फंस गया। इसने कहा बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव और अधिक जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हो सका और टैंक के चालक दल के सदस्यों की जान चली गई। इसने एक्स पर कहा, भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख में अभियानगत तैनाती के दौरान पांच बहादुर जवानों की मौत की घटना पर शोक व्यक्त करती है। बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में मारे गए सैनिक भारतीय सेना की बख्तरबंद रेजिमेंट के थे। उन्होंने कहा कि बर्फ पिघलने से श्योक नदी का जलस्तर बढ़ गया है और यह नदी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देपसांग क्षेत्र से होकर गुजरती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लद्दाख में अचानक आई बाढ़ में सैनिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि पूरा देश उनके परिवारों के साथ है। पूर्वी लद्दाख में एक टैंक को श्योक नदी पार कराने की कोशिश के दौरान सेना के पांच ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर मध्य यूरोपीय राष्ट्र वियेना की यात्रा करने वाले दूसरे प्रधानमंत्री होंगे नरेंद्र मोदी

41 साल बाद भारतीय पीएम का ऑस्ट्रिया दौरा

एजेंसी

नई दिल्ली। कूटनीति के लिहाज से जुलाई का दूसरा हफ्ता बेहद अहम रहने वाला है। इस दौरान 3 और 4 जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक होगी। वहीं 8 से 10 जुलाई तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो देशों की यात्रा पर होंगे। इस दौरान वे रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। खास बात यह होगी कि 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद वियना जाने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। विदश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस में व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वियना के लिए रवाना होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

41 साल से अधिक समय में मध्य यूरोपीय राष्ट्र ऑस्ट्रिया की यात्रा करने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी ने आस्ट्रिया, वियना का दौरा किया था। इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विदेश मंत्री जयशंकर भी शामिल होंगे। ऑस्ट्रिया में भारत के राजदूत शंभू कुमारन के मुताबिक भारत और आस्ट्रिया दोनों देश वर्तमान में द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना का 60वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच स्टार्टअप और हाई-टेक क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। इस साल की शुरूआत में जब विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रिया गए थे, तो यह 23 साल में किसी भारतीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

उत्तर भारत में भारी बारिश का अलर्ट

उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, उत्तर प्रदेश व राजस्थान समेत कई राज्यों में बरसेंगे मेघ

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार से पांच दिन में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान शनिवार को व्यक्त किया। मौसम विभाग ने कहा कि वर्तमान में कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है, जो उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों के करीब है। आईएमडी ने कहा है कि पूर्वोत्तर राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश के पूर्व, उत्तर-पश्चिम में निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हुआ है। उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिम हिस्से से निम्न दबाव वाले क्षेत्र की एक प्रणाली बन गई है। आईएमडी ने कहा कि मौसम की इन प्रणालियों के कारण 29 जून से तीन जुलाई तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी क्षेत्र, झारखंड और ओडिशा में 29-30 जून को और बिहार ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

भाजपा कार्यसमिति की बैठक 14 जुलाई को

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 14 जुलाई को लखनऊ में होगी। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों की संदर्भ में शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बैठक कर चर्चा की। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उत्तर प्रदेश से केन्द्रीय पदाधिकारी, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्षों सहित अन्य प्रमुख जन सम्मिलित होगें। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, अभियानों व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

सपा प्रतिनिधिमंडल कल जायेगा आगरा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 1 जुलाई को जनपद आगरा जायेगा। जनपद आगरा के ग्राम रूपधनु थाना बरहन क्षेत्र के निवासी संजय कुमार व प्रमोद कुमार दोनों सगे भाइयों ने पुलिस उत्पीड़न के कारण फांसी लगाकर अत्महत्या कर ली जिसकी जांच एवं जानकारी लेने तथा शोकाकुल परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम रूपधनु आगरा पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण हैं मुकेश वर्मा विधायक, उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, रामसहाय यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उप्र, महाराज सिंह धनगर प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उप्र/पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, श्रीकृष्ण वर्मा जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी आगरा, वाजिद निसार महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी आगरा, राकेश बघेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आगरा, वीरेन्द्र सिंह चौहान पूर्व विधान सभा प्रत्याशी, डा. राजीव यादव राष्ट्रीय सचिव समाजवादी शिक्षक सभा, सुरेन्द्र चौधरी जिला महासचिव समाजवादी पार्टी आगरा एवं डा. शिवराम यादव पूर्व जिला महासचिव समाजवादी पार्टी आगरा।

शिक्षक की समाज में विशिष्ट भूमिका : योगी

शिक्षकों को नित नवीन अनुसंधान करते हुए कक्षा पाठ को विद्यार्थियों के लिए अनुकूल बनाने पर ध्यान देना चाहिए

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक शिक्षक केवल स्कूल के लिए निर्धारित समय के लिए ही शिक्षक नहीं होता। कैरियर के रूप में शिक्षा क्षेत्र का चयन करने के बाद शिक्षक के रूप में समाज में उसकी विशिष्ट भूमिका रहती है। विद्यार्थियों के लिए कक्षा को रोचक बनाने के लिए नये-नये उपाय अपनाने का सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नित

- मुख्यमंत्री ने सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के शिक्षक स्वागत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया

नवीन अनुसंधान करते हुए कक्षा पाठ को विद्यार्थियों के लिए अनुकूल बनाने पर ध्यान देना चाहिए, जिससे वह उसे सहजता से आत्मसात कर सकें।

मुख्यमंत्री शनिवार को सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के शिक्षक स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कीजिए। प्रत्येक विद्यार्थी में एक जैसी क्षमता नहीं होती। जिस विद्यार्थी में जितनी क्षमता है, उससे उतनी ही उम्मीद करनी चाहिए। विद्यार्थियों की क्षमता का आकलन करते हुए मानवीयता के साथ चरणबद्ध तरीके से उसमें अभिवृद्धि करनी चाहिए। शिक्षकों का सबसे पहला गुण मानवीयता का होना है। उन्होंने कहा कि आज उन्हें इस समारोह में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त हुआ है। शिक्षकों का सम्मान वर्तमान व भावी जीवन का सम्मान है, क्योंकि शिक्षक वर्तमान हैं तथा भावी पीढ़ी के भविष्य का निर्माण इनके हाथों से हो रहा है। ऐसे शिक्षकों के सम्मान का अवसर प्राप्त होना किसी भी व्यक्ति के लिए गौरव की बात होती है। मुख्यमंत्री ने सीएमएस के संस्थापक प्रबंधक स्व. डॉ. जगदीश गांधी द्वारा समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान का स्मरण करते हुए कहा कि जब वह सीएमएस के संस्थानों में जाते हैं, तो डॉ. गांधी के विनम्र, जुझारू और विराट व्यक्तित्व का स्मरण सहज ही हो जाता है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में कभी हिम्मत नहीं हारी। वह मानवीय संवेदनाओं के साथ लगातार कार्य करते रहे। जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उससे जुड़ी स्मृतियों के कारण हम शोक व्यक्त करते हैं। यह स्वाभाविक भी है, लेकिन मृत्यु जीवन का शाश्वत सत्य है। जब मृत्यु होगी, तभी जन्म होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम

में उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जिसे शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को जानने का अवसर न प्राप्त हुआ हो। आप सभी के पास इन समस्याओं का समाधान है। आप सभी को इन समस्याओं का समाधान प्राप्त करने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। जीवन में सफलता भाग्यवश प्राप्त नहीं होती। सफलता व्यक्ति के परिश्रम पर निर्भर करती है। जो व्यक्ति जितना अधिक परिश्रम करेगा उसके परिणाम उतने ही अधिक सुखद होंगे। इससे व्यक्ति को अंतःकरण की खुशहाली प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री ने अपने विद्यार्थी जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि उनके समय में कोई कठिन पाठ, गणित और फिजिक्स के फार्मूले रटाए नहीं जाते थे, बल्कि सरल लोकोक्तियों व उदाहरणों के माध्यम से आत्मसात कराये जाते थे। यदि कोई विद्यार्थी कठिन व विपरीत परिस्थितियों में धैर्य नहीं खोता तथा सफलता व असफलता की चिन्ता किए बिना आगे बढ़ने का जज्बा रखता है, तो दुनिया की कोई ताकत उसे लक्ष्य प्राप्त करने से रोक नहीं सकती। आपको इसी प्रकार के जुझारू विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएमएस संस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। इस संस्था के पास एक अनुभवी लीडरशिप है। स्व. डॉ. गांधी व डॉ. भारती गांधी ने लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से दिशा पकड़ी। इसके पश्चात इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र का चयन किया। आज हजारों परिवार अपने बच्चों को बेझिझक सीएमएस संस्थानों में अध्ययन के लिए भेजते हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि जो शिक्षा यहां प्रदान की जाएगी वह उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्व भूमिका का निर्वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. भारती गांधी सीएमएस संस्था के संस्थापकों में से एक हैं। इन्होंने स्वयं अभाव में रहकर, आज से 65 वर्ष पूर्व जनपद अलीगढ़ से प्रदेश की राजधानी लखनऊ आकर शिक्षा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाते हुए हजारों लाखों लोगों के जीवन को उज्ज्वल बनाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया तथा स्व. डॉ. गांधी के साथ मिलकर सीएमएस संस्था की स्थापना की। आज डॉ. गांधी हमारे बीच में नहीं हैं, इसके बावजूद डॉ. भारती गांधी ने जुझारूपन से लगातार सीएमएस को सम्बल देकर नयी उंचाई तक पहुंचाया है। आज प्रदेश की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में सीएमएस का अलग मुकाम है। यह संस्था डॉ. गांधी की स्मृतियों को बनाये रखते हुए मजबूती के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम के तत्काल पश्चात प्रदेश की यूपी बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की मेधावी सूची स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना है। इसमें सीएमएस संस्थानों से जुड़े विधार्थियों की भी बड़ी संख्या है। इन मेधावी विद्यार्थियों ने आप सभी के सानिध्य में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

अखिलेश के जन्मदिन पर कार्यकर्ता प्रदेश में करेंगे पौधरोपण

लखनऊ। सपा द्वारा 01 जुलाई से 07 जुलाई तक प्रदेशव्यापी पीडीए पेड़ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के प्रत्येक गांव में किया जाएगा। यह प्रदेशव्यापी कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलेगा। समाजवादी पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता मिलकर उत्तर प्रदेश के हर गांव में पीडीए पेड़ लगाएंगे। पीडीए पेड़ के रूप में बरगद, पीपल और नीम का पौधारोपण किया जाएगा। जो पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता-समता की प्राणवायु हर दिन देंगे।वर्तमान में हर तरफ फैले हुए तरह-तरह के प्रदूषण को दूर करने के लिए आवश्यकता पेड़ की है, शाखाओं की नहीं। जब पौधे की जड़ें जमीन पकड़ लेती हैं तो शाखाएं, पत्तियां, फूल, फल सब अपने आप प्राप्त होता है। वे शाखाएं अप्राकृतिक होती हैं जिनकी न तो जड़ों का पता होता है, और न ही इस बात का कि उनका फल किसको मिल रहा है। इसीलिए आवश्यकता जमीन से जुड़ें पेड़ों की है, मनुष्य निर्मित शाखाओं की नहीं।

आर्थिक विकास के लिए शहरों में गठित होंगे क्षेत्र विकास प्राधिकरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी सरकार शहरों में आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए क्षेत्र विकास प्राधिकरणों का गठन करने जा रही है। शासन स्तर पर इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में बड़े-बड़े विकास प्राधिकरणों को मिलाकर एक क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। पूर्व में चल रहे विकास प्राधिकरण वैसे ही चलते रहेंगे।

उदाहरण के लिए वाराणसी और प्रयागराज को मिलाकर एक नए क्षेत्र विकास प्राधिकरण बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इसी तरह भविष्य में अयोध्या और देवीपाटन मंडल के विकास प्राधिकरण को मिलाकर इसका गठन किया जाएगा। यूपी सरकार चाहती है कि प्रदेश के हर 200 से 400 किलो मीटर के दायरे में एक औद्योगिक हब और नॉलेज पार्क हो। इससे शहरों की आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और युवाओं को रोजगार मिलने का रास्ता साफ होगा।

औद्योगिक क्षेत्रों में कंपनियों को उद्योग लगाने के लिए भूमि दी जाएंगी और नॉलेज पार्क में देश के साथ ही विदेशी संस्थाओं को कॉलेज व विश्वविद्यालय खोलने के लिए भूमि दी जाएगी। आवास विभाग का मानना है कि इससे शहरों का तेजी से विकास तो होगा ही साथ में युवाओं को अच्छे संस्थानों में पढ़ाई का मौका मिलेगा और वहीं पर नौकरी पाने की संभावना भी बढ़ेगी। प्रदेश में मौजूदा समय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थानों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। प्रदेश के विकास प्राधिकरणों के पास मौजूदा समय भूमि की कमी हो गई है। क्षेत्र विकास प्राधिकरण बनने के बाद दोनों के शहरों के बीच में टाउनशिप लाने के लिए भूमि पर्याप्त मात्रा में मिलने का रास्ता साफ होगा। शहरी ट्रांसपोर्ट में नगरीय बस सेवा और मेट्रो रेल की वजह से लोगों को आने-जाने की बेहतर सुविधाएं मिली हैं। इसीलिए दो शहरों के बीच बड़ी टाउनशिप योजना आने के बाद लोगों को इसमें मकान बनाने के साथ ही व्यवसायिक गतिविधियां करने की सुविधा मिलेगी और वे इसमें लेना भी पसंद करेंगे।

भारत युद्ध नहीं, बुद्ध की भूमि : गजेंद्र शेखावत

'एशिया-यूरोप के पर्यटक एक बार अवश्य करें बौद्ध स्थल का दर्शन' : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बोधि यात्रा आयोजन के लिए यूपी पर्यटन विभाग का आभार जताया। उन्होंने कहा 'भारत युद्ध की नहीं, बुद्ध की भूमि है'। इसी पवित्र भूमि ने समूची दुनिया को सत्य, अहिंसा, दया और करुणा का संदेश दिया। मंत्री ने कहा

- पीएम की पर्यटन से जुड़ी कल्पनाओं को धरातल पर उतार रहा यूपी

कि, भारत विविधताओं वाला देश है। यहां पर्यटन की सभी अपेक्षाओं को पूरा करने की क्षमता भारत में है। प्रधानमंत्री ने देश में विभिन्न टूरिस्ट सर्किट बनाने की कल्पना की थी। उसमें पहला सर्किट बुद्ध सर्किट है।

यूपी पर्यटन विभाग की ओर से नई दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित 'बोधि यात्रा' के दौरान शेखावत अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस मौके पर

यूपी के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम व विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों के साथ-साथ कई विभागों के सचिव और मुख्य सचिव की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत के साथ अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संवाद सत्र में पर्यटन के दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश में बौद्ध विरासत स्थलों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने के प्रयासों पर सार्थक चर्चा हुई। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'बोधि यात्रा' का उद्देश्य राज्य में बौद्ध विरासत और तीर्थ स्थलों की झलक पेश करना है। उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध और बौद्ध धर्म से जुड़े कई प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। यूपी प्रारंभिक बौद्ध धर्म का केंद्र रहा है। यहीं से बौद्ध धर्म का विस्तार दुनिया के बाकी हिस्सों में हुआ। बौद्ध धर्म को मानने वाले श्रद्धालु, पर्यटक प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश-दुनिया से उत्तर प्रदेश आते हैं। बोधि यात्रा बुद्ध के जीवन, अनुभव और उपदेशों के महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत करना है। जयवीर सिंह बोले, कि सौभाग्य से भगवान बुद्ध के जन्म से लेकर शिक्षा, ज्ञान प्राप्तिए उपदेश एवं धार्मिक जनजागृति के अभियान एवं महापरिनिर्वाण (मृत्यु) तक के सभी स्थल उत्तर प्रदेश में ही अवस्थित हैं। लुम्बिनी भारत की सीमा से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो बुद्ध की जन्मस्थली है। इनके जन्म के उपरान्त पिता शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु आ गई जो उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद में स्थित है। वह कपिलवस्तु से ही वैराग्य जीवन में आ गए। ज्ञान प्राप्ति के उपरान्त उन्होंने पहला उपदेश सारनाथ में दिया।

जनता से जुड़े मुद्दे पर मोदी सरकार ने चुप्पी साधी : प्रमोद तिवारी

लददाख में एलएसी के समीप अचानक बाढ़ में देश के पांच सैनिकों की शहादत को को किया नमन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लददाख में एलएसी के समीप अचानक बाढ़ में देश के पांच सैनिकों की शहादत को देश के प्रति कर्तव्य निर्वहन में अविस्मरणीय तथा अतुलनीय सेवा कहा है। उन्होनें संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में एक अभ्यास के दौरान लेह में टैंक के बाढ़ में फंस जाने से जेसीओ समेत पांच सैनिकों के बलिदान को नमन करते हुए सरकार से वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिजनों को असाधारण पेंशन समेत जीविकोपार्जन से जुड़ी समस्त महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान किये जाने को कहा है।

उन्होनें कहा कि संसद के मौजूदा सत्र में भी युवाओं व छात्रों के भविष्य से खिलवाड को लेकर मोदी सरकार का गैरजिम्मेदाराना चेहरा बेनकाब हुआ है। उन्होनें कहा कि मोदी सरकार इस कार्यकाल में भी संसदीय परम्पराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर तानाशाही की पराकाष्ठा पर आ पहुंची है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे लाखों मेधावी छात्रों के भविष्य से जुडे नीट मे घोटाले को लेकर सरकार का गंभीर मुददे पर विपक्ष की ओर से ध्यान आकृष्ट कर रहे थे। ऐसे में उन्होनें कहा कि सरकार देश के सामने इस धांधली पर नैतिक रूप से भी जबाबदेही लेने को तैयार नही हुई।

राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि नीट में एनडीए सरकार के यूपी से विधायक की संलिप्तता के साथ सरकार के एक मंत्री का विधायक के द्वारा नौकरियां उपलब्ध कराने का बयान भी इस मामले में व्यापक अनियमितता का खतरनाक संकेत है। उन्होने कहा कि विपक्ष लोकसभा

चुनाव में जनता के मुददे पर सरकार की जबाबदेही सुनिश्चित करने के लिए संसद से सड़क तक अपनी भूमिका से एक इंच पीछे नहीं हटेगा। उन्होने कहा कि दिल्ली में टर्मिनल-1 में छत गिरने से आठ लोग गंभीर रूप से घायल तथा एक की दर्दनाक मौत हो गयी। उन्होने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय हवाई अडडे की छत गिरने से भी मोदी सरकार में लापरवाही तथा भ्रष्टाचार की एक और कलई खुल गयी।

उन्होने कहा कि अर्न्तराष्ट्रीय हवाई अडडे की छत गिरने से देश की प्रतिष्ठा पर भी आंच आयी है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि अयोध्या में गर्भगृह के सामने की छत में रिसाव होने के बाद राम पथ के भी धंसने की अनियमितता उजागर हुई है। उन्होने कहा कि सरकार ने खुद की जिम्मेदारी से बचने के लिए कुछ अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई कर श्रीराम मंदिर से जुडी आस्था के साथ विश्वासघात किया है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि एनडीए के शासनकाल में बिहार में इससे पहले तीन तीन पुल के भी ढह जाने से मोदी सरकार के भ्रष्टाचार और घोटालों से सरकार के चेहरे पर बदनुमा दाग मिटने वाला नही है। वही विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि अपने पिछले कार्यकाल में प्रधानमंत्री ने नमस्ते ट्रंप के जरिए कोरोना की बीमारी को देश में फैलने से गैरजिम्मेदारानापन दिखाया था। उन्होने कहा कि पीएम जिस अमेरिका को खुश करने के लिए नमस्ते ट्रंप बोल रहे थे। वही अमेरिका आज अपनी एक रिपोर्ट में भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर उंगली उठाने की हिमाकत कर रहा है। उन्होनें कहा कि भाजपा की एनडीए सरकार घरेलू तथा वैदेशिक दोनों पटलो पर असफलता के साथ देश की छवि पर लगातार कुठाराघात कर रही है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को अपने लखनऊ स्थित मंत्री आवास पर टेम्पल ट्रेजर्स ए जर्नी थ्रू टाइम नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने पुस्तक के लेखक अमित अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक देश के प्राचीन मंदिरों और उनके ऐतिहासिक खजानों के बारे में गहरी जानकारी प्रदान करेगी।मंत्री ने कहा कि यह पुस्तक न केवल प्राचीन भारतीय संस्कृति और धरोहर को जानने का माध्यम बनेगी, बल्कि नई पीढ़ी को हमारे समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति जागरूक करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि 'टेम्पल ट्रेजर्स ए जर्नी थ्रू टाइम' शोधकताओं, इतिहासकारों और मंदिर प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी। पुस्तक विमोचन के अवसर पर रमेश चंद्र अग्रवाल और डॉ. मुकुल चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

विकास निधि के 12 अरब 27 करोड़ 50 लाख रुपये मंजूर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि हेतु वर्ष 2024-25 में विधान सभा के 403 में से 393 (10 विधान सभा सीट रिक्त है) सदस्यों हेतु 98250.00 लाख जीएसटी सहित (नौ अरब बयासी करोड़ पचास लाख मात्र, जीएसटी सहित) की धनराशि तथा विधान परिषद के 100 में से 98 (02 स्थान रिक्त हैं) सदस्यों हेतु 24500.00 लाख जीएसटी सहित (दो अरब पैंतालीस करोड़ मात्र, जीएसटी सहित) की धनराशि अर्थात विधान मण्डल के कुल 491 (393+98) सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त के रूप में 250.00 लाख रुपये (जीएसटी सहित) की दर से कुल 122750.00 लाख रुपये जीएसटी सहित (बारह अरब सत्ताईस करोड पचास लाख मात्र, जीएसटी सहित) की धनराशि को अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिद्धांतों में उल्लिखित व्यवस्था/प्राविधानों तथा इस निमित्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार ही किया जाये।।

बिल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने विद्युत कार्मिकों को निर्देशित किया है कि बरसात में विद्युत आपूर्ति बहाल रहे, सभी विद्युत कार्मिक सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। मानसून में अंधेरा रहने से नागरिकों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सभी कार्मिक उपभोक्ताओं द्वारा दी गई जानकारी एवं शिकायतों को त्वरित संज्ञान लेकर समस्याओं का समाधान करेंगे।

बरसात में विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर सुरक्षा में लगी जाली, हरे पेड़ों और शाखाओं में विद्यतु करंट उतरने की संभावना रहती है, इसके लिए लोगों को जागरूक भी करें, जिससे कि किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना से होने वाली जनहानि व पशुहानि को बचाया जा सके। सभी कार्मिक अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करेंगे कि बरसात में विद्युत उपकरणों को छूने से बचें और उनसे उचित दूरी बनाकर रहें। ऊर्जा मंत्री ने सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की विद्युत

- बरसात में नागरिक विद्युत उपकरणों को न छूयें
- विद्युत उपकरणों में उतरने वाले करंट को रोकने के लिए उचित समाधान किया जाय
- विद्युत चोरी को रोकने के लिए निरंतर अभियान चलायें
- उपभोक्ताओं को समय से विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करायें : ऊर्जा मंत्री

दुर्घटनाओं से बचने के लिए बरसात में विद्युत उपकरणों के सम्पर्क में आने से बचें।ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि मानसून के दौरान तेज बारिश होने, आंधी-तुफान आने, पेड़ों की शाखाओं का विद्युत तारों में छू जाने से विद्युत व्यवधान हो सकता है, जिसका त्वरित संज्ञान लेकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का कार्य करेंगे। उन्होंने विद्युत कार्मिकों को निर्देशित किया है कि विद्युत उपकरणों में उतरने वाले करंट को रोकने के लिए उचित समाधान करें। विद्युत तारों को छूने वाली शाखाओं की भी छटनी की जाए, जिससे विद्युत स्पार्किंग को रोका जा सके और निर्बाध विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न हो।ऊर्जा मंत्री ने विद्युत चोरी को रोकने के लिए निरंतर अभियान चलाने के निर्देश दिए। उपभोक्ताओं को समय से बिल उपलब्ध कराया जाए, सही बिलिंग में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। उपभोक्ताओं को समय से अपना बिल जमा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन देने में हीला-हवाली न की जाए, नियमानुसार सभी को समय से विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करायें।

कार्यों के प्रति लापरवाही और उदासीनता स्वीकार नहीं : शर्मा

बरसात में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नाले/नालियों की नियमित रूप से सफाई करायें

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निकायों के सभी अधिकारियों और

- बरसात में नागरिकों को जलभराव, गंदगी जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े
- नाले/नालियों के चोक प्वाइंट की लगातार निगरानी की जाए
- संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एण्टी लार्वा, चूना और फॉगिंग आदि की व्यवस्था करें

कर्मचारियों को अपने कार्यों के प्रति सतर्क करते हुए कहा है कि प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। सभी निकाय कार्मिकों के लिए यह समय परीक्षा की घड़ी का है, इसके लिए पूरी तत्परता और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। बरसात में शहरों में कहीं पर भी जलभराव और गंदगी न होने पाये, नाले/नालियों की सफाई के साथ ही दैनिक सफाई पर भी सभी मुस्तैदी से कार्य करेंगे। कहीं पर भी नाले/नालियां चोक न होने पायें। सफाई के दौरान नाले-नालियों से निकली सिल्ट एवं कचरे को सीघ्र हटाया जाए। नियमित रूप से सभी अधिकारी सफाई कार्यों की मॉनीटरिंग करें। जलभराव और गंदगी वाले स्थानों पर संचारी रोगों और मच्छरजनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि फैलने की संभावना न बने, सभी निकाय इसके लिए आवश्यक दवाओं, एण्टी लार्वा, चूना और फॉगिंग आदि की व्यवस्था कर लें, जहां पर भी आवश्यक हो शीघ्र ही उपयोग में लाया जाए। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बरसात में जलभराव की

समस्या से निपटने के लिए नाले/नालियों की सफाई नियमित रूप से करायी जाए। नाले/नालियों के चोक प्वाइंट की लगातार निगरानी की जाए। साथ ही लोगों को नाले/नालियों में कूड़ा-कचरा आदि न डालने के लिए भी जागरूक किया जाए। उन्होंने ने भी नागरिकों से अपील की है कि शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग प्रदान करें। कूड़ा-कचरा, पॉलीथीन आदि नाले-नालियों में न फेंके, जिससे पानी के बहाव में अवरोध पैदा हो। उन्होंने निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत खाली प्लाटों में होने वाले जलभराव, गंदगी और कूड़ा भरा होने की स्थितियों का भी गम्भीरता से संज्ञान लेने को कहा। ऐसे प्लाट के मालिकों से सम्पर्क कर समस्या का समाधान करने, जिससे वहां पर गंदगी और जलभराव से संचारी रोगों के फैलने की सम्भावना न बने।नगर विकास मंत्री ने जलभराव से निपटने के लिए बाढ़ पम्पिंग स्टेशनों और सीवर पंम्पिंग स्टेशनों के चालू हालात में रखने को कहा, जिससे कि बारिश के पानी को जल्द से जल्द निकाला जा सके और सड़कों, गलियों व लोगों के घरों में गंदा पानी न भरे और चारों तरफ गंदगी न फैले। उन्होंने सीवर लाइनों के बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे व नालियों को भी कार्य पूरा होने पर सीघ्र ही भरने को कहा, जिससे कि बरसात में लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सफाई के लिए नालों के ऊपर से हटाये गये स्लैब को फिर से उसी प्रकार नाले के ऊपर रखकर ढकने का भी कार्य करें, जिससे खुले नाले से किसी भी प्रकार की दुर्घटना न होने पाये। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों के व्यवस्थापन पर भी ध्यान दें। बरसात में सड़कों व गलियों में अंधेरा रहने से लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

वेलनेस सिटी में शिफ्ट होगी अमीनाबाद की मेडिसिन मार्केट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुलतानपुर रोड पर प्रस्तावित वेलनेस सिटी में अमीनाबाद की सबसे बड़ी मेडिसिन मार्केट भी शिफ्ट होगी।

यहां चिकित्सीय मामलों से जुडा एक छोटा शहर होगा, जहां बीमारियों के निदान से लेकर इलाज तक मिलेगा। सभी बड़ी फ र्मा कंपनियों के गोदाम

दवा बाजार में होंगी 24 से 60 मीटर चौड़ी सड़के

और आउटलेट यहां होंगे। कई मेडिकल कॉलेज और चिकित्सा संस्थान भी चंद किमी के दायरे में होंगे। एलडीए की इस योजना को कमिश्नर रोशन जैकब ने प्रार भिक मंजूरी दे दी है। अब बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। वेलनेस सिटी में 110 एकड़ सिर्फ मेडिकल कॉलेज और संस्थानों आदि के लिए छोड़ा जा रहा है। कई चिकित्सा जगत की प्रतिष्ठित संस्थाएं यहां मेडिकल कॉलेज बनाएंगी। एलडीए के ही एक अन्य अधिकारी ने

बताया कि वेलनेस सिटी में एम्स लाने का प्रयास भी होगा। टेंडर खुलेगा तो सामने आएगा कि कितनी संस्थाएं यहां आने की इ'छुक हैं। सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बक्कास चैरहिया, चैरासी, मलूकपुर, दुलारमऊ एवं नूरपुर बेहटा की करीब 1474 एकड़ जमीन पर वेलनेस सिटी बनेगी। इसे मेडिसिटी की तरह विकसित किया जाएगा। इस योजना में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, डायग्नोस्टिक सेंटरए मेडिटेशन सेंटर आदि होंगे। ए बुलेंस और अन्य वाहन बिना अड़चन डायग्नोस्टिक सेंटर या अस्पताल पहुंच सकें। इसका भी वेलनेस सिटी योजना में ध्यान रखा गया है। यहां 24 से 60 मीटर चौड़ी सड़कें होंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से महज आधा किलोमीटर दूरी पर इस योजना की कनेक्टिविटी कई स्थानों से होगी। योजना में सप्त ऋषियों के नाम से सात सेक्टर बनाए जाएंगे। यहां 112 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 2935 आवासीय भूखण्ड के साथ ही ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक उपयोग के बड़े भूखण्ड होंगे।

एसी टिकट बुक कराने पर मैसेज में आयेगा बस नम्बर

लखनऊ। एसी बसों में ऑनलाइन सीट बुक कराने वाले यात्रियों के मोबाइल नंबर पर बस रवाना होने के दो घंटे पहले मैसेज आएगा। यात्री के मोबाइल फोन के मैसेज बाक्स में बस श्रेणी, ड्राइवर-कंडक्टर फोन नंबर, बस नंबर, हेल्पलाइन नंबर 18001802877 भेजा जाएगा। इससे रोज 600 से ज्यादा एसी बसों से करीब 12 से पंद्रह हजार यात्रियों को राहत मिलेगी। रोडवेज बस में ऑनलाइन सीट बुकिंग कराने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। अभी तक यात्रियों के मोबाइल नंबर पर सीट बुकिंग का मैसेज आता था। अब यात्रियों के मोबाइल नंबर पर एसी बस का नंबर के साथ ड्राइवर और कंडक्टर का भी नंबर मैसेज के जरिए भेजा जाएगा। एक जुलाई से शुरू होने वाली व्यवस्था को लेकर आईटी सेल की ओर से तैयारी पूरी हो गई है। इससे यात्रियों को बस अड्डे पर यह पता चल सकेगा कि किस बस में बैठकना है और कौन बस कहा पर खड़ी है।

आवास विकास परिषद के अभियंताओं का तबादला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप्र आवास विकास परिषद में अभियन्ताओं के बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। कई जोन के अधीक्षण और अधिशासी अभियंता बदले गए हैं। सहायक और अवर अभियंताओं के तबादले हुए हैं। आवास आयुक्त ने शनिवार को सभी के तबादला आदेश जारी कर दिए गए। सहायक अभियंता अरविंद कुमार को निर्माण खंड आगरा -2 से रूहेलखंड 3, वीरेंद्र कुमार गौड़ को वाराणसी-1 से रूहेलखंड 2, गौतम कुमार को लखनऊ 09 से मेरठ-1, राम जनम प्रसाद को प्रयागराज -1 से गुण नियंत्रण एवं परिकल्पना खंड दो लखनऊ, सुरेंद्र प्रसाद को निर्माण खंड 2 से गोरखपुर निर्माणखंड 2, हवलदार को निर्माण खंड अयोध्या 1 से गुणवत्ता नियंत्रण परिकल्पना खंड 3 गाजियाबाद, नंद किशोर को प्रयागराज 2 से निर्माण खंड रुहेलखंड 1 व 2, हेमंत कुमार बागपत 2 से मेरठ 2, राजेंद्र नाथ राम निर्माण खंड लखनऊ 13 से निर्माण खंड गोरखपुर 1, मिश्री लाल को निर्माण खंड अयोध्या 1 से निर्माण खंड कानपुर 2 में अधिशासी अभियंता के रिक्त पदों पर तबादले किए गए हैं। यह सभी अगले आदेश तक प्रभारी अधिशासी अभियंता का काम देखेंगे। सहायक आवास आयुक्त केशव राम को जोनल आयुक्त बरेली पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है। सहायक अभियंता निर्माण खंड कानपुर 2 में तैनात विनोद कुमार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय अयोध्या भेजा गया है। अमन त्यागी अधिशासी अभियंता निर्माणखंड गाजियाबाद 2 को निर्माण खंड अयोध्या 1, अभिषेक नाथ तिवारी को निर्माण खंड 5 लखनऊ से निर्माण खंड अयोध्या 4, अभिषेक वर्मा को निर्माण खंड अयोध्या 4 से निर्माण खंड प्रयागराज 2, विकास गौतम को निर्माण खंड बुंदेलखंड 2 से गाजियाबाद 2 में इसी पद पर स्थानांतरित किया गया है। निखिल माहेश्वरी अधिशासी अभियंता निर्माण खंड कानपुर 3 को निर्माण खंड गाजियाबाद 1 स्थानांतरित किया गया है। इन्हें अधीक्षण अभियंता गाजियाबाद 3 का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रशांत वर्धन अधिशासी अभियंता निर्माण खंड वाराणसी 1 को अधीक्षण अभियंता वाराणसी वृत्त के साथ अग्रिम आदेशों तक अधिशासी अभियंता निर्माण खंड वाराणसी 1 का भी दायित्व सौंपा गया है। नीरज कुमार अधिशासी अभियंता रूहेलखंड 1 को अधीक्षण अभियंता प्रयागराज का दायित्व सौंपा गया है। इसके लिए अतिरिक्त वेतन भत्ता देय नहीं होगा। किसी समय बिना कारण बताए अधीक्षण अभियंता का दायित्व वापस लिया जा सकता है। मनोज चंद्र सहायक अभियंता निर्माण खंड प्रयागराज 2 को मुख्यालय स्थानांतरित किया गया है।

23 अवर अभियंताओं के कार्यक्षेत्र बदले

आवास विकास मुख्यालय में तैनात अवर अभियंता सिविल के 21 तथा विद्युत के 2 समेत 23 अवर अभियंताओं के तबादले किए गए हैं। अवर अभियंता विद्युत भूपलाल को विद्युत खंड प्रथम लखनऊ से विद्युत खंड द्वितीय गाजियाबाद, निहाल साहू को ग्लोबल सेल लखनऊ से विद्युत खंड तृतीय कानपुर पद पर भेजा गया है। मु यालय में तैनात अमित कुमार मौर्य को मु यालय से निर्माण खंड लखनऊ 8 ,राहुल कनौजिया को अनुरक्षण मुख्यालय, कुंदन कुमार को निर्माण खंड 9, मयंक कुमार को मु यालय से बागपत 2, नकुल शर्मा को निर्माण खंड बागपत 3, शुभम कुमार यादव को निर्माण खंड लखनऊ 6, विमल कुमार को लखनऊ 7, सुजीत सिंह को कानपुर 3, मोहित कुमार ओझा को मुख्यालय से गुणवत्ता नियंत्रण इकाई लखनऊ, प्रशांत तिवारी को कानपुर 3, देवेश प्रताप को सिंह को मेरठ 4 से लखनऊ 6, अरुण पटेल को कानपुर 3 से लखनऊ 10, राजीव वर्मा को आगरा 2 से मेरठ 4, शिवपूजन को कानपुर 1 से भूमि अर्जन लखनऊ, रमेश कुमार पटेल को अयोध्या 3 से बुंदेलखंड.1, हेमंत कुमार को बुंदेलखंड 1 से अयोध्या 3, अमित राज शिवमूर्ति पाल को अयोध्या 1 से रूहेलखंड.1, सत्येंद्र हयांकी को रूहेलखंड.1 से रूहेलखंड.4, अरुण कुमार को रूहेलखंड 1 से अयोध्या 1, आशीष शर्मा को रूहेलखंड 4 से रूहेलखंड 1, रामकृष्ण गुप्ता को गाजियाबाद 1 से बागपत 1 के लिए स्थानांतरित किया गया है।

35 व्यापारी भामाशाह जयंती पर हुए सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। व्यापारियों ने कोविड के समय भोजन पानी आदि की व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई है यही दानवीरता है। इसके साथ ही व्यापारी प्रदेश और देश में कोई भी आपदा आती है तो जनता की मदद करने के लिए तैयार रहते है। व्यापारी समाज के कड़ी मेहनत कर कर संग्रह कर देश एवं प्रदेश के विकाश में अहम भूमिका निभाते है। दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस के मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी सलाहकार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी आयुक्त मुकेश मेश्रम और जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व आयुक्त राज्यकर आदर्श सिंह के साथ अध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल अमरनाथ मिश्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरूआत की। इस कार्यक्रम के 36 व्यापारियों को सम्मानित किया। जिसमें राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, हरीश चन्द्र अग्रवाल, अनिल विरमानी, अमरनाथ मिश्र, सतीश अग्रवाल, पवन मनोचा, देवेन्द्र गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, अशोक

मोतियानी, अनिल बजाज, विनोद अग्रवाल, उमेश शर्मा, सुहैल हैदर अल्वी, उमेश पाटिल, विनोद पंजाबी, रविन्द्र नाथ रस्तोगी, मदन गोपाल गुप्ता, उत्तम कपूर, श्याममूर्ति गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, सुरेन्द्र नाथ अग्रवाल, किशन चन्द्र भम्बानी, लोकेश अग्रवाल, रामकुमार वर्मा, विनोद माहेश्वरी, प्रशान्त भाटिया, जितेन्द्र सिंह चौहान, सतीश चन्द्र मिश्र, प्रभू जालान, सचिन रस्तोगी, प्रशान्त गर्ग, मनीष गुप्ता, अरविन्द पाठक, अनुराग मिश्र, सुमित गुप्ता और लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र शामिल रहे।

जलभराव की समस्या को जोनवार अफसर सुनेंगे

लखनऊ। नगर निगम में भारी वर्षा से बचाव के लिए लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके बाद भी बारिश और जलभराव के दृष्टिगत आने वाली किसी भी प्रकार की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक जोन में हेल्प लाइन नम्बर जारी किए गए हैं। जिनमें वहां के जोनल अधिकारी एवं नगर अभियंताओं के नम्बर शामिल हैं। साथ ही स्मार्ट सिटी में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जलभराव इत्यादि से संबंधित समस्या आने पर आम जन 24 घंटे सातों दिन अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

जोन	अधिकारी	नंबर
जोनल अधिकारी-1	अमरजीत सिंह ,	8810715942
नगर अभियंता-1	किशोरी लाल ,	8810721558
जोनल अधिकारी-2	दियांशु पाण्डेय,	8810714966
नगर अभियंता-2	अशोक यादव ,	8810721552
जोनलअधिकारी-3	अलंकारअग्निहोत्री,	8810721512
नगर अभियंता-3	अतुल मिश्रा ,	8810721522
जोनल अधिकारी-4	संजय यादव,	9219902918
नगर अभियंता-4	अतुल मिश्रा ,	8810721522
जोनल अधिकारी-5	नंदकिशोर,	8810724965
नगर अभियंता-5	एससी सिंह,	8810725945
जोनल अधिकारी-6	मनोज कुमार यादव,	8810721516
नगर अभियंता-6	प्रमोद कुमार सिंह,	8810721520
जोनल अधिकारी-7	रश्मि भारती	9219902922
नगर अभियंता-7	सतीश रावत ,	8810721551
जोनल अधिकारी-8	अजीत राय,	8810726009
नगर अभियंता-8	एससी सिंह,	8810725945
बाढ़ पंपिंग ऑफिसर नंबर -		8810721520

स्मार्ट सिटी मुख्यालय वार रूम नम्बर 92199029119219902912

बिजली निगम में निदेशक का कार्यकाल 60 वर्ष तक हो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ऊर्जा निगमों में निदेशक के पदों पर नियुक्ति के लिए नियुक्ति अवधि (अधिवर्षिता आयु) को 62 साल से बढ़कर 65 साल किया गया है जिसका अभियंता संघ पुरजोर विरोध करता है केंद्र सरकार के विद्युत उपक्रमों जैसे एनटीपीसी, पावर ग्रिड आदि व राज्य सरकार जैसे उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान आदि में अधिवर्षिता आयु 60 वर्ष है उत्तर प्रदेश में अधिवर्षिता आयु 62 वर्ष से घटकर 60 वर्ष होनी चाहिए थी। लेकिन 62 वर्ष से बढ़कर 65 वर्ष किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है ऊर्जा निगमों में सभी अधिकारी 60 वर्ष की अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति होते हैं जबकि निदेशक 65 वर्ष की आयु तक सेवारत रहने से यह एक प्रकार से कुछ अधिकारियों को सेवा विस्तार दिए जाने के समान है इससे सेवारत अभियंताओं के लिए 5 वर्ष के लिए निदेशक के पदों पर चयन व पदोन्नतियों के अवसर बाधित होंगे जो की न्याय के विरुद्ध है। आदेश का अभियंता संघ पुरजोर विरोध करता है। विद्युत अभियंता संघ मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री से अनुरोध करता है कि इस आदेश को निगम हित में वापस लिए जाए तथा निदेशको के पद पर अधिवर्षिता आयु 62 वर्ष से घटकर 60 वर्ष की जाए।

देवपुर में एक करोड़ की जमीन खाली करायी

लखनऊ। ग्राम- देवपुर में खसरा संख्या 720 क्षेत्रफल 0.101 हे० जो अभिलेखों में ऊसर दर्ज है पर लगभग 2000 वर्ग फुट पर अवैध अस्थायी कब्जा कर लिया गया था। क्षेत्रीय पार्षद आलमनगर वार्ड की शिकायत पर नगर आयुक्त ने कारवाई के आदेश दिए थे। उक्त खसरा संख्या 720 पर स्थायी आवासीय कब्जे भी पाए गए। जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है। नीरज कटियार नायाब तहसीलदार के नेतृत्व में अविनाश चन्द्र तिवारी राजस्व निरीक्षक, लेखपाल राहुल यादव, मृदुल मिश्रा भित्र, तनुज मदान, अनूप गुप्ता व चौकी प्रभारी जलालपुर की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण करा दिया गया। आवासीय कब्जों पर पीपी एक्ट की कारवाई की जा रही है। इस भूमि की बाजारू कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है।

गृहकर में आज समाप्त हो रही 15 प्रतिशत की छूट

लखनऊ। आवासीय गृहकर में बकाया (एरियर) राशि शून्य होने की स्थिति में वर्तमान गृहकर पर भवन स्वामियों को प्रदान की जाने वाली 10 +5% की छूट अर्थात कुल 15 प्रतिशत की छूट 30 जून, 2024 को समाप्त हो रही है। इसके पश्चात गृहकर में किसी प्रकार की छूट नहीं मिलेगी। उक्त छूट की अवधि समाप्त होने में मात्र 01 दिवस शेष रह गया है। भवन स्वामियों की सुविधा के लिए छूट की अंतिम तिथि 30 जून को सार्वजनिक अवकाश में भी समस्त जोनल कार्यालयों के कैश काउंटर प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक खुले रखे गये है। कैश काउंटर के अतिरिक्त भवन स्वामी घर बैठकर ही अपने कर का भुगतान विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों जैसे कि छु.४स्त्र.ल्ल्रू.ल्ल पर इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड, मोबाइल पर प्राप्त एसएमएस के भुगतान लिंक द्वारा, एवं स्त्रं८३ यूपीआई के माध्यम से कर सकते है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अंबी बिष्ट ने लोगों से अपील की है कि भवन स्वामी उक्त छूट का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अतिशीघ्र गृहकर का भुगतान करें एवं नगर के विकास में सहयोग प्रदान करें।

यहियागंज व्यापार मंडल ने लगाया भंडारा

लखनऊ। यहियागंज व्यापार मंडल के सदस्यों ने भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी समाज के लोग उपस्थित रहे।यहियागंज व्यापार मंडल के कुश मिश्र ने बताया कि भामा शाह की जयंती पूरे प्रदेश में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इसके तहत यहियागंज व्यापार मंडल के नेतृत्व में समाज सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज गुप्ता, प्रशांत गर्ग कुश मिश्र, नरेश दीपक अग्रवाल, विनय गुप्ता, हर्षित जायसवाल, समीर जैन, सन्नी लालवानी, सोनू जायसवाल, सुधीर गुप्ता, जितेंद्र सुमानी आदि उपस्थित रहे।

व्यापारी समाज सरकार के साथ सहभागिता करने को तत्पर

लखनऊ। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय लालबाग में दानवीर भामाशाह का जन्मदिन व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और व्यापारी नेता वैश्य नटवर गोयल ने सात पत्रकार एवं पांच वैश्य व्यापारी नेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश वेश्य व्यापारी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुलहरे एवं पूर्व राज्य मंत्री नानकदीन भुर्जी जी उपस्थित थे।व्यापारी नेता वैश्य नटवर गोयल, गुलहरे एवं पूर्व मंत्री नानकदीन भुर्जी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने भामाशाह जी के जन्मदिन को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। साथ ही विश्वास दिलाया कि व्यापारी समाज पूर्णता सरकार के साथ सदैव सहभागिता करने को तत्पर है। नटरवर गोयल ने बताया हर वर्ष 29 जून को भामाशाह का जन्मदिन और भी धूमधाम से प्रदेश के प्रत्येक जनपदों में मनाया जाएगा। दानवीर वैश्य कुलभूषण महाराज भामाशाह का जन्म 1547 में वैश्य परिवार में हुआ था। महाराज एक अद्वितीय व्यक्ति थे। जिनकी जीवनगाथा ने भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वत्र त्यागने वाले थे भामाशाह

लखनऊ। मातृभूमि की रक्षा के लिए सब कुछ त्याग करने वाले महापुरुष थे भामाशाह। यह बात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश युवा मंत्री योगेन्द्र सिंह ने व्यापारी कल्याण दिवस पर कही। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह का जन्म राजस्थान के मेवाड़ में 29 जून 1547 को ओसवाल जैन परिवार में हुआ था। 18 जून 1576 में महाराणा प्रताप व मुगल बादशाह के मध्य हल्दीघाटी का बहुत भीषण विनाशकारी युद्ध हुआ, जिसमें महाराणा प्रताप के पास बिल्कुल भी संसाधन नहीं बचें, तब विदेशी आक्रांताओं से मातृभूमि को बचाने के लिए 25 लाख रुपए व बीस हजार अशर्फियां दान की थी। संगठन की तरफ से राजाराम कुमार प्लाजा हजरतगंज में व्यापारी कल्याण दिवस पर दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्पों की वर्षा कर जयंती मनायी। नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी समाज सदैव राष्ट्र्र एवं मातृभूमि के लिए समर्पित रहा है, आज भी बहुत से भामाशाह मातृभूमि व राष्ट्र्र की रक्षा के लिए दान देने के लिए तैयार हैं, लेकिन जरूरत है समर्पित राष्ट्र्रभक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों ने नजूल भूमि अधिग्रहण अध्यादेश, बढ़ते ऑनलाइन कारोबार, एलडीए के उत्पीड़न पर नाराजगी जतायी।

प्रतिस्पर्धा का एक इकोसिस्टम बनाना होगा : प्रो. आलोक राय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों को समर्थ पोर्टल के लिए आंकडा एकीकरण विषयक एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो राय ने महाविद्यालयों को रैंकिंग और नैक के लिए प्रेरित किया उन्होंने बल देते हुए कहा की सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का एक इकोसिस्टम हमें मिलकर बनाना होगा । जिसमें सुचानाओं और आंकड़ो का महत्व सबसे ज्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल को और सशक्त बनाया जाएगा ।

इससे पूर्व सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधकों और प्राचार्यों का स्वागत

करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने समर्थ पोर्टल की आवश्यकता और इसके कार्यान्वयन पर अपना मत रखा। डीन एकेडेमिक्स प्रो गीतांजलि मिश्रा ने बताया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी महाविद्यालयों को समर्थ पोर्टल से अनिवार्य रूप से जुड़ना होगा इससे क्रेडिट ट्रांसफर की प्रक्रिया आसान हो जायेगी। समर्थ के असिस्टेंट नोडल ऑफिसर डॉ नागेन्द्र कुमार मौर्या ने अपने विस्तृत प्रस्तुतीकरण में सारे सम्बद्ध महाविद्यालयों को समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण के बारे में बताया और सवालों के जवाब दिए। अभिविन्यास कार्यक्रम का संचालन प्रो मुकुल श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन डीन सी डी सी प्रो अवधेश त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना और परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

रोजगार मेले में 117 अभ्यर्थी चयनित

लखनऊ। राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ में शनिवार को अप्रेंटिस/रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कंपनी पेप्सिको इंडिया होल्डिंग प्रा. लि., मथुरा और श्री राम लाइफ इंश्योरेंस, लखनऊ ने भाग लिया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में कुल 215 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग और प्लेसमेंट अधिकारी एम. ए. खाँ ने जानकारी दी कि इनमें से 117 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। चयनित अभ्यर्थियों को रुपये 13,000 से 25,000 प्रतिमाह के वेतन और अन्य सुविधाओं के साथ नियमित नौकरी के ऑफर दिए गए ।उल्लेखनीय हो कि आईटीआई द्वारा लगातार रोजगार मेला लगाया जा रहा है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियां अभ्यर्थियों का का चयन करके उन्हें रोजगार प्रदान कर रही है।

एलडीए के मुख्य अभियंता समेत 21 अधिकारी व कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

लखनऊ। एलडीए के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह समेत 21 अभियंता व कर्मचारी गण शनिवार को सेवानिवृत्त हो गये। इस दौरान प्राधिकरण के नवीन भवन में स्थित रूद्राक्ष सभागार में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त हुये सभी सम्मानित अधिकारियों व कर्मचारियों को विदाई दी गयी। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह एवं वित्त नियंत्रक दीपक सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह द्वारा प्राधिकरण को दिये गये उनके योगदान की सराहना की।

इधर गाड़ी पेंट, उधर गाड़ी पास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कहते है घर को पेंट करा दो तो पुराना घर भी नया लगने लगता है। लेकिन ट्रांसपोर्टनगर फिटनेश सेंटर के बाहर गाड़ी पेंट कराओ और फिटनेश सेंटर के अन्दर गाड़ी पास होने का प्रमाण पत्र मिल जाता है। जी हां ट्रांसपोर्टनगर फिटनेश सेंटर पर तैनात कर्मचारी पहले ही गाड़ी मालिक को बता देते है कि गाड़ी पेंट करा लो तो फिटनेश सेंटर पर गाड़ी को कोई रोक नही सकता है। गाड़ी पर पेंट से दुर्घटना से देर भली, स्पीड 40 जैसे स्लोग लिखा जाता है। रेडियन पटटी नही होता है तो वह भी फिटनेश सेंटर के बाहर मौजूद ब्रोकर लगा देते है। सबसे बड़ी बात यह है कि गाड़ी फिटनेश सेंटर के अन्दर जाने के बाद जांच में यह सब कमी पायी जानी चाहिए और फिर जांच के दौरान पेपर पर ही इन कमियों को लिखा जाना चाहिए। पर ऐसा नही होता है। फिटनेश सेंटर के बाहर मौजूद सिपाह सलाहकार पहले ही सूचना मिल दे देते है। फिटनेश सेंटर के बाहर दर्जन भर

पेंटर और रेडियम लगाने वाले लोग खड़े रहते है जैसे ही उन्हे मालूम चलता है कि किसके गाड़ी में पेंट नही लगा है तो वह गाड़ी मालिक से दो गुने दाम पर पेंट और रेडियम लगाने का कार्य करने के लिए दबाव बनाने लगते है। आलमबाग के एक गाड़ी मालिक ने बताया कि फिटनेश सेंटर का कर्मचारी ही बताता है कि कहा पर पेंट और कहा रेडियम पटटी लगाना है। फिलहाल सौ से अधिक गाड़ियों में प्रतिदिन पेंट किया हुआ गाड़ी फिटनेश सेंटर से गुजर जाती है। ऐसे में मशीन भी ताजा किया गये पेंट का नही पकड़ पाती है।

गाड़ी फिटनेश सेंटर के अन्दर जाने के बाद जांच होने पर ही गाड़ी के पेपर पर लिखा जाना चाहिए कि किस गाड़ी में कौन सी कमी है। बिना पेपर पर लिखे ही गाड़ी पास कराने के चक्कर में ताजा पेंट हो रहा है तो इसके लिए निर्देश जारी होगा।

उदयवीर सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी

वेबिनार में फूटा बिजली उपभोक्ताओं का गुस्सा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से चलाये जाने वाले साप्ताहिक वेबीनार में शनिवार को प्रदेश के अनेको जनपदों से जुडे विद्युत उपभोक्ताओं ने जहां गलत बिलिंग नेट मीटरिंग में भी गलत बिल बनने का मुद्दा उठाया वहीं पहली बारिश के चलते बडे पैमाने पर ब्रेकडाउन को तत्परता सी अटेंड करने का मुद्दा भी उठा।

सोशल मीडिया के माध्यम से भी ब्रेकडाउन पर उपभोक्ताओं ने उपभोक्ता परिषद को बडे पैमाने पर शिकायत की उपभोक्ता परिषद ने सभी उपभोक्ताओं को बताया कि की निश्चित ही पहली बारिश में ब्रेकडाउन बढ जाते हैं ऐसे में सभी अभियंता पूरी तत्परता के साथ ब्रेकडाउन पर अपना ध्यान दें इस समस्या से प्रबंधन को अवगत कराया जाएगा क्योंकि अनेकों जनपदों में बारिश के चलते जल भराव की स्थिति भी सामने आ रही है ऐसे में बिजली अभियंताओं को विशेष ध्यान देना होगा। पूरे प्रदेश में बडे पैमाने पर बिना नोटिस के छोटे विद्युत उपभोक्ताओं के भार बढाई जा रहे हैं जिसकी वजह से पूरे प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं में भारी रोश है। शाहरुख चौधरी ने कहा नोएडा दनकौर उपखंड के भट्टा पारसौल उप केंद्र का बडा ट्रांसफार्मर डैमेज हो गया है 2दिन से विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। अनिल कुमार प्रधान ग्राम मोहम्मदपुर पचवारा गोरखपुर में भी अवगत कराया की 2 दिन से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही ट्रांसफार्मर जला है कोई बदलने वाला नहीं संजय तिवारी पलिया ग्रामीण पावर स्टेशन से कहा विद्युत आपूर्ति बाधित है कोई सुन नहीं रहा रामसागर गोविंद नगर पारा लखनऊ ने कहा पूरी रात लाइट नहीं आई पानी के लिए लोग तरस रहे सुशील कुमार राय मार्टिनगंज आजमगढ से कहां कोई फोन ही नहीं उठा रहा है।

कार्यालयः अधिशासी अभियंता जोन-6 जल कल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं0.256/EE-6/LJS/2024-25 दिनाँक 29/06/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनाँक 06/07/2024 को 3:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 06/07/2024 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सांय काल खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य / आपूर्ति का विवरण	निविदा का मुल्य	धरोहर धनराशि
1	जोन-6 के अन्तर्गत अम्बरगंज वार्ड के मोहल्ला वजीरबाग में धूम सिंह अखाड़ा के आस पास मिनी नलकूप की बोरिंग इत्यादि का कार्य।	500.00	8500.00

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-6 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-6
जल कल विभाग, लखनऊ

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

जो लागू करते हैं नियम, वह खुद नियमों से परे

कई वर्षों से जमे हुए हैं एडीजी स्थापना, नहीं जा रहा है कुर्सी का मोह

- विभाग के लोग तबादले के लिए लगा रहे हैं दरबार का चक्कर

राजा शेख (vol)



लखनऊ। कहने को तो किताबों में नियम सब के लिए एक है और सब पर समान रूप से लागू होता है फिर यह नियम किसी महकमे से जुड़ा क्यों न हो। लेकिन यूपी पुलिस की नियमावली समान रूप से सब पर लागू नहीं होती है। कई सालों से जमे एडीजी स्थापना के लिए कोई भी विभागीय नियम मायने नहीं रखते जबकि उसी विभाग के दारोगा से लेकर जिले के एसपी स्तर तक के अधिकारी के लिए नियम का पालन करने के लिए बाध्यता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि जो जितना पावर फुल होगा वह अपनी मर्जी और रसूख के चलते प्रदेश की हॉट और पावर की स्टीयरिंग सीट पर बना रह सकता है। विदित हो की पुलिस विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग की एक नियमावली है जिसके तहत आईपीएस अफसरों को एक जिले में अधिकतम तीन साल ही रखा जाए। लेकिन अगर आप पांच कालीदास मार्ग के कृपापात्र है या आप रसूखदार हैं तो सारे नियम बेमानी हैं। ऐसे ही एडीजी स्थापना की कुर्सी पर लगभग चार साल से विराजमान सिंहल पर कोई नियम लागू नहीं होता है शायद या फिर आलाकमान भूल ही गए की एडीजी स्थापना का पद भी नियमावली के दायरे में आता है। सूत्रों की माने तो प्रदेश के पुलिस विभाग में इस कुर्सी को लेकर काफी चचाएं संभावनाओं के आकाश में तैर रही हैं और हो भी क्यों न नियम हो तो सबके लिए न की किसी एक के लिए। सूत्रों की माने तो विभाग में किसी को कोई भी परेशानी हो दिक्कत हो और अगर वह चाहे की उसका ट्रांसफर उसकी अपेक्षित जगह पर कर दिया जाए तो असंभव है। ऐसे में विवशता की डोर थामे पुलिस के कनिष्ठ अफसर जिसमे दरोगा और इंस्पेक्टर भी शामिल है, ड्यूटी के लिए कदम ताल मिलाए तो रहते है लेकिन लय बन नहीं पाती है। पुलिस सूत्रों की माने तो विभाग में इन अधिकारी के खिलाफ बड़ी असंतोष है। लेकिन आला अफसर इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। पति -9 मार्च 2024 को एडीजी स्थापना सिंघल साहब से ट्रांसफर के सिलसिले में मिलने के लिए अयोध्या से आई महिला दारोगा अपने दारोगा पति जो कानपुर देहात के डेरापुर थाने में तैनात हैं उनके ट्रांसफर के लिए गयी थी लेकिन मुलाकात तो हुई नहीं हां वहां तैनात अपर पुलिस अधीक्षक राहुल मिश्रा ने आवेदन ले लिया। अभी तक नहीं हुआ ट्रांसफर हुआ है। लखनऊ में तैनात एक हेड कांस्टेबल मदन सिंह की दास्तां है। यह तो उदाहरण मात्र हैं ऐसे ही प्रदेश में सैकड़ों की तादाद में पुलिस कर्मी हैं जिनका ट्रांसफर नहीं हो पा रहा है।

महिला चोर गिरोह की तीन शातिर गिरफ्तार नगदी, डेबिट कार्ड और पर्स बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में बीते सत्रह दिन पूर्व स्वास्थ्य विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर के बंद मकान में चोरी करने घुसी महिला गैंग की तीन सदस्यों को थाना क्षेत्र स्थित देवी खेडा मोड के पास से शनिवार को गिरफ्तार किया है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि शारदा नगर के रजनी खंड में स्वास्थ्य विभाग के ज्वॉइंट डायेक्टर डॉ संदीप गुलाटी का मकान है। डॉ अपने परिवार के साथ बाहर गए थे और मकान बंद था इस दौरान पांच महिलाओ ने मकान में घुस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था जियका मुकदमा बीते 13 जून को स्थानीय थाने पर दर्ज हुआ था मकान में लगे सीसी कैमरे में पांचो महिलाओ का फुटेज कैद हुआ था जिस आधार पर महिला गिरोह का तलाश किया जा रहा था शनिवार को देवी खेड़ा मोड़ के पास से गिरोह की तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से चोरी के 20 हजार रुपए नगद एक डेबिट कार्ड एक पासबुक एक लाल रंग का पर्स और एक लोहे का रॉड बरामद हुआ हैं पूछताछ में तीनो शातिर महिलाओ ने अपना परिचय संतोष थारू पत्नी सतीश उर्फ सोनू दूसरी ने निशा पत्नी मिड्डू थारू व तीसरी ने परिचय चाँदनी पत्नी बादल बड़ी मस्जिद के पीछे आजाद नगर थाना कृष्णानगर लखनऊ निवासी के रूप में दिया हैं पुलिस के अनुसार गिरफ्त में आई तीनों महिला चोरों को थाने में दर्ज मुकदमे में बरामदगी के आधार पर जेल भेज दिया गया है। महिला चोर गिरोह से जुडी अन्य शातिर महिलाओ की तलाश की जा रही है।

पेंशन कार्ड बनवाने का झांसा देकर युवक मोबाइल फोन लेकर भागा

लखनऊ। प्रदेश सरकार की तरफ से महिलाओं को पेंशन दी जा रही है। जिसके लिए पेंशन कार्ड बनाए जाने हैं। यह झांसा देकर बाइक सवार युवक दो महिलाओं के मोबाइल फोन लेकर भाग निकला। पीड़िता ने पारा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। रहीमाबाद निवासी आलिया उर्मिला गेस्ट हाउस के पास झोपड़ी बना कर रहती है। गुरुवार दोपहर बाइक सवार एक युवक आया। जिसने प्रदेश सरकार की तरफ से महिलाओं और विधवाओं के लिए पेंशन स्कीम शुरू किए जाने की बात कही। आलिया ने पड़ोसी अन्नो को भी बुला लिया। इसके बाद युवक ने पेंशन कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड मांगे। इस पर आलिया ने कहा कि आधार कार्ड की फोटो मोबाइल में है। ऐसे में युवक ने आलिया और अन्नो का मोबाइल लेते हुए फोटो कॉपी निकलवाने की बात कही। पीड़िता ने युवक के साथ 13 वर्षीय बेटे दानिश को भेज दिया। कुछ दूर पहुंच कर युवक ने दानिश को रास्ते में उतारते हुए इंतजार करने के लिए कहा। काफी देर तक युवक के वापस नहीं आने पर दानिश ने घर लौट कर मां को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद आलिया ने पारा कोतवाली में मुकदम दर्ज कराया है।

मुकदमा वापस वापस नहीं लिया तो दी धमकी

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रह रहे दबंगों ने एक युवती को मुकदमा वापस न लेने पर उसे निर्वस्त्र कर मोहल्ले में घुमाने के साथ उसे व उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती के अनुसार बीते 21 जून की रात्रि करीब 11.30 बजे उसका पडोसी राहुल गौतम नंगा होकर पीडिता को देख अशलील हरकत करने के साथ उसके भाई द्वारा दर्ज कराए मुकदमे को वापस लेने की बात कह गाली गलौज करने के साथ मकान छोडने व पीडिता को निर्वस्त्र कर मोहल्ले में घुमाने व जान से मारने की धमकी दे रहा था। जिसकी शिकायत उसने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर दी। वही पीडिता का कहना था कि वह उक्त मुकदमे की मुख्य गवाह है।

किसान को रात में अज्ञात लोगों ने घर में घुस कर मारी गोली, घायल

- सिर को छूती हुई निकल गयी गोली
- घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछतांछ के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी
- मेडिकल रिपोर्ट में सर में गोली से हुए घर की पुष्टि नहीं, चतपाई के पास पुलिस को मिला खोखा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोसाईंगंज के पहासा गांव में घर के अंदर कमरे में सो रहे एक किसान को अज्ञात लोगों ने गोली मार कर फरार हो गए। गोली किसान के सर को दाहिनी ओर छूती हुई निकल गई। किसान के चिल्लाने व गोली की आवाज सुनकर परिजन व मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। जिसके बाद घटना की जानकारी गोसाईंगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। छानबीन के दौरान पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है।

इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार पहासा गांव निवासी किसान सहजराम (62) घर के अंदर कमरे सो रहे थे। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि शनिवार की रात 2बजे लगभग कुछ लोग छत के रास्ते घर मे घुसे और कमरे में आकर फायर कर दिया। जिसके बाद वह छत के रास्ते भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि वह किसी को नही जानते न ही कोई उनकी किसी से दुश्मनी है। घटना के दौरान उनकी बहू पूजा अंदर सो रही थी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिसके बाद घटना की जानकारी गोसाईंगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में घायल किसान को इलाज के लिए सीएचसी गोसाईंगंज एडमिट कराया, तथा पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितो की तलाश में जुटी है।

चारपाई के पास पड़ा मिला खोखा: गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक सहजराम को दाहिने ओर सर में चोट लगी है। एक 315 बोर का एक खोखा बीबी सर की ओर चारपाई के पास पड़ा मिला। जिससे गोली चलने की बात तो सही लग रही है।

पुलिस से हजम नही हो रही बात: गोसाईंगंज पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच तो कर रही है। लेकिन जिस कमरे में गोली चली और किसान को छूती हुई निकल गई। उस गोली का दीवार, जमीन और छत पर कही भी लगने का कोई सुराग नही मिला। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी की माने तो गोली यदि कमरे में चली है तो दीवार जमीन और छत कही भी टकराती लेकिन ऐसा कोई निशान नही मिला। पुलिस अब पीड़ित की मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

बोले जिम्मेदार: पीड़ित के घर मे गोली चलने की आवाज किसी ने नही सुनी। पीडित की चोट से गनपाउडर की पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट में नही हुई है। कुछ जांचे और हुई है रिपोर्ट आने पर सही पता चल सकेगा।

रेलवे लाइन पर मिला श्रम विभाग के चालक का शव: सुशान्त गोल्फ सिटी के टंटहा गांव के पास शनिवार की सुबह रेलवे लाइन के किनारे शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा में बताया कि सुल्तानपुर लखनऊ रेलवे लाइन पर ग्राम ख्वाजापुर जिला सुल्तानपुर निवासी विजय शंकर सिंह (52) लखनऊ के श्रम विभाग में चालक के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार की रात ड्यूटी खत्म करके ट्रेन से घर जा रहे थे। जो आचानक किसी कारण वश नीचे गिर गए। तलाशी के दौरान उसकी जेब से मिले कागजातों के आधार पर शिनाख्त के बाद पता चला कि वह श्रम विभाग में ड्राइवर के पद पर तैनात थे। पुलिस के मुताबिक परिजनों की सूचना दे दी गई है। मृतक के परिवार में पत्नी व दो बच्चे है।

कुकरैल नाले में डूबने से दो मासूमों की मौत, परिवार में छाया मातम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के इंदिरा नगर में शनिवार शाम करीब पांच बजे के आसपास दर्दनाक हादसा हो गया। कुकरैल नाले किनारे मिट्टी के ढेर पर शौच के लिए गए दो बच्चों का मिट्टी धंसने पैर फिसल गया और नाले में गिर गए पानी गहरा होने से डूबने लगे साथियों के चीखने चिल्लाने पर पास में झोपड़ी बनाकर रह रहे माता पिता पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताते चलें कि खुर्रम नगर स्थित हक प्लाजा मस्जिद अबरार नगर के पास मुश्ताक और जुनैद दोनों गोंडा के रहने वाले और झुग्गी झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहते है। जहा बगल में कुकरैल नाला बहता है। जहां रिवर फ्रंट के खुदाई चल रही जहां ढेर सारी मिट्टी इकठ्ठा है। बारिश के कारण काम रुका हुआ था। शनिवार शाम मुश्ताक की बेटी 13 साल की बेटी सिफा, और जुनैद का बेटा कासिम 10 साल साथी बच्चों के साथ शाम करीब पांच बजे के आसपास कुकरैल नाले की तरफ शौच के लिए गए थे। वहां गिली मिट्टी पर बैठकर शौच कर रहे थे। तभी पैर फिसलने से कुकरैल नाले में गिर गए साथी बच्चों के चिल्लाने पर माता पिता और आसपास के लोग पहुंचे और आनन फानन में दो बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे जहा डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार दोनों बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं. 216549249 में मेरा घरेलू नाम निजामुददीन अंकित है जबकि मेरे अन्य अभिलेखों में मेरा नाम निजाम दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरी पॉलिसी सं. 216549249 में भी मेरा निजाम नाम ही लिखा, पढ़ा व पहचाना जाए। **निजामुददीन पुत्र छोटन्ने नि.- ग्राम बहलोलनगर, वि.खं. रामपुर मथुरा तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश मेरा नाम (VIRENDRA KUMAR SONI S/o SANT PRASAD) दर्ज है जबकि मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा सही नाम वीरेन्द्र कुमार सैनी पुत्र सन्त प्रसाद सैनी (VIRENDRA KUMAR SAINI S/o SANT PRASAD SAINI) दर्ज है। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस समेत सभी अभिलेखों में मेरा सही नाम ही लिखा, पढ़ा व पहचाना जाये। **वीरेन्द्र कुमार सैनी पुत्र सन्त प्रसाद सैनी नि.- 643/4 कल्लू का पुरवा, नई बस्ती पो. रतापुर, जिला रायबरेली।**

सूचना

सूचित हो कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट में मेरा नाम शिवांशु दूबे अंकित है जबकि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम शिवांशु द्विवेदी अंकित है। शिवांशु दूबे एवं शिवांशु द्विवेदी एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में मुझे शिवांशु दूबे के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। शिवांशु दूबे पुत्र संजय दूबे, निवासी- सहारा बिल्डिंग, गोरखपुर उ.प्र.-273001

डीजीपी ने किया फैक्ट्स एप का शुभारंभ

- जॉच और विवेचनाओं की गुणवत्ता में होगा सुधार, समय की भी होगी बचत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आज पुलिस मुख्यालय में फैक्ट्स एप का शुभारंभ किया ।इस मौके पर डीजीपी ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत समय - समय पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन की कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाये जाने को लेकर कड़े निर्देश दिए गए है ।इसको लेकर भ्रष्टाचार निवारण संगठन में जॉच और विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने फैक्ट्स एप विकसित किय है ।यूपी के डीजीपी प्रशान्त कुमार ने कहा कि इस एप के विकसित होने से अभिसूचना संकलन और फाइनेंसियल एनालिसिस तथा सी ० डी ० आर ० एनालिसिस 4 डी 0 ए 0 कैल्कुलेशन 5- विवेचना, अभियोजन, प्रशिक्षण में मदद मिलेगी ।उन्होंने कहा कि फैक्ट एप से समय की बचत होगी और जॉच का तरीका आसान होगा तथा विवेचनाओं और जाँचों की गुणवत्ता में सुधार होगा । भ्रष्ट्राचार निवारण संगठन की कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने को लेकर प्रदेश भर में 08 नवीन इकाईयों का गठन किया गया ।डीजीपी ने कहा कि यूपी के 18 मण्डल स्तर पर भ्रष्टाचार के पुलिस थानों का लोकार्पण और उद्घाटन किया गया ।इसके अलावा जाँचों व विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार किया गया ।इसके अलावा जिलों में एसीओ की यूनिट का गठन हुआ ।डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि मुख्यालय एवं इकाईयों में तकनीकी यूनिट का गठन भी हुआ है ।इसके अलावा प्रशिक्षण और जनशक्ति की बढ़ोत्तरी व अन्य संसाधन की बढ़ोत्तरी की गई ।भ्रष्टाचार संगठन के मार्ग दर्शन के मुताबिक 11 इकाएचटीसीईयां कियाशील थी 08 नवीन इकाईयों के गठन के अब कुल 19 इकाईयाँ प्रदेश के 18 मण्डल स्तर पर एवं टास्क फोर्स मुख्यालय स्तर पर क्रियाशील है. तकनीकी अपग्रेडेशन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने फैक्ट तैयार कराया ।यह जाँच और विवेचनाओं में पारदर्शिता और समयबद्धता एवं गुणवत्ता में सुधार लें उनका त्वरित गति से निस्तारण सुनिश्चित करेगा ।संगठन मुख्यालय के कन्ट्रोल रूम को यूपी 112 से इंटीग्रेट कराया गया है ।प्रदेश के जनपदों में इंटेलिजेंस यूनिट के गठन की कार्यवाही प्रचलित है । तकनीकी यूनिट का गठन मुख्यालय एवं इकाई स्तर पर किया गया ।इण्डक्शन प्रशिक्षण की कार्रवाई प्रचलित है तथा अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही है । भ्रष्टाचार निवारण संगठन लगातार संगठन की क्षमता में बढ़ोत्तरी के लिये हर सम्भव प्रयास कर रहा है । वर्ष 2024 में अब तक 107 भ्रष्ट लोक सेवकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है ।इसी अवधि में वर्ष 2023 में 62 व वर्ष 2022 में 32 ट्रैप की कार्रवाई हुई थी । अब तक वर्ष 2024 में 202 जाँचों विवेचनाओं एवं अभिसूचनाओं का निस्तारण किया गया ।इस मौके पर एडीजी अभियोजन और एडीजी पीएचक्यू और स्थापना तथा एडीजी साइबर क्राइम और एडीजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन और कार्मिक तथा एडीजी लॉजिस्टिक और डीजीपी ने जीएसओ तथा एडीजी टेक्निकल सहित तमाम अफसर मौजूद थे।

युवती को शादी का झांसा दे लिव इन रिलेशनशिप में रहकर किया यौन शोषण

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली में एक युवती ने अपने प्रेमी पर लिव इन रिलेशनशिप के दौरान यौन शोषण व धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने के साथ मारपीट करने का आरोप लगा स्थानीय थाने में नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पी के सिंह ने बताया कि मूल रूप से जनपद कानपुर की रहने वाली युवती का आरोप है कि उसकी दोस्ती सोसल मिडिया द्वारा तीन वर्ष पूर्व भोजपुर गाजियाबाद निवासी जीशान पुत्र मो तस्लीम से हुई थी। जिसके बाद फोन पर बातचीत के दौरान आरोपित ने उसे शादी का झांसा दिया जिसमे युवती आ गई और एक साथ आजाद नगर के गोपालपुरी में लिव इन रिलेशनशिप में साथ में रहने लगी। आरोप है कि इस दौरान आरोपित कई बार सम्बन्ध स्थापित किये और उसे अपने दोस्तों के साथ भी सम्बन्ध बनाने के लिए मजबूर करता रहा और उसका वीडियो बना सोसल मिडिया पर अपलोड कर दिया और उअके साथ मारपीट कर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था। जिससे तंग आकर पीडिता ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ शनिवार को स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर नामजद शिकायत की है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपित युवक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

तीन पेटी शराब लूटी

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के सेवई क्षेत्र में एक शराब की दुकान में तीन लोगों ने ईट पत्थर से हमला कर शराब की तीन पेटियां लूट कर फरार हो गए। ईट पत्थर से हमले के दौरान दो सेल्समैन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना की सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद सेल्समैन की तहरीर पर पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है।

कार्यालय ग्राम पंचायत भौवापुर कला विकास खण्ड धौरहरा खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25/ दिनांक- 28.06.2024

अति अल्पकालीन निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भौवापुर कला में वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय विस्ट योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराए जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थापी फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत हो से मोहरबंद निविदा दिनांक 30.06.204 से 06.07.2024 को अपराह्न दो बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 06.07.2024 को समय 4 बजे दिन में खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा						
		ईंटा 4150	रोड़ा 40mm	सीमेन्ट	मौरंग	इण्टरलाकिंग टाइल्स 80mm	गिट्टी	बालू
1	विश्राम के घर से शोब्रन के दुकान तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	6877 नग	37.05 घन मी.	120 बैग	4.44 घन मी.	13965 नग	1.00 घन मी.	17.78 घन मी.

नियम शर्तः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत भौवापुर कला के कार्यालय में 30.06.2024 से 06.07.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत भौवापुर कला के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 30.06.02.2024 से दिनांक 06.07.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत भौवापुर कला के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 06.07.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

वंदना वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भौवापुर कला
विकास खण्ड धौरहरा

उदय प्रताप सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत भौवापुर कला
विकास खण्ड धौरहरा

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर डीजीपी ने किया अफसरों को अलर्ट

- यूपी की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने और हर स्थिति से निपटने के निर्देश
- त्योहारों को लेकर किया जाए बेहतर प्रदर्शन, नए कानूनों को लेकर भी जागरूक करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने तीन नये कानूनों के क्रियान्वयन और कानून - व्यवस्था तथा आगामी त्यौहारों एवं यातायात प्रबन्धन को लेकर वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग कर सभी जोन के अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त तथा परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने और हर स्थिति में अलर्ट रहने के निर्देश दिए ।डीजीपी ने कहा कि एक जुलाई से लागू किये जाने वाले तीन नये कानूनों के क्रियान्वयन और आगामी त्यौहारों जगन्नाथ यात्रा व कावड़ यात्रा तथा रक्षाबन्धन और सावन झूला पर कानून - व्यवस्था एवं यातायात प्रबन्धन को अच्छे ढंग से सम्पन्न कराया जाए ।डीजीपी ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में कहा कि भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार 01 जुलाई 2024 से तीनों नये कानून यथा भारतीय न्याय सहिंता - 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता - 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम - 2023 को लागू किये जाने के सम्बन्ध में तैयारी कर ली जाय ।इसमें कोई कोताही न हो।

आगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की गोष्ठी कर ली जाए। नागरिकों से निरन्तर संवाद बनाये रखा जाय तथा डिजिटल वालेन्टियर्स एवं सिविल डिफेन्स का सक्रिय सहयोग लिया जाय । थाने पर मौजूद त्यौहार रजिस्टर का गहनता से अवलोकन किया जाय तथा विगत वर्षो में किसी प्रकार विवाद प्रकाश आया हो तो उनका समय से निस्तारण करा लिया जाय । किसी नयी परम्परा की अनुमति न दी जाय ।डीजीपी ने कहा कि कावड़ यात्रा के मार्गो को पूर्व से चेक कर लिया जाय। मिश्रित आवादी वाले क्षेत्रों विशेष जंक्शन प्वाइंट एवं कम्युनल हॉट स्पॉट पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाय । जलूस मार्गो को चिन्हित कर जूलुस के साथ अधिक से अधिक पुलिस बल की ड्यूटी लगायी जाय । कावड़ यात्रा और जुलूस मार्गो पर अधिक अधिक स्थानीय व यातायात पुलिस का व्यवस्थापन किया जाए। जुलूस मार्गों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखा जाय तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाये ।

डीजीपी ने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि स्थानों पर विशेष रूप से सुरक्षा प्रबन्ध किये जाय। सुरक्षा कर्मियों को ब्रीफ करने के उपरान्त डियूटी पर लगायी जाये । त्यौहारों पर भीड़ प्रबन्धन एवं भीड़ नियंत्रण के सिद्धान्तों पर अमल करते हुये पूर्व से ही प्लानिंग एवं तकनीक का प्रयोग कर व्यापक इन्तजाम किये जाय ।डीजीपी ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर जोन व सेक्टर स्कीम में पुलिस व्यवस्थापन किया जाय तथा अतिसंवेदनशील स्थलों पर पुलिस पिकेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं राजपत्रित अधिकारियों की तैनाती की जाय ।थाने के स्थानीय पुलिस पेट्रोलिंग वाहनों को निरन्तर भ्रमणशील रखा जाय तथा यूपी - 112 के वाहनों का व्यवस्थापन संवेदनशील मार्गो, स्थलों पर किया जाय ।

नियंत्रण कक्ष और उप नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे चालू रखे जाए ।डीजीपी ने कहा कि पोस्टर पार्टी एवं मॉर्निंग चेकिंग टीम का गठन कर उन्हे नियमित रूप से प्रातः काल निकाला जाय । आगामी त्यौहारों को लेकर अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय रखा जाय तथा छोटी से छोटी सूचना को अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुये तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर चौबीसों घंटे सर्तक दृष्टि रखी जाय। भ्रामक और आपत्ति जनक पोस्ट तथा अफवाहों का तत्काल खण्डन करा कर कड़ी कार्रवाई की जाए ।इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी।

जुलाई में पड़ेंगे गुप्त नवरात्र, योगिनी एकादशी और जगन्नाथ रथयात्रा जैसे व्रत और त्यौहार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जुलाई का महीना व्रत त्योहार के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इस माह जगन्नाथ रथयात्रा, गुप्त नवरात्रि, सावन का महीना आदि कई प्रमुख तिथियों और त्योहारों की शुरूआत होती है। साथ ही इस महीने दो बड़ी एकादशी का व्रत भी किया जाएगा, जिसमें योगिनी एकादशी और देवशयनी एकादशी हैं। इसके साथ ही गुरु पूर्णिमा के बाद सावन मास के सावन सोमवार के व्रत शुरू हो जाएंगे।

इस तरह जुलाई माह में भक्तजन भगवान शिव और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त कर पाएंगे। वहीं जुलाई माह में आषाढ़ अमावस्या, विवस्वत सप्तमी, कोकिला व्रत आदि कई प्रमुख व्रत त्योहार पड़ने वाले हैं। ग्रह-नक्षत्र के लिहाज से भी जुलाई का महीना काफी महत्वपूर्ण होने वाला है, इस महीने कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करने वाले हैं। आइए जानें इस महीने आने वाले प्रमुख त्योहारों की तिथि और उनका धार्मिक दृष्टि से क्या महत्व है।

योगिनी एकादशी 2 जुलाई, मंगलवार: आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को योगिनी एकादशी का व्रत किया जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की जाती है। भगवान विष्णु की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने से घर में सुख समृद्धि आती है और सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। योगिनी एकादशी पर इस बार त्रिपुष्कर योग और सर्वार्थ सिद्धि जैसे महायोग बन रहे हैं।

आषाढ़ अमावस्या 5 जुलाई, शुक्रवार: आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को आषाढ़ अमावस्या का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुबह पवित्र नदियों में स्नान करके पितरों का तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध कर्म आदि करते हैं। वहीं जो लोग पवित्र नदियों में स्नान नहीं करने जा पा रहे हैं, वे घर पर ही स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं।

गुप्त नवरात्रि शुरू 6 जुलाई, शनिवार: आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ 6 जुलाई से हो रहा है और 15 जुलाई को समापन होगा। गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा की 10 महाविद्याओं की साधना की जाती है। साल में चार नवरात्रि आते हैं, जिसमें दो गुप्त और दो उदय नवरात्रि होते हैं। चैत्र और आश्विन मास की नवरात्रि को धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं आषाढ़ और माघ मास की नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि के नाम से जाना जाता है।

जगन्नाथ रथयात्रा शुरू 7 जुलाई, रविवार: हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से जगन्नाथ रथयात्रा प्रारंभ हो जाती है। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और छोटी बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर जाते हैं। हिंदू धर्म में जगन्नाथ रथयात्रा का विशेष महत्व है। इस यात्रा में शामिल होने के लिए देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लाखों लोग शामिल होते हैं।

विवस्वत सप्तमी 12 जुलाई, शुक्रवार: आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि विवस्वत सप्तमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन सूर्य देव और सूर्य पुत्र वैवस्वत मनु की पूजा करने का विधान है। मान्यता है कि विधि विधान के साथ पूजा और व्रत के करने से सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

हरिशयनी एकादशी, चातुर्मास शुरू, मुहर्रम 17 जुलाई, बुधवार: आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को हरिशयनी, देवशयनी, विष्णु-शयनी एकादशी, आषाढ़ी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं और चातुर्मास का आरंभ हो जाता है। चातुर्मास के आरंभ होते ही शुभ व मांगलिक कार्य बंद होते हैं और एकादशी तिथि का व्रत करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही इस दिन मुहर्रम भी मनाया जाएगा।

कोकिला व्रत 20 जुलाई, शनिवार: हर साल आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को कोकिला व्रत किया जाता है। इस तिथि में माता पार्वती की कोकिला यानी कोयल रूप में पूजा अर्चना की जाती है। यह व्रत आषाढ़ मास की चतुर्दशी तिथि से प्रारंभ होता है और सावन मास की पूर्णिमा तक चलता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कोकिला व्रत किया था।

गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा 21 जुलाई, रविवार: हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा और वेद व्यास जयंती के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन शिष्य गुरुओं की पूजा करते हैं और उपहार देते हैं। साथ ही इस दिन ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद के साथ साथ अट्ठारह पुराण, महाभारत ग्रंथ, श्रीमद्भागवत समेत कई ग्रंथों व पुराणों की रचना करने वाले वेद व्यासजी का जन्म हुआ था और व्यासजी को प्रथम गुरु भी माना जाता है। व्यासजी के शिष्यों ने ही गुरु पूर्णिमा की शुरूआत की थी।

सावन सोमवार 22 जुलाई, सोमवार: आषाढ़ पूर्णिमा के अगले दिन से ही सावन की शुरूआत हो जाती है और इस बार सावन की शुरूआत सोमवार के दिन से ही हो रही है, जो बेहद शुभ संयोग बन रहा है। शिव भक्त इस माह का बेसब्री से इंतजार करते हैं। सावन मास में भगवान शिव रूद्र रूप में सृष्टि का संचालन करते हैं। इस बार सावन में पांच सावन सोमवार का व्रत किया जाएगा।

जुलाई में 4 ग्रह करेंगे राशि परिवर्तन, पड़ेगा कई राशियों पर प्रभाव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ज्योतिषीय गणना के अनुसार जुलाई महीने में 4 ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर भाव अनुसार प्रभाव पड़ेगा। इस महीने में सावन महीने की शुरूआत होने वाली है। अतः शिवजी की कृपा सभी राशि के जातकों पर पड़ेगी। इनमें 4 राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा। कई अन्य राशि के जातकों को भी ग्रहों के राशि परिवर्तन से शुभ फल प्राप्त होगा। आइए, जुलाई महीने में होने वाले ग्रह राशि परिवर्तन के बारे सबकुछ जानते हैं। ग्रहों के सेनापति मंगल देव 12 जुलाई को संध्याकाल 06 बजकर 58 मिनट पर वृषभ राशि में गोचर करेंगे। वृषभ राशि में गोचर के दौरान मंगल देव 27 जुलाई को रोहिणी और 16 अगस्त को मार्गशीर्ष नक्षत्र में गोचर करेंगे। इसके बाद 26 अगस्त को मिथुन राशि में गोचर करेंगे।

बुध गोचर 2024: ग्रहों के राजकुमार बुध देव 19 जुलाई को सिंह राशि में गोचर करेंगे। इससे पहले बुध देव कर्क राशि में विराजमान हैं और 19 जुलाई तक कर्क राशि में विराजमान रहेंगे। बुध के राशि परिवर्तन से वृश्चिक राशि के जातकों को सर्वाधिक लाभ होगा।

सूर्य राशि परिवर्तन 2024 : वर्तमान समय में सूर्य देव मिथुन राशि में विराजमान हैं। आत्मा के कारक सूर्य देव 16 जुलाई को कर्क राशि में गोचर करेंगे। इस दौरान 19 जुलाई को पुष्य नक्षत्र, 2 अगस्त को अश्लेषा और 16 अगस्त को मघा नक्षत्र में गोचर करेंगे। इसके बाद 16 अगस्त को स्वराशि सिंह में प्रवेश करेंगे। सूर्य के राशि परिवर्तन से सिंह राशि के जातक मालामाल हो सकते हैं।

शुक्र गोचर 2024: सुखों के कारक शुक्र देव जुलाई महीने में राशि परिवर्तन करेंगे। शुक्र देव 7 जुलाई को मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। इस दौरान 9 जुलाई को पुष्य, 20 जुलाई को अश्लेषा और 31 जुलाई को मघा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। वहीं, 31 जुलाई को सिंह राशि में गोचर करेंगे। शुक्र देव के राशि परिवर्तन से मकर राशि के जातकों को कारोबार में लाभ मिल सकता है।

मंच पर बच्चों ने दिखाया नृत्य व अभिनय का जलवा

जश्न-ए-ताल कार्यक्रम में कथक, नाटक और बॉलीवुड डांस की हुई मनमोहक प्रस्तुति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ में विभिन्न प्रकार के हुनर को सिखाने के लिए वैष्णवी भाटिया अपने प्रतिष्ठत बैनर 'ताल' द्वारा बच्चों के लिए ढेरों चीजें लेकर आई है। ताल दवारा 'हैप्पी हॉर्स' के नाम की ऐसी वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें न सिर्फ डांस बल्कि एक्टिंग व कई चीजें बच्चों को सिखाई गईं। इसी कड़ी में आज बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मंच पर किया। मंच पर बच्चों ने अभिनय के साथ कथक की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। गणेश वंदना से बच्चों ने कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद बच्चों ने कथक की प्रस्तुति दी, जिसे मिसेज ज्योति ने बच्चों को सिखाया था। बता दें कि ज्योति डिवोशन एंड डिजायर की फाउंडर हैं। वहीं, वर्कशॉप के फिनाले में बच्चों ने कई प्ले और डांस भी किए। बच्चों ने सुनो गौर से दुनिया वालों जैसे गानों पर जानकर डांस किया। ड्रामा 'तलाश अर्जुन की' बात करें तो ये एक कॉमेडी प्ले था, जिसमें 11-15 साल के बच्चों ने भाग लिया। अभिषेक सिंह की छत्रछाया में सभी ड्रामा का निर्देशन हुआ है। वहीं, 'पत्थर का सूप' का निर्देशन प्रियंका और अंशुल राय, 'अल्लादीन' का निर्देशन मिनी और रजनीश व 'तलाश अर्जुन की' का निर्देशन ओधीं, सामंत ने किया है। यही नहीं, ग्रैंड फिनाले के दौरान बच्चों को 80 के दशक के खूबसूरत गानों पर डांस करने का मौका मिला। एक महीने तक चलने वाली इस वर्कशॉप में अपने विषय के विशेषज्ञों ने बच्चों को तरह-तरह के हुनर सिखाए। यह वर्कशॉप 25 मई से शुरू हुई थी और इस वर्कशॉप का फिनाले प्रोग्राम 29 जून को सायं 6:00 बजे से संगीत नाटक अकादमी के वाल्मीकि प्रेक्षागृह में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अथिति नम्रता चौहान थी, जो इनर व्हील क्लब लखनऊ की प्रेसिडेंट हैं।

अंदाज के रिमेक में नजर आयेंगे खेसारी लाल और अर्शी खान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। एक्ट्रेस अर्शी खान अब जल्द ही खेसारी लाल यादव के साथ हिंदी फिल्म 'अंदाज' के रीमेक में काम करने जा रही हैं, जिसे लेकर वह बेहद एक्साइटेड हैं। 'अंदाज' में अक्षय कुमार, लारा दत्ता और प्रियंका चोपड़ा थीं और अब उसी फिल्म का भोजपुरी रीमेक बन रहा है।

अर्शी खान ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। अर्शी ने कहा, 'मैं इस आने वाली फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी से फूली नहीं समा रही हूं। इस फिल्म में मैं खेसारी जी के ऑपोजिट लीड रोल प्ले कर रही हूं। यह पॉपुलर बॉलीवुड फिल्म 'अंदाज' का रीमेक है।' अर्शी खान ने आगे बताया, 'फिलहाल मैं इस फिल्म की शूटिंग में बिजी हूं।' अर्शी ने खेसारी के साथ बॉन्ड पर भी बात की और कहा कि वो दोनों पुराने दोस्त हैं और 'बिग बॉस' के वक्त से एक-दूसरे को जानते हैं। अर्शी बोलीं, 'वह एक प्रिय दोस्त हैं और हम एक-दूसरे को काफी समय से जानते हैं।

हम दोनों 'बिग बॉस' का हिस्सा रहे हैं, भले ही अलग-अलग सीजन में। हम पहले भी मिल चुके हैं और हमारे बीच अच्छा रिश्ता है। दोस्तों के साथ शूटिंग करना हमेशा आनंददायक होता है। हमारे बीच की केमिस्ट्री रियल और मैजिकल है। मैं सचमुच एक्साइटेड हूं।' अर्शी खान पहली बार तब चर्चा में आई थीं, जब उन्होंने 'बिग बॉस 11' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लिया था। बाद में वह 'बिग बॉस 14' में भी नजर आईं। इसके अलावा उन्होंने 'सावित्री देवी कॉलेज एंड हॉस्पिटल' और 'इश्क में मरजावां' के अलावा कुछ ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी काम किया।

दादी-नानी की कहानी सुन बच्च्वों को मिली सीख

- स्टोरीमैन जीतेश ने सुनाई पारम्परिक लोककथा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विपरीत परिस्थितियां हों तो मन पर संयम रखते हुए सूझबूझ से कैसे उससे पार पाया जा सकता है यह सीख शनिवार को लोक कथा के माध्यम से बच्चों को मिली। लोक संस्कृति शोध संस्थान की श्रृंखला दादी-नानी की कहानी का 58वां आयोजन पलटन छावनी स्थित बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल में हुआ। स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने पारम्परिक लोक कथा सूरज चन्दा सुनाई। बच्चों ने कहानी पर आधारित बोधात्मक प्रश्नों के उत्तर भी दिये।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मनोरंजक खेल से हुआ। बच्चों ने कठिन वाक्यों का उच्चारण अभ्यास किया। कहानी में मुन्ना मुन्नी नामक भाई बहन की बहादुरी और सूझ-बूझ से अपनी जान बचाने का नाटकीय वृतान्त था जिसके माध्यम से बच्चों को मुश्किल समय पर भी ना घबराने की सीख मिली। बाल निकुंज समूह के प्रबन्ध निदेशक एच. एन. जायसवाल ने एकाग्रता का महत्व बताते हुए कहा कि जिस किसी काम को करें तो एकाग्र होकर करें। पढ़ाई के समय पूरा ध्यान पढ़ाई पर और खेल के समय खेल पर होना चाहिए। कक्षा में पढ़ाई के समय मन यदि कहीं और रहेगा तो पिछड़ने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य रश्मि शुक्ला ने कथा प्रस्तोता समूह का स्वागत किया। इस दौरान लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार शम्भूशरण वर्मा, जनवीणा चैरिटेबल ट्रस्ट की उपाध्यक्ष संगीता पाण्डेय, डा. एस.के.गोपाल के साथ ही शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर की छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।

ऋषि का सद्ज्ञान व्यक्ति को सन्मार्ग पर चलाता है : उमानंद शर्मा

- गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 412वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत वैद आई.एस.एस. सेक्टर-सी अलीगंज लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 412वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्रा श्री हंस जी ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को (अंग्रेजी एवं हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्ज्ञान व्यक्ति को सन्मार्ग पर चलाता है। वीके श्रीवास्तव, पुनीत पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मुकेश कुमार शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री वी.के. श्रीवास्तव, हंस जी, देवेन्द्र सिंह, एवं संस्थान के निदेशक डॉ. प्रत्यूष त्रिपाठी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मुकेश कुमार शुक्ला, डॉ. इशान त्रिपाठी, पुनीत पाण्डेय एवं अधिकारी एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

आज से शनि की वक्री चाल शुरू, तीन राशियों के लिए शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ज्योतिषशास्त्र में शनिदेव को विशेष स्थान प्राप्त है। 30 जून से शनि की वक्री चाल शुरू हो जाएगी। शनि के कुंभ राशि में वक्री होने पर कुछ राशि वालों को अपना विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है तो कुछ राशि वालों का भाग्य चमक जाएगा। शनिदेव के अशुभ होने पर व्यक्ति को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो शुभ होने पर व्यक्ति का भाग्योदय हो जाता है। शनि रंक को भी राजा बना सकते हैं। आइए जानते हैं, शनि की वक्री चाल से किन राशियों की चमकेगी किस्मत-

मेष राशि: कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। माता का सहयोग मिलेगा। माता से धन प्राप्ती के योग हो सकते हैं। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है। परिवार के संग किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन राशि: कारोबार के विस्तार की योजना साकार होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

घर-परिवार में मांगलिक कार्य होंगे। वस्त्रादि उपहार भी मिल सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। माता का सानिंध्य मिलेगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

सिंह राशि: आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, परिश्रम की अधिकता रहेगी। माता का सानिंध्य व सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि की संभावना है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि: मन में प्रसन्नता के भाव तो रहेंगे, फिर भी आत्म संयत रहें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

सन नियो अपने चार नये शोज के साथ करेगा दर्शकों का मनोरंजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत के प्रमुख मीडिया नेटवर्क, सन टीवी नेटवर्क ने हाल ही में अपने पहले हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल (जीईसी), सन नियो के साथ हिंदी भाषी बाजार में कदम रखा है। इस चैनल ने हिंदी जीईसी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से चार अपने आकर्षक शो - 'छठी मैया की बिटिया,' 'इश्क जबरिया,' 'साझा सिंदूर' और 'नंदिनी' को लॉन्च करने की घोषणा की है।

'छठी मैया की बिटिया' शो में उत्तर प्रदेश और बिहार में देवी 'छठी मैया' का चित्रण प्रस्तुत किया गया है, उनके भक्तों में उनकी आस्था अटूट है साथ ही उन्हें बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। 'इश्क जबरिया' एक रोमांटिक ड्रामा है, जो पकड़वा विवाह के मुद्दे से जुड़ी एक लड़की की तमाम बाधाओं के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने की यात्रा को दर्शाता है। 'साझा सिंदूर' की कहानी माता-पिता बनने की इच्छा, बच्चे के जन्म, महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों, प्यार और विश्वासघात के इर्द-गिर्द घूमती है। 'नंदिनी' एक अलौकिक फैंटसी थ्रिलर ड्रामा है, जो सांप के श्राप से पीड़ित एक अमीर और प्रभावशाली परिवार की कहानी है। इन चार शोज का उद्देश्य भारतीय दर्शकों की विविध प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक अनोखा कंटेंट प्रस्तुत करना है। सन नियो के यह नए शोज दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने के लिए तैयार किए गए हैं, जिनमें आकर्षक और मनोरंजक कंटेंट पेश किए गए है। प्रत्येक शो अपनी रोचक कहानी और भावनात्मक गहराई से दर्शकों को मोहित करने का वादा करता है। इन शोज का उद्देश्य न केवल दर्शकों का मनोरंजन करना है, बल्कि सही विचारों को उत्तेजित करना और भावनाओं को जागृत करना भी है। इन पेशकशों के साथ, सन नियो हिंदी भाषी दर्शकों की सांस्कृतिक समृद्धि और विविधता का जश्न मनाते हुए इंडस्ट्री में नया मानक स्थापित करना चाहता है।

अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने कहा, जब मुझे यह भूमिका ऑफर की गई, तो मैं बहुत अचंभित थी क्योंकि यह मेरे द्वारा निभाए गए पहले किरदारों से बहुत अलग है। यह मेरा पहला ऐसा शो है, जिसमें मैंने एक देवी का किरदार निभाया है। मैंने ऐसी भूमिका निभाने की कभी कल्पना भी नहीं की थी। यह पहली बार है कि छठी मैया को हिंदी टीवी चैनल पर पेश किया जा रहा है, जिससे यह भूमिका निभाना मेरे लिए और भी खास हो गया है। बिहार की संस्कृति में रहते हुए और खुद छठी मैया के बारे में बहुत कुछ जानने के बाद जहाँ एक ओर बहुत उत्साहित हूं वहीं थोड़ी नर्वस भी हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक न केवल मेरे किरदार की सराहना करेंगे, बल्कि 'छठी मैया की बिटिया' शो और नए चैनल सन नियो को भी अपनाएंगे। अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने कहा, मैं न केवल एक नए शो, बल्कि एक नए चैनल - सन नियो का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं।

नौ ट्रेनें निरस्त, कई के मार्ग बदले, यात्री परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु गोंडा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोंडा कचहरी-मैजापुर-करनैलगंज स्टेशनों के प्री नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं मार्ग परिवर्तन निम्नवत है।

जिन ट्रेनों को निरस्त किया गया है उनमें अयोध्या कैंट से 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली 04242 अयोध्या कैंट-मनकापुर मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। अयोध्या कैंट से 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली 04260 अयोध्या कैंट-मनकापुर मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। मनकापुर से 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली 04259 मनकापुर-अयोध्या कैंट मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। मनकापुर से 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली 04241 मनकापुर-अयोध्या कैंट मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी।

मनकापुर से 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली 04257 मनकापुर-अयोध्या धाम जं. मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। अयोध्या धाम जं. से 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली 04258 अयोध्या धाम जं.-मनकापुर मेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। प्रयागराज संगम से 01 से 03 जुलाई तक चलने वाली 14233 प्रयागराज संगम-मनकापुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। मनकापुर से 02 से 04 जुलाई तक चलने वाली 14233 मनकापुर-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर से 05 जुलाई को चलने वाली 15082 गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें बरौनी से 30 जून, 01 से 03 जुलाई तक चलने वाली 11124 बरौनी-ग्वालियर मेल परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव गोण्डा, करनैल गंज, बुढ़वल स्टेशनों पर नहीं रहेगा। आनन्द विहार टर्मिनस से 30 जून को चलने वाली 22412 आनन्द विहार टर्मिनस-नाहरलगुन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। नाहरलगुन से 29 जून को चलने वाली 22411 नाहरलगुन-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मनकापुर-अयोध्या धाम जं.-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 30 जून एवं 01 से 04 जुलाई तक चलने वाली 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 30 जून एवं 02 जुलाई को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जौनपुर-वाराणसी-औड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी।

गोंडा-बुढ़वल रेलखंड पर बिछ रही तीसरी रेल लाइन

● तीसरी लाइन बनने से अधिक ट्रेनों का संचालन हो सकेगा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय रेल, आमजन की आकांक्षाओं के अनुरूप एवं नये भारत के नये विजन को ध्यान में रखते हुये इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार एवं विकास पर तेज गति से कार्य कर रही है। इसी क्रम में, यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के गोंडा-बुढ़वल खंड (61.72 किमी.) तीसरी रेल लाइन निर्माण के प्रथम चरण में गोंडा कचहरी-करनैलगंज खंड (23.65 किमी.) का कार्य प्रगति पर है। 04 जुलाई, 2024 को रेल संरक्षा आयुक्त इस तीसरी रेल लाइन का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा।

गोंडा कचहरी-करनैलगंज स्टेशनों के मध्य कुल 04 बड़े एवं 24 छोटे पुल तथा 02 आर.यू.बी. बनाये गये हैं। इसमें कुल 05 स्टेशन हैं, जिसमें गोंडा कचहरी, कटोला, मैजापुर, कस्तूरी एवं करनैलगंज स्टेशन सम्मिलित हैं। इन स्टेशनों में गोंडा कचहरी, मैजापुर एवं करनैलगंज क्रासिंग तथा कटोला एवं कस्तूरी हाल्ट स्टेशन हैं, जिनके लिये अलग से नई स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण किया गया है।

गोंडा कचहरी-करनैलगंज स्टेशनों के मध्य तीसरी रेल लाइन के खुल जाने से लाइन क्षमता में सुधार होने से इस खंड पर जन आकांक्षाओं के अनुरूप अधिक ट्रेनों का संचलन हो सकेगा। गोंडा से बुढ़वल तक तीसरी लाइन बन जाने से यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आयेगी तथा लाइन क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी तथा क्षेत्र तेजी से विकास की ओर बढ़ेगा। विद्युतीकरण सहित इस तीसरी रेल लाइन का निर्माण होने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी रेल लाइन के निर्माण पर रू. 714.34 करोड़ की लागत आयेगी। इस तीसरी रेल लाइन का कार्य चार चरणों में पूरा किया जाना है। परियोजना के द्वितीय चरण में करनैलगंज-घाघरा घाट (21.77 किमी.), तृतीय चरण में घाघरा घाट-बुढ़वल (11.77 किमी.) तथा चतुर्थ चरण में गोंडा जं.-गोंडा कचहरी (4.88 किमी.) खंड का कार्य पूरा करने की योजना है। तीसरी लाइन निर्माण परियोजना उत्तर प्रदेश के गोंडा, बहराइच एवं बाराबंकी जनपदों में अवस्थित है। इस परियोजना के अंतर्गत सरयू नदी पर 01 महत्वपूर्ण रेल पुल सहित 10 बड़े एवं 36 छोटे पुलों का कार्य सम्मिलित है।

उर्दू अकादमी में मुशायरा और कवि सम्मेलन आज

लखनऊ। अनीस खान वारसी की ओर से मुशायरा कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार को गोमती नगर स्थित उ. प्र. उर्दू अकादमी के सभागार में किया जायेगा। मुशायरा व कवि सम्मेलन में पूर्व कैबिनेट मंत्री व राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस मौके पर बदायूं सांसद आदित्य यादव और डा. अब्दुल्लाह भी मौजूद रहेंगे।

मंसूरी समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आज

लखनऊ। मंसूरी समाज के उत्थान के लिए देशभर में काम करने वाली प्रमुख तंजीम जमीअतुल मंसूर उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा 30 जून को लाटूश रोड स्थित मेजबान होटल में सुबह 11 बजे से मंसूरी समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और सामाजिक शख्सियतों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि मोहन लालगंज, लखनऊ के सांसद आर के चौधरी व विशिष्ट अतिथि पी सी एस अधिकारी नासिर मंसूरी और यू पी एस सी में चयनित भू वैज्ञानिक आइशा नाज मंसूरी होंगे। यह जानकारी देते हुए जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री जावेद इकबाल मंसूरी, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हाजी रबीउल्लाह उल्लाह मंसूरी, उपाध्यक्ष मुश्ताक मंसूरी ने बताया कि इस प्रोग्राम में मंसूरी समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को समेत मंसूरी समाज से आने वाले पी सी एस अधिकारी नासिर मंसूरी और आइशा नाज मंसूरी को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। मंसूरी नेताओं ने बताया इस प्रोग्राम में दूसरे समाज के प्रमुख सामाजिक शख्सिय तो को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने अपने समाज के तरक्की के लिए महत्वपूर्ण कार्य किये है।

शिक्षकों को स्टार्टअप से जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी : प्रो. पांडेय

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब में शनिवार को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के आर्थिक सलाहकार डॉ. के वी राजू पहुंचे। इस दौरान कुलपति प्रो. जेपी पांडेय भी मौजूद रहे। डॉ. वीके राजू ने उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप ईकोसिस्टम को बारीकी से समझा। सह अधिष्ठाता, इनोवेशन एवं सोशल एंटरप्रेनरशिप डॉ. अनुज कुमार शर्मा की अगुवाई में इन्नोवेशन हब का प्रस्तुतीकरण हेड इनोवेशन हब महीप सिंह एवं मैनेजर इनोवेशन हब वंदना शर्मा ने दिया। जिसमे इनोवेशन हब की ओर से प्रदेश में स्टार्टअप्स को दी जाने वाली सहायता, विश्वविद्यालय में इनोवेशन हब में स्थापित किए जा रहे कलाम पेटेंट सेंटर एवं संबद्ध संस्थानों में इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित करने की पहल को विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों से निकलने वाले इनोवेशन्स को सपोर्ट प्रदान करने के लिए इनोवेशन हब की बनाई जा रही स्टूडेंट स्टार्टअप एवं इनोवेशन पॉलिसी के बारे में सुझाव लिया गया। उल्लेखनीय है कि यह पॉलिसी प्रदेश में स्टार्टअप पाइपलाइन बनाने एवं शिक्षकों को स्टार्टअप से जुडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रस्तुतिकरण के बाद डॉ. केवी राजू ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव इनोवेशन हब को दिए एवं मुख्यमंत्री के स्टार्टअप को लेकर लॉग टर्म विजन की भी जानकारी दी। अन्त में माननीय कुलपति ने डा. केवी राजू एवं टीम को विश्वविद्यालय के स्टार्टअप द्वारा मार्बल डस्ट से निर्मित डॉ कलाम की मूर्ति एवं सस्टेनबल सीड्स नामक उत्पाद देकर सम्मानित किया गया।

डीआरएम ने किया लखनऊ-गोंडा रेलखंड का निरीक्षण

● आपात स्थितियों से निपटने के लिए अपनी टीमों को हाई अलर्ट पर रखें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने आज अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) राजीव कुमार तथा मण्डल के शाखाधिकारियों के साथ लखनऊ-गोण्डा रेलखण्ड पर स्थित बुढ़वल एवम गोण्डा स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड का निरीक्षण किया।

मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने मानसून आने से पूर्व बरसात के पानी की निकासी सुचारू रूप करने हेतु तथा स्टेशन यार्ड में आउटलेट और नालियों को साफ-सफाई पर विशेष निगरानी रखने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है आपात स्थितियों से निपटने के लिए अपनी टीमों को हाई अलर्ट पर रखें उनसे बात करें और कर्मचारियों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित करें।

इसके पश्चात बुढ़वल स्टेशन पर पैनल रूम, सकुर्लेटिंग एरिया तथा यार्ड का पुश ट्रॉली के माध्यम से निरीक्षण किया। यार्ड में उन्होंने प्वाइंट क्रॉसिंग का मेजरमेंट तथा थिक वेव स्विच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में गोण्डा स्टेशन पहुंचने पर मण्डल रेल प्रबन्धक महोदय द्वारा पुश ट्रॉली के माध्यम से यार्ड में प्वाइंट एवं क्रॉसिंग का निरक्षण किया गया।इसके पश्चात गोण्डा स्टेशन पर स्थित क्रू लॉबी में मंडल रेल प्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में ' शटिंग मेला ' का आयोजन किया गया। जिसमें शंटिंग के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियां, ऑटोमेटिक ब्लॉक खंड की वर्किंग, आने वाली नॉन इंटरलॉक वर्किंग कार्य प्रणाली के विषय में अद्यतन जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी गई और उनका निदान भी किया गया।

इस शांटिंग मेला में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, गार्ड, कांटा वाला और स्टेशन मास्टर संवर्ग के कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके उपरान्त मण्डल रेल प्रबन्धक महोदय ने आर आर आई पैनल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (तृतीय), वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी), वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (परिचालन), वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस)मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, एरिया मैनेजर (गोण्डा) एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

व्यापारी कल्याण दिवस के लिए जताया आभार, उठायी मांग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाये जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए वैश्य समाज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया। शनिवार को अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रियदर्शिनी कालोनी स्थित प्रदेश कार्यालय में दानवीर भामाशाह के शौर्य और मातृभूमि के प्रति उनकी उदात्त भावना को याद करते हुए मांग उठाई गई की राजधानी में भामाशाह की विशाल प्रतिमा स्थापित की जाय जिससे नई पीढ़ी स्वराष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा ग्रहण करे। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश महामंत्री डा. अनिल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जग प्रसाद गुप्ता, दिनेश चौरसिया, के.सी.गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, अल्पना गुप्ता, पूर्व पार्षद रुपाली गुप्ता, गिरीश केसरवानी, कैप्टन प्रखर गुप्ता, महानगर महिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, युवा अध्यक्ष अनुराग साहू, कंचन गुप्ता, हर्षिका जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

पीजीआई में रोबोट से पहली बार प्रोस्टेट कैंसर की सर्जरी

लखनऊ। पीजीआई के डॉक्टरों ने पहली बार रोगी के पेशाब की थैली के रास्ते से जाकर प्रोस्टेट कैंसर की रोबोटिक सर्जरी की है। इसमें ऑपरेशन के बाद पेशाब रिसाव, यौन शक्ति समेत दूसरे जोखिम की आशंका बिल्कुल न के बराबर होती है। डॉक्टर ने इस तकनीक का नाम ट्रांसवेसिकल मल्टीपोर्ट रोबोटिक रेडिकल प्रॉस्टेटेक्टॉमी दिया है। डॉक्टर का दावा है कि विश्व में पहली बार इस तकनीक से प्रोस्टेट ग्रंथि की सर्जरी हुई है। यह संस्थान के यूरोलॉजी विभाग के डॉ. उदय प्रताप सिंह के निर्देशन किया गया है। यह तकनीक चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे प्रोस्टेट कैंसर मरीजों का जीवन और बेहतर होगा। यूरोलॉजी विभाग के डॉ. यूपी सिंह ने बताया कि यह रोगी प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित था। घरवालों ने रोबोट से ऑपरेशन की सहमति दी। डॉ. उदय का कहना है कि देश-विदेश के हर सर्जन पेशाब की थैली के भीतर जाकर रोबोटिक सर्जरी करते हैं। उन्होंने पहली बार पेशाब की थैली के भीतर जाकर प्रोस्टेट कैंसर की रोबोट से सफल सर्जरी की है। प्रोस्टेट पूरा निकाल दिया है। मरीज अब स्वस्थ है। इस तकनीक से रोगी जल्द ठीक होने के साथ कम दर्द समेत दूसरे जोखिम बहुत कम होते हैं। पीजीआई में इस ऑपरेशन में करीब दो लाख का खर्च आया है। कॉरपोरेट अस्पतालों में चार लाख से अधिक लगेगा। डॉ. उदय प्रताप सिंह ने बताया कि सामान्य तरीके की प्रोस्टेट सर्जरी में पेशाब थैली के बाहर से जाकर ऑपरेशन में आसपास के ऊतक और नसें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इसमें मरीज का कैथेटर निकालने के बाद पेशाब टपकने और यौन शक्ति कमजोर होने का खतरा रहता है। ट्रांसवेसिकल रोबोटिक रेडिकल प्रॉस्टेटेक्टॉमी में मूत्राशय के भीतर जाकर ऑपरेशन किया गया है। इसमें उतकों और नसों को नुकसान नहीं पहुंचता है। इससे रोगियों में पेशाब रिसाव और यौन शक्ति प्रभावित होने की गुंजाइश न के बराबर होती है।

स्किल्ड छात्र समाज की जरूरत के मुताबिक दे सकेंगे अपना योगदान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। छात्रों के कौशल विकास पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए प्रयास को पंख देने के क्रम में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और एचसीएल (जीयूवीआई) नैशकॉम के सहयोग से स्नातक इंजीनियरों के लिए उद्योग प्रासंगिकता सुनिश्चित करना विषय पर टीपीओ और एचआर कॉन्क्लेव 2024 पर एक सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित किया गया. इस मौके पर माननीय कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने कौशल विकास, अनुभवात्मक शिक्षा, इंटर्नशिप, क्षेत्रीय अध्ययन को एक अभिन्न अंग बनाने के अलावा नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर जोर दिया। कहा कि शैक्षिक प्रक्रिया का घटक ताकि कुशल टेक्नोक्रेट उत्तर प्रदेश सरकार की अवधारणा के अनुरूप समाज की मांग को पूरा कर सकें। डॉ. नीलम श्रीवास्तव, डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ने अपने संबोधन में एकेटीयू द्वारा विभिन्न कौशल शुरू करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों के अलावा विकास पहल। उन्होंने परियोजना आधारित शिक्षण, औद्योगिक पर्यावरण की तैयारी के संदर्भ में अधिक उद्योग शैक्षणिक सहयोग पर भी जोर दिया।

निदेशक यूपीआईडी ने भी संबोधित किया और ₹मूल्य शिक्षा₹ के महत्व पर जोर दिया और बताया कि यह शिक्षक के मॉडल को प्रशिक्षित करने पर एकेटीयू पाठ्यक्रमों के सभी पाठ्यक्रमों में चलाया जाता है।

पुनर्वास विवि की तीन छात्राएं युगांडा अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की तीन छात्राएं युगांडा अन्तर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन ओपन चैंपियनशिप टूर्नामेंट दिनांक 1 जुलाई से 7 जुलाई तक देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

प्रतिभाग करने वाली स्वाति बी.ए प्रथम वर्ष, कनक सिंह जादौन एम. बी. ए. प्रथम वर्ष, रुचि त्रिवेदी बी. ए.प्रथम वर्ष की छात्राएं हैं। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने इन खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी हैं। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय के अन्य खिलाड़ियों, प्रकोष्ठ के सदस्यों उनके प्रशिक्षक इरशाद एवं निदेशक प्रो. पी राजीवनयन द्वारा भी इन खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बैडमिंटन कोर्ट में एक स्वागत समारोह का आयोजन भी किया गया। डा शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में दिव्यांगों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से सुसज्जित बाधारहित विशिष्ट स्टेडियम एवं प्रशिक्षक मौजूद हैं, जिसका परिणाम यह है कि विश्वविद्यालय की ये छात्राएं देश का प्रतिनिधित्व करने जा रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक रूप से बहुत ही गौरव का क्षण है कि हमारे विश्वविद्यालय की छात्राएं समूचे देश का प्रतिनिधित्व करने युगांडा अन्तर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन ओपन चैंपियनशिप 2024 में जा रही है, हमे हमारी छात्राओं पर गर्व है विश्वविद्यालय के क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो पाण्डेय राजीवनयन यह सूचना साझा करने हुए कहा कि हमारे खिलाड़ी किसी मुकाबले में पीछे नहीं हैं। हम अपने खिलाड़ियों के लिए सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश कर रहे हैं।

हनुमान मंदिर में पूजा व प्रसाद वितरण

लखनऊ। छोटा चांदगंज स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। पूजा की शुरूआत प्रभु बालाजी हनुमान जी के भजनों से हुई। फिर विधि विधान से पूजा के बाद प्रसाद वितरण शुरू हुआ। जो देर शाम तक जारी रहा। प्रसाद में पूडी-सब्जी, बूंदी आदि का वितरण किया गया। विमला चौधरी, श्रद्धा सोनी, शाल्वनी वर्मा, राजेश कुमार वर्मा और रविशंकर समेत अन्य लोगों ने प्रसाद वितरण किया।

नाला चोक होने से बारिश में हो रहा जलभराव, स्थानीय लोग परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

माल लखनऊ। बारिश से हो रहे जलभराव को लेकर थाना माल परेशान है। बाहर से लेकर अंदर परिसर में पानी कीचड़ भर जाने से गंदगी फैली हुई है। ऐसे में फरियादियों के साथ पूरा पुलिस स्टाफ आने जाने के में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे मे प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रपाठी ने बताया कि बारिश से होने वाले जलभराव से काफी परेशान है। मुख्य गेट से लेकर पूरे परिसर तक कीचड़ व पानी भर जाता है। जानकारी करने पर पता चला है कि सामने रोड के किनारे बना नाला कूड़ा कचरे से बंद होकर छतिग्रस्त हो गया है जिससे पानी बह नही पाता है। थाना निचले भूमि पर बना है। जल निकासी सही प्रकार से हो इसके लिए खण्ड विकास अधिकारी व प्रधान माल को कई बार अवगत करा चुके है।

ग्राम प्रधान आशुतोष चौरसिया ने बताया कि अति शीघ्र नाले को दुरुस्त करवाया जायेगा।यह जल भराव की समस्या का कोई यह पहला वर्ष नहीं है इसके पूर्व में भी यह स्थिति माल थाने के गेट से लेकर परिसर में पानी भर जाता है वही जिम्मेदार सिर्फ कागजों पर ही बैठक कर जल निकासी की समस्या का निस्तारण कर देते हैं बाकी जमीनी हकीकत जस की तस बनी रहती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इंस्पेक्टर माल के शिकायत के बावजूद भी जल निकासी की समस्या का निस्तारण नहीं किया गया इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता की जिम्मेदार किस तरह से अपने जिम्मेदारी निभा रहे हैं। जब इंस्पेक्टर की बात का कोई ध्यान नहीं तो विकासखंड के अन्य गांव की क्या स्थिति होगी यह तो इसी थाने के पड़ोस से देखी जा सकती है। अब देखना यह होगा की जिम्मेदार इस जल निकासी का कुछ समाधान करते हैं या फिर ऐसे ही समस्या बनी रहेगी जबकि अगर सफाई कर्मचारी महीने में अपने जिम्मेदारी से पंचायत में कार्य करें तो शायद यह जल भराव व गंदगी की समस्या नहीं उत्पन्न होगी। लेकिन ऐसा होना संभव नहीं है क्योंकि सिर्फ ब्लॉक मुख्यालय तक की सीमित रहते हैं सफाई कर्मचारी, जब ब्लाक मुख्यालय से 100 मीटर दूरी पर यह स्थित है तो गांवों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिले के भी उच्च अधिकारी निकलते हैं लेकिन यह जल भराव व गंदगी नहीं दिखाई देती है।

बारिश से कंपोजिट विद्यालय करोरा की बाउंड्री गिरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

नगराम। नगराम इलाके में शुक्रवार रात हुई बारिश से कंपोजिट विद्यालय करोरा की लगभग 60 फीट बाउंड्री वॉल भरभरा कर गिर गई। शनिवार सुबह विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार यादव को जानकारी हुई। करोरा गांव में सी सी रोड किनारे अक्सर पानी भरा रहता था शुक्रवार रात हुई बारिश के कारण हुए जलभराव से करीब 60 फिर लंबी बाउंड्री वॉल भरभरा कर गिर गई।

पहली बारिश में सड़क बनी तालाब: शुक्रवार की रात से शनिवार की सुबह तक हुई मानसून की पहली बारिश से ही गोसाईंगंज चौराहा तालाब में तब्दील हो गया। शनिवार को ब्लाक कार्यालय जाने वाले अधिकारियों व फरियादियों को किसी वाहन से अंदर जाना पड़ा या पैंट ऊपर चढ़ाकर और जूते हाथ मे लेकर। बारिश में बाद पूरा दिन सड़क पानी मे डूबी रही। कस्बा चौकी के चारो ओर पानी ही पानी दिखा। यह हाल कोई पहली बार का नही है। जब भी बारिश होती है गोसाईंगंज चौराहा तालाब में तब्दील हो जाता है। बारिश के दिनों में लोगो को हर दिन इसी तरह की समस्या से जूझना पड़ता है।

ट्रॉमा में पर्चे को लेकर डॉक्टर और तीमारदार में झड़प

लखनऊ। केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर-कर्मचारियों की मनमानी की घटना थम नहीं रही है। शनिवार को डॉक्टर और तीमारदार के बीच झड़प की घटना का वीडियो वायरल हुआ। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि हिन्दुस्तान नहीं करता है। ट्रॉमा सेंटर में 400 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। बेड भरने की दशा में स्ट्रेचर पर मरीज भर्ती किए जाते हैं। प्रतिदिन 250 से अधिक मरीज इमरजेंसी में आ रहे हैं।

डॉक्टर व कर्मचारियों पर काम का दबाव बहुत है। शनिवार को कैजुअल्टी में एक मरीज के इलाज संबंधी दस्तावेज कहीं गुम हो गए। तीमारदार ने इसकी जानकारी ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर-पैरामेडिकल स्टाफ को दी। काफी देर मरीज के इलाज संबंधी दस्तावेज की खोजबीन हुई। लेकिन रिपोर्ट नहीं मिली। इसी दौरान एक रेजिडेंट डॉक्टर आए। बताया गया है कि रेजिडेंट डॉक्टर न्यूरो सर्जरी विभाग के हैं। उन्होंने तीमारदार से पर्चा व इलाज संबंधी दस्तावेज मांगा। तीमारदार ने कागजात गुम होने की बात कही। यह सुनते ही डॉक्टर का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। आरोप है कि डॉक्टर ने मरीज व तीमारदार को फटकारना शुरू कर दिया। इसी दौरान तीमारदार ने डॉक्टर द्वारा की जा रही बदसलूकी का वीडियो बनना शुरू कर दिया। इससे डॉक्टर का गुस्सा और भड़क उठा। उसने तीमारदार से मारपीट शुरू कर दी। आस-पास के लोगों ने किसी तरह मामला शांत कराया। पूरी घटना का वीडियो वायरल हुआ।

संक्षेप

खोदी गई नाली की 10 महीने बाद भी मरम्मत नहीं

रूद्रपुर,देवरिया। रूद्रपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामचक में लगभग 10 महीने पहले सड़क के किनारे बनी नाली को खोदकर ठेकेदार ने बदहाल कर दिया। वाटर सप्लाई हेतु पाइप लाइन बिछाने के लिए ठेकेदार ने सड़क के किनारे बनी नालियों को खोदकर उसमें पाईप बिछाकर उसे ऐसे-तैसे मिट्टी से ढककर छोड़ दिया। पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। पाइप लाइन बिछाने के बाद ठेकेदारों ने नाली दुरुस्त नहीं कराई। तोड़ी गई नाली व सड़क उसी हाल में पड़ी है, जो ग्रामीणों व राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गईं हैं। करीब 10 महीने हो गए, नाली जैसे-तैसे उबड़ खाबड़ पड़ी हुई है और नाली का गन्दा पानी सड़क पर फैल रहा है। इस सड़क का प्रयोग गांव के लोग प्रतिदिन करते हैं। स्कूली बच्चों को नित्य आने-जाने में परेशानी होती है। सड़क पर फैले गन्दे पानी व कीचड़ में गिरने का भय बना रहता है। वहीं जलभराव होने से मच्छरों के प्रकोप व संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी भय लोगों को सता रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार सम्बंधित अधिकारियों से शिकायत की गई। फिर भी नाली दुरुस्त नहीं कराई जा सकी है। इस संदर्भ में जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियन्ता अखिल आनन्द से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही जाँच कराकर सही करवा दिया जाएगा।

विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के परीक्षा में मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले छात्रों को सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया। इस दौरान यूपी बोर्ड-2024 की परीक्षा में जनपद में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास प्रत्यूष पाण्डेय ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना विधायक ने कहा कि ये इन बच्चों ने अपनी मेधा से जनपद का गौरव बढ़ाया है। सामान्य पृष्ठिभूमि से आने वाले सभी छात्रों ने अपने परिश्रम के बल पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों की वजह से अब प्रतिभा को सम्मान मिलना शुरू हो गया है। परीक्षा नकलविहीन हो रही है। शिक्षा बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी टॉपर्स को अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। प्रतिभा सुविधा की मोहताज नहीं होती। ये सभी बच्चे भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्वकर्ता की भूमिका में आने का सामर्थ्य रखते हैं। उन्होंने छात्रों को बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। अपना लक्ष्य तय करें और नियमित रूप से अध्ययन करें। कठिन मेहनत से मुकाम हासिल किया जा सकता है। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके सुखद भविष्य की कामना की। हाईस्कूल परीक्षा 2024 में सम्मानित होने वाले टॉपरों में पलक शुक्ला, निवेदिता सिंह, सलोनी प्रजापति, दिलीप तिवारी, पल्लवी वर्मा, सिद्धि प्रजापति, अदिति कुशवाहा, अमृता यादव शामिल हैं। इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मानित होने वाले टॉपरों में प्रशांत कुमार, अन्नू यादव, दुर्गा निषाद, प्रतीक, अभिनेश चौरसिया, मोनिका, रिया वर्मा, दिब्येन्द्र यादव शामिल हैं। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टापरों को 21 हजार रुपये, एक टेबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाली हाई स्कूल की छात्रा पल्लवी खरवार(छठवां स्थान) एवं शालिनी राव(दसवां स्थान) तथा इंटरमीडिएट की छात्रा फिजा खातून(आठवां स्थान) को एक-एक लाख रुपये, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली इंटरमीडिएट की छात्रा सुजाता पाण्डेय राज्य स्तर पर सम्मानित होंगी। इस अवसर पर डीआईओएस वीरेंद्र प्रताप सिंह, डीपीओ कृष्णकांत राय सहित विभिन्न अधिकारी, गुरुजन एवं छात्रों के अभिभावक मौजूद थे।

21 छात्र - छात्राएं सम्मानित

कुशीनगर। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में मेधावी छात्र /छात्राओं को सम्मानित किया गया, एवं प्रदेश के लगभग 88 लाख छात्र छात्राओं/अभिवावको के खाते डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक छात्र के खाते में रुपए 1200 ड्रेस एवं जूता मोजा आदि खरीदने हेतु ट्रांसफर किए गए हैं। जनपद कुशीनगर में विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, रामकोला विनय प्रकाश गौंड, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में जनपद के मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जनपद के हाई व स्कूल इंटर की छात्र/छात्राओं को प्रथम 21 छात्र/ छात्राओं को टैबलेट प्रशस्ति पत्र व डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सलोनी जायसवाल-खड्डा, व कुमारी आरुषि गुप्ता, को हाई स्कूल में प्रदेश स्तर पर उच्च अंक प्राप्त करने पर रुपए 1 लाख का डेमो चेक, प्रशस्ति पत्र, टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जनपद स्तर पर पुष्कर चौहान, श्रेयांश उपाध्याय, आतिरा अली, प्राची शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, सुमैय्या, आदिति शर्मा, जयकरन भारती और सत्यम सिंह को 21 हजार का डेमो चेक, प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट दिया गया। इसी प्रकार जनपद स्तर पर इंटर मिडियेट के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले श्रेया कुशवाहा,पंकज,शिवा कुशवाहा, गोल्डी सिंह को रुपए 21 हजार का डेमो चेक के साथ प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। डीएम उमेश मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इसी तरह आप लोग जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करते रहे एवं कड़ी परिश्रम के साथ आगे बढ़ते रहें। जिला विकास अधिकारी, पीडी, डीसी मनरेगा, डीआईओएस, बी एस ए, सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल और दो अन्य गिरफ्तार

कुशीनगर। जिले के कोतवाली हाटा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान गोरखपुर की तरफ से आती हुए महिन्द्रा पिकप रजि0 नं0-बीआर 28 जिए 9075 दिखाई दी जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उसमें सवार अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलायी गयी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमे एक अभियुक्त शराफत अली पुत्र सुभान अली निवासी मुजहना रहीम थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर घायल हो गया। जिनको गिरफ्तार कर लिया गया तथा इसके दो अन्य साथी शेबू आलम पुत्र नसरूद्दीन मियां निवासी धरमचक थाना उचका गाँव जनपद गोपालगंज बिहार व कहार शेख पुत्र हकीक शेख निवासी भेडिहारी थाना पुरषोत्तमपुर जनपद बेतिया पश्चिमी चम्पारण बिहार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे/मौके से एक अदद महेन्द्रा पिकप जिसमे क्रूरता पूर्वक बंधे 05 राशि गोवंशीय पशु जिसमें 01 मृत अवस्था में मिला, व गोवंश को काटने हेतु एक लकडी का ठीहा, एक रस्सी, एक धारदार ठोस लोहे का बांका, 03 नाजायज तमंचा 315 बोर व 08 अदद नाजायज जिन्दा कारतूस 315 बोर, 04 अदद फायरशुदा खोखा कारतूस 315 बोर व अपराध में प्रयुक्त 03 अदद मोबाईल फोन जिसमें 02 एण्ड्रायड व 01 अदद कीपैड फोन भिन्न भिन्न कम्पनी व नगद रूपया 5000/ (अपराध से सम्बन्धित), की बरामदगी की गयी। बरामदगी /गिरफ्तारी के अधार थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 512/2024 धारा 307/120 बी भा0द0वि0 व 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व 3/4/5/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत, एक घायल

कसया, कुशीनगर। कसया तहसील क्षेत्र के गांव कुड़वा दिलीपनगर के हीरामन टोला में शनिवार की आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई व एक घायल हो गईं। महिलाएं गांव के पास स्थित खेत मे धान की रोपाई कर रही थी। कुड़वा के हीरामन टोला निवासी मनोज सिंह की 45 वर्षीया पत्नी सुशीला देवी अपने घर से थोड़ी ही दूर स्थित एक खेत मे धान की रोपाई कर रहीं थीं। दोपहर बाद लगभग 1:30बजे बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी तो सुशीला इसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। वह अचेत होकर खेत मे गई गिर गई। थोड़ी देर के बाद आपपास के लोग व परिजन पहुचे तो घायल को इलाज के लिए कसया सीएचसी ले गए। जहाँ डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। दूसरी घायल मंजू देवी 40 वर्ष भी झुलस गईं। जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में हो रहा है। परिजन शव लेकर वापस घर लौट गए। मृतक के पति काम के सिलसिले में बाहर है। बेटा आदित्य (18 वर्ष) का रो-रोकर बुरा हाल था।

सर्पदंश से बालक की मौत

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम देवघाट मे सर्प दंश से 10वर्षीय बालक की मौत हो गई। बताया गया है कि 10वर्षीय बालक आयुष मिश्रा पुत्र हौशिला मिश्रा अपने पिता को खेत मे मोबाईल देने गया था। लगभग दस बजे दिन मे खेत मे ही सर्प ने काट लिया। 11बजे दिन मे हालत खराब होने लगी। परिजन उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गये। वहां पता चला की सर्प ने काट लिया है। वहां से सदर अस्पताल देवरिया रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। बालक की मृत्यु से परिवार में मातम पसर गया है।

सांख्यिकीय दिवस का किया गया आयोजन

देवरिया। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी प्रो०पी०सी० महालानोविस, सांख्यिकीविद के जन्म दिवस पर आज 18वां सांख्यिकीय दिवस जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय, देवरिया में मनाया गया जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा डाटा संग्रहण एवं उसकी गुणवत्ता पर बताया गया कि प्रदेश स्तर पर डल्ली ळक्षॅ''ॅङ्गल्ल उङ्ग''१(वन ट्रिलियन डॉलर)की अर्थ व्यवस्था बनाये जाने हेतु विभिन्न विभागों से प्राप्त आंकड़ों का सर्वेक्षण कराया गया है जो नीतिगत निर्णय में काफी सहयोग प्रदान करेंगे। लेबर सर्वे एवं असंगठित क्षेत्र के आर्थिक गतिविधियों के सर्वेक्षण के माध्यम से जनपद के सकल घरेलू उत्पाद का सही आकलन किया जा सकता है। इसके साथ ही पर्यटन, उद्यान, कृषि एवं वानिकी इत्यादि क्षेत्र में हो रहे वृद्धि एवं विकास का सही अनुमान लगाये जाने का सर्वेक्षण किया जा रहा है।

इस अवसर पर राजेश कुमार, महंगू प्रसाद, संजीव कुमार गोंड़, अपर सांख्यिकीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यालय के अन्य सहायक संतोष कुमार यादव, वरिष्ठ सहायक, विनोद कुमार प्रजापति, कनिष्ठ सहायक, संजय सिंह अनीष खरवार, ओम प्रकाश सहित अन्य कर्मी गण आदि उपस्थित थे।

व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनी भामाशाह जयंती

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पडरौना, रामकोला व जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

विधायक पडरौना मनीष जायसवाल ने इस अवसर पर दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि भामाशाह ने महाराणा प्रताप के साथ मिलकर उनकी सहायता किया था उन्होंने जो दान दिया था उससे महाराणा प्रताप ने कई सालों तक अपने सैनिकों को वेतन देते रहे हैं भामाशाह बहुत ही सरल व्यक्तित्व के धनी थे आज व्यापारी कल्याण दिवस जो मनाया जा रहा है और सभी व्यापारियों को सम्मानित किया जा रहा है यह उन्हीं की ही देन है।

विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड ने इस अवसर पर कहा की आज हम सब लोग दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मना रहे हैं यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष व्यापारियों द्वारा भी मनाया जाता रहा है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री जी ने पूरे प्रदेश में दानवीर भामाशाह की जन्म दिवस मनाने का जो निर्णय लिया है हम व्यापार मंडल की तरफ से उनकी प्रशंसा करते हैं। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने इस मौके पर दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस अवसर पर व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था में जीएस्टी देश की रीढ़ के समान है, उन्होंने इस भाव से इस महान आत्मा को महान राष्ट्र नायक को बंदन नमन करते हुए कहा की हमे उनसे प्रेरणा मिलती है तथा कार्यक्रम के माध्यम से उनके अतीत अभिमान को बताएं। उन्होंने कहा की जनपद में जो उद्योग स्थापित कर रहे हैं वह अपने उद्योग में सफल रहे आपके उद्योग के आसपास छोटे-छोटे भी व्यापारी उद्योग लगाकर बिजनेस कर रहे हैं उन्हें भी लाभ मिल रहा है, तभी भामाशाह के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी, उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर जिन व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्याएं होती हैं तो उसका निराकरण तत्काल प्रशासन किए जाने का प्रयास किया जाता है, इस अवसर पर उन्होंने उपायुक्त को निर्देशित किया की उद्योग बंधु/व्यापार बंधु की बैठ्क दौरान यदि व्यापारी गणों की कोई समस्या आती है तो उसे तत्काल निस्तारण हेतु कार्यवाही करें। उन्होंने सभी व्यापारी गणों को आश्वस्त किया की यदि कोई समस्या आती है तो बेझिझक आप कभी भी हम से मिल सकते हैं। उन्होंने कहा की हम इस जनपद में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने व पर्यटन विकास के क्षेत्र में कुछ नया करने के लिए प्रयासरत हूं शीघ्र ही कुछ देखने को मिलेगा, जिससे जनपद सशक्त व आत्मनिर्भर बन सके, तथा किसी को रोजी रोटी के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। जिलाधिकारी ने आए हुए समस्त अतिथि गणों का आभार प्रकट करते हुए कहा की समस्त व्यापारी समाज के प्रयास से कुशीनगर आने वाले समय में विकास की ओर अग्रसर स्थापित होगा। इस दौरान अजय गुप्ता को भामाशाह पुरस्कार एवं गायत्री इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर हरेंद्र कुशवाहा को भी सर्वोच्च करदाता पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही उल्लेखनीय कार्य किए जाने वाले व्यापारी व्यापारी गणों को भी सम्मानित किया गया, इसके अलावा शक्ति प्रेरणा उत्पादक समूह व नवयुवक प्रेरणा उद्योग समूह को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, ओ डी पी योजना के तहत टूल किट वितरण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमार अमित राज्य कर कमिश्नर, गुलाब चंद कटारिया सहायक आयुक्त राज्य कर, सरिता यादव आयुक्त कर पडरौना, सहित पीडी, डीसी मनरेगा, डीडीओ, डी आई ओ एस, बी एस ए, सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी,एवं उद्यमी मौजूद रहे।

दानवीर भामाशाह राष्ट्रवाद के प्रतीकः सुरेंद्र चौरसिया

देवरिया। दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पलक लॉन में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर दानवीर भामाशाह के योगदानों को याद किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों एवं उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि दानवीर भामाशाह राष्ट्रीय अस्मिता व गौरव के प्रतीक रहे हैं। जब मेवाड़ पर आंच आयी तो दानवीर भामाशाह ने अपना सर्वस्व महाराणा प्रताप को समर्पित कर मुगलों से मेवाड़ को स्वतंत्र कराने के लिए सहयोग किया। दानवीर भामाशाह राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं। मजबूत कानून व्यवस्था से इन्वेस्टर फ्रेंडली वातावरण तैयार है, जिसके चलते बड़ी संख्या में उद्यमी जनपद में निवेश कर रहे हैं।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन चरित्र अनुकरणीय है। उन्होंने समाज और राष्ट्र की अतुलनीय सेवा की है। उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर उद्यमी एवं व्यापारी राष्ट्र को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में व्यापारियों द्वारा नए-नए नवोन्मेष कर नए उद्यम स्थापित किये जा रहे हैं, जिससे रोजगार के वृद्धि हो रही है। वर्तमान समय में जनपद की जीडीपी लगभग 15000 करोड रुपए है, जिसे एक लाख करोड रुपए तक पहुंचाना है। इसके लिए व्यापारी एवं उद्यमियों को आगे आना होगा। जनपद में उद्यमिता के असीम अवसर मौजूद हैं।

व्यापारी नेता शक्ति गुप्ता ने कहा कि व्यापारीगण हमेशा से दानवीर होते हैं। राष्ट्र और समाज के सहयोग के लिए वे कभी पीछे नहीं हटते हैं। उन्होंने दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने के लिए राज्य सरकार का आभार भी व्यक्त किया। उद्यमी जेपी जायसवाल ने कहा कि सरकार व्यापार एवं उद्योगों के हित में कार्य कर रही है। जनपद में निवेश का अच्छा माहौल है। उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न विभागों की क्लियरेंस समय से मिल रही है। इस अवसर पर विभिन्न व्यापारी एवं उद्यमियों को सम्मानित किया गया जिनमें गणपति साल्वेंट प्लांट के नारद राजभर, आरबी इंटरप्राइज के विकास पांडेय, देवरही साल्वेंट प्लांट के कंचन, विजय बरनवाल, राधेश्याम मद्धेशिया जीआरपी के रवि, साहू एंटरप्राइज के आनंद गुप्ता, मनोकामना फूड्स के शिव कुमार, जेपी टेक्सटाइल के जेपी जायसवाल, पार्थ रेजिडेंसी होटल के राजकुमार अग्रवाल, प्रकाश ट्रेडर्स के राजकुमार मद्धेशिया, मां दुर्गा फ्लोर मिल के मनोज मद्धेशिया, आरकेएसटी सीमेंट के विजय कुशवाहा, कांत इंडस्ट्रीज के कृष्ण कुशवाहा, आकृति इंटरप्राइज के अजय कुमार राय, पूर्वांचल इंडस्ट्रीज के विनय गुप्ता शामिल हैं। इस दौरान पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल, उपायुक्त जीएसटी पंकज लाली व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

एल्कोहलयुक्त औषधियों का नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग रोकने का निर्देशः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्य कक्ष में एनसीओआरडी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में मादक एवं नशीले पदार्थ के प्रयोग को रोकने के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एल्कोहलयुक्त औषधि या टिंचर का दुरुपयोग नशीले पदार्थ के रूप में करने से रोका जाए। ऐसे दवाओं के विक्रय स्थल पर विशेष सतर्कता बरतते हुए ट्रेसिंग की जाए। यदि कहीं कोई प्रकरण या स्थल संज्ञान में आये तो विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने ड्रग इंस्पेक्टर रुद्रेश त्रिपाठी को मेडिकल स्टोर्स की जांच करने एवं पंजीकृत चिकित्सक के मेडिकल प्रिसक्रिप्शन पर ही दवा विक्रय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि कई लोग दवाओं का प्रयोग नशे के लिए कॉम्बिनेशन ड्रग्स के रूप में कर रहे हैं। प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर जन जागरूकता के संबंध में बैनर लगाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नशे के विरुद्ध जन जागरूकता हेतु मुख्यतः विद्यालयों एवं कॉलेजों में कार्यक्रम संचालित किया जाए। विद्यालयों में नशा मुक्ति शपथ हस्ताक्षर अभियान नुक्कड़ नाटक निबंध प्रतियोगिता कविता आदि आयोजित कर जागरूकता फैलाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री को रोकने के लिए पुलिस एवं आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि आबकारी एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से झुग्गी झोपड़ी एवं समस्त संवेदनशील स्थानों पर जागरूकता अभियान भी संचालित करें और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि बीट आरक्षी, लेखपाल, कानूनगो, सचिव, रोजगार सेवक, आशा सहित ऐसे समस्त कार्मिक जो किसी न किसी रूप से फील्ड कार्य से जुड़े हैं वे यदि किसी व्यक्ति को नशे के गिरफ्त में देखें तो उसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को दें। जिलाधिकारी ने निदान पोर्टल का उपयोग बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों विशेषकर अंतराज्यीय एवं अंतर्जनपदीय सीमा पर विशेष चौकसी बरती जाए। नशीले पदार्थों की तस्करी के संबंध में इंटेलिजेंस इनपुट बढाए जाए। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ भीम कुमार गौतम, सीओ संजीव रेड्डी, जिला आबकारी अधिकारी, डीआईओएस वीके सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अधिकारी उपस्थित थे।

पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंधः कामेश्वर

देवरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पौधा माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा सलेमपुर मण्डल द्वारा डाक बंगला परिसर सलेमपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह का कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह और जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने पदाधिकारियो के साथ डाक बंगला परिसर में आम का पौधरोपण किया।

किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है।

जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है, किसान मोर्चा द्वारा 20 जुलाई से 30 जुलाई के बीच मे जिले के सभी मंडलो में वृहद पौधरोपण का आयोजन किया जाएगा, जिसमे किसान मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारी और मण्डल के पदाधिकारी भाग लेंगे।

किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा के लिए पौधरोपण जरूरी है। बिगड़ते पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए, समय पर वर्षा के लिए, अच्छे खेती के लिए पौधरोपण जरूरी है। पेड़ पुत्र के समान भावना से किसी भी उत्सव को सफल बनाने हेतु लोग एक पौधा अवश्य लगाएं

मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा अशोक तिवारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

उक्त अवसर पर कन्हैया लाल जायसवाल,धनुषधारी मणि, नवीन सिंह, प्रमोद शाही,अजय दूबे वत्स, हिमांशु सिंह,गब्बर दूबे, रविशंकर मिश्र,अनूप उपाध्याय, दिग्विजय नाथ तिवारी,अजय गौतम,दीपक श्रीवास्तव,राकेश दूबे,अनिल ठाकुर,छेदी जायसवाल,अवधेश मद्देशिया, शैलेश दूबे,अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं का अनशन समाप्त, 1 जुलाई को काला दिवस

बांदा। त्रिस्तरीय असंगत कानूनों के परिवर्तन व स्थगन की मांग को लेकर चल रहा क्रमिक अनशन शनिवार को भी जारी रहा। इस मामले को लेकर अधिवक्ता संघ आम सभा की बैठक हुयी। इसमें एक स्वर से हड़ताल का आगाज करते हुए हुंकार दिल्ली के राजनैतिक गलियारे, आल इंडिया बार काउंसिल समेत देश के कई प्रदेशों में पहुंची और कई प्रदेशों के बार संगठनों ने इसमें भागीदार कर लगातार हड़ताल व विरोध के स्वर उठाए। तीन कानूनों की विसंगतियों के विरोध को लेकर शुरू किए गए आंदोलन को देशभर के अधिवक्ताओं व बार काउंसिल ने अंगीकार कर पश्चिमबंगाल बार काउंसिल व अंडमाननिकोबार समेत अन्य प्रदेशों ने 1 जुलाई को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। बांदा बार संघ ने 1 जुलाई को ब्लैक डे मनाते हुए न्यायिक कार्य से विरत रह काले फीता, तख्ती लेकर मार्च करते हुए काला दिवस मनाया। बार काउंसिल आफ इंडिया, सुप्रीम कोर्ट बार संघ के बैठक में कारगुजारी में उपस्थित दर्ज कराकर इंडियन बार काउंसिल द्वारा बनायी जा रही कमेटी में बांदा व बुंदेलखंड में बांदा व प्रदेश के अच्छे सेशन के अधिवक्ताओं को प्रतिनिधित्व देने की मांग करेंगे। बार संघ के मेमोरेंडम जो 18 पैरा में सभी जगह भेजा गया है के आधार पर बार काउंसिल आफ इंडिया ने संज्ञान लिया और आंदोलन न करने की सलाह दी है। सरकार की ओर से कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव को कमेटी से विचार करने को कहने पर बांदा व बुंदेलखंड की राय ली जाने के लिए कमेटी में शामिल कर संघर्षपूर्ण प्रयास किया जाएगा। शनिवार को धरने में बार संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह व अन्य अधिवक्ताओं को जूस पिलाकर अनशन में बैठे महासचिव रामप्रकाश शिवहरे व कोषाध्यक्ष ने अनशन समाप्त करने की घोषणा की।

निःशुल्क रोजगार मेला 01 जुलाई को

देवरिया। जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेन्टर, देवरिया के तत्वावधान में जिला सेवायोजन कार्यालय, जी०आई०टी०आई० कैम्पस में 01 जुलाई को को पूर्वाह्न 10 बजे से निःशुल्क रोजगार मेला आयोजित किया गया ह मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी विजन इण्डिया प्रा०लि० के द्वारा हिन्डाल्कों एवं सुब्रोज लि० कम्पनी हेतु नैप्स ट्रेनी के पद पर कैम्पस चयन किया जाएगा। हिन्डाल्को हेतु आईटीआई फीटर, वेल्डर एवं इन्स्ट्रुमेन्टेशन ट्रेड के उत्तीर्ण पुरूष अभ्यर्थी एवं सुब्रोज हेतु आई०टी०आई० समस्त ट्रेड के पुरूष अभ्यर्थी पात्र हैं।

संक्षेप

नाला न पटवाए जाने से ग्रामीणों में रोष

पाटन, उन्नाव। जिला पंचायत द्वारा बनवाए गये पक्के नाले को न पटवाए जाने से ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों शासन प्रशासन सहित जिला पंचायत को पत्र भेज कर नाला पटवाए जाने की गुहार लगाई है। तहसील बीघापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंदनपुर भाटन खेड़ा के हिंदू नगर में जल निकासी के लिए कुछ दिन पूर्व हजारों रुपए की लागत से नाले की खुदाई कराई किंतु नाले को अब तक पाटा नहीं गया है। नाले के न पाटे जाने से जहां ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना उठाना पड़ रहा है वही बारिश के इस मौसम में जल भराव व आंधी पानी से उड़ने वाली धूल झंकार से नाले में सिल्ट जमा होने का भी डर है नाले में राविश जम जाने के कारण जल निकासी में भारी दिक्कत उठानी पड़ सकती है दूसरे नाले के न पटे होने से गांव में स्थित साधन सहकारी समिति में पहुंचने के लिए किसानों को दो-चार होना पड़ रहा है घरों के सामने गहरे नाले होने से निकासी की हो रही समस्या को लेकर कुछ लोगों ने अपने घरों के सामने जैसे तैसे आने-जाने का रास्ता बना लिया है किंतु जनहित में नाले का पटाया जाना अति आवश्यक है। ग्रामीण विजय वाजपेई, अजय बाजपेई, दीनदयाल त्रिवेदी, अशोक त्रिवेदी, सुनील, राजा बाबू आदि ने उक्त नाले को पटाये जाने की गुहार शासन प्रशासन सहित जिला पंचायत से की ।

भक्तों ने लगाये बाबा अमरनाथ के जयकारे

पुरवा, उन्नाव। शुक्रवार को क्षेत्र के मंगतखेड़ा, मझखोरिया, बैगांव, चेतरा सहित आधा दर्जन ग्राम पंचायतों के आधा सैकड़ा भक्त बाबा अमरनाथ बफानीं के जयकारे लगाते हुए बाबा अमरनाथ के दर्शनों के लिए रवाना हुए। भक्तों का यह जत्था लगातार कई वर्षों से बाबा बफानीं के दर्शनों के लिए जा रहा है। बाबा के दर्शनों के लिए जा रहे भक्तों की सूचना पर उन्नाव रेलवे स्टेशन पहुंचे हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल द्विवेदी व समाजसेवी आशीष पांडेय ने भक्तों का रोचना कर पट्टा पहनाया। समाजसेवी आशीष पांडेय ने भक्तों के लिए मिठाई व पानी की व्यवस्था की, जिसपर भक्तों ने धन्यवाद दिया। दर्शन के लिए जाने वाले भक्तों में अरुण दीक्षित, सुधीर अवस्थी, अमित दीक्षित, पंकज सिंह, संदीप रावत, अजय सिंह, संतोष, पुताई, सुनील अवस्थी, दीपू, सुमेर सहित आधा सैकड़ा भक्त बाबा अमरनाथ के दर्शनों हेतु रवाना हुए। यह यात्रा लगभग दस दिनों की होगी।

संदिग्ध हालात में युवक की मौत

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव नदी में उतराता हुआ मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।महोली कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चमारन टोला निवासी अनिल कुमार उर्फ बंटी पुत्र प्रमनलाल मछली पकड़ने के लिए कठिना नदी पर गया था। जिसके बाद वह लौटकर घर नहीं पहुंचा। परिजन उसे तलाशने के लिए कठिना नदी तट पर पहुंचे, तो वहां का दृश्य देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। क्योंकि नदी में अनिल कुमार का शव उतरा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। परिजन हत्या का संदेह जता रहे हैं। इधर पुलिस का कहना है कि ऐसा प्रतीत हो रहा है, कि जैसे युवक की मौत डूबकर हुई हो। घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हैं। पुलिस ने मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना प्रभारी ने बिछड़ी महिला को परिवार से मिलाया

सीतापुर। थाना थांनगांव प्रभारी ने घर से किसी कारण वश बिछुड़ी महिला को उसके परिवार और पति से मिलाकर एक नजीर समाज को पेस की। थाना प्रभारी थांनगांव की सभी लोग सराहना कर रहे। बताते चले कि महमूदाबाद कोतवाली के मोतीपुर निवासी प्रीती पत्नी भानू किसी कारण बस घर से लापता हो गयी थी। वह भटकते भटकते थांना थानगाँव इलाके में आ गई। कुछ ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी ने प्रीती को उसके पति ,परिवार से मिलाने का नेक कार्य किया। सामाजिक प्रत्यक्ष दर्शी लोग प्रभारी की सराहना कर रहे। लोग का कहना की थाना प्रभारी ने महिला को उसके परिवार से मिला दिया अन्ययथा कोइ अप्रिय घटना हो सकती थी। बड़ी वारदात, सोहदो के चंगुल से बचाया।

निर्माण कार्यों में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी।

- नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक हुई संपन्न

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगरीय निकाय से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये निर्देश दिये कि नगरीय निकायों में संचालित विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुये कहा कि सुधार न होने की स्थिति में ब्लैक लिस्टेड किये जाने की कार्यवाही की जाये। जिन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के मौसम में सफाई की उच्चकोटि की व्यवस्था की जाये। जन सुविधा के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ किया जाये। जल निकासी तथा नाला सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुये जलभराव की स्थिति में तत्काल जल निकासी करायी जाये। संचारी रोगों की रोकथाम हेतु स्वच्छता एवं फागिंग का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही पायी गयी तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बेसहारा गौवंश को अभियान चलाकर संरक्षित किये जाने के निर्देश भी दिये। विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि का समय से नियमानुसार व्यय किये जाने के उपरान्त उपभोग प्रमाण-पत्र समय से प्रेषित करने हेतु भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। नैमिषारण्य क्षेत्र में चक्रतीर्थ एवं मॉ ललिता देवी मन्दिर के आस-पास क्षेत्र में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु भी निर्देशित किया। प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग रोकने हेतु अभियान चलाये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में रैकिंग में सुधार हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित समस्त अधिशासी अधिकारी व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दवाओं के पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि साफ-सफाई का बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में गत वर्ष संक्रामक रोग, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के मामले पाये गये है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाये। ऐसे स्थलों पर संवेदनशीलता से से फागिंग, एण्टीलार्वा छिड़काव आदि कराते हुये पूरी सतर्कता रखी जाये। संक्रामक रोगों का कोई भी प्रकरण प्राप्त होते है तो सभी संबंधित विभागों को सूचित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों, नालियों, झाड़ियों की साफ-सफाई, फागिंग, एण्टीलार्वा छिड़काव का प्रबंध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी दिये। डायरिया के नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि मरीजों का तत्काल समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाये। दवाओं के पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाये। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्रवाई करने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि हाई रिस्क वाले ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए। उनकी एक सूची बना ले उनमें साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि वहां पर बीमारियों से रोकथाम हो सके और वहां के लोगों को जागरूक भी किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिस विभाग की जो भी कार्ययोजना है। उसी के अनुसार कार्य संपादित कराया जाये। उन्होंने संचारी रोग से सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को गंभीर हो जाने का निर्देश देते हुये कहा कि इसकी रोकथाम के लिए शीघ्र टीम बनाकर हर क्षेत्र में जनजागरूकता व अन्य गतिविधियां युद्धस्तर पर संचालित की जाए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई व दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरपाल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

खेत में मिला वृद्ध का रक्त रंजित शव

जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव मन्ना नगरी निवासी एक वृद्ध का रक्त रंजित शव गांव से लगभग दो किमी दूर उसके खेत के पास पड़ी उसकी झोपड़ी में मिला। वृद्ध कई वर्षों से घर से दूर वहीं झोपड़ी बनाकर रहता था।

वहीं खेत में परवल की खेती की देख भाल और अपने पशुओं की देखभाल करता था। शनिवार सुबह जब पुत्र सुनील खेत पर गया तो पिता का रक्त रंजित शव देखकर घरवालों को सूचना दी। जिसपर घरवालों एवम ग्रामीणों के पहुंचने पर कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी, फॉरेंसिक टीम तथा फील्ड यूनिट भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की है। मन्ना नगरी गांव निवासी लगभग सत्तर वर्षीय बुधई कई वर्षों से गांव से लगभग दो किमी दूर गंगा कटरी में अपने खेत और अमरूद की बगिया में झोपड़ी बनाकर अकेला रहता था शेष घरवाले उसकी पत्नी भगाना चार पुत्र और उनकी पत्नी बच्चे आदि गांव में घर पर रहते थे। शनिवार को बुधई का पुत्र सुनील जब खेत पर गया तो उसने पिता का रक्त रंजित शव वहां पड़ा देखा तो घर पर सूचना दी। बुधई के चेहरे पर घाव देखकर ग्रामीणों का अनुमान है कि किसी नुकीले धारदार हथियार से हमला कर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। ग्रामीणों में चर्चा रही कि वह बहुत सीधा था किसी से उसकी कोई दुश्मनी नहीं थी। साथ ही यह भी चर्चा रही कि मृतक बुधई के चार पुत्र कमलेश, सुनील, अरविन्द तथा प्रेम कुमार हैं और एक पुत्री रिंकी है जिनमें कमलेश, सुनील व पुत्री रिंकी की शादी हो चुकी है। उसका एक पुत्र प्रेमकुमार आगरा में रहकर काम करता है जो काफी समय से गायब है उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। उधर गांव के ही सुरेश नामक एक व्यक्ति की पुत्री जिसकी शादी हो चुकी है वह भी कहीं चली गई है। सुरेश व लड़की के अन्य परिजनों का आरोप है कि प्रेमकुमार से प्रेम सम्बन्ध के चलते वह लड़की को लेकर कहीं चला गया है। जिसकी खुन्नस दोनो परिवारों में चल रही थी। पुलिस पूंछताछ के लिए गांव के कुछ लोगों को ले गई है।

एक सप्ताह से परेशान हैं हस्तिनापुर के बाशिंदे

सीतापुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर से लेकर गांवों तक बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दे रखे हैं। यहां तक कहा गया है कि अगर कहीं ट्रांसफार्मर फुंक जाए, तो उसे 24 घंटे के अंदर बदला जाए। बावजूद इसके जिम्मेदार मनमानी पर उतारू हैं। ऐसा ही मामला जिले के पिसावां क्षेत्र में नेरी उपकेंद्र से जुड़ी ग्राम पंचायत हस्तिनापुर में देखने को मिल रहा है। इस ग्राम पंचायत में लगा ट्रांसफारमर करीब एक सप्ताह पूर्व फुंक गया था।

ग्रामीणों को उम्मीद थी, कि जब मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दे रखे हैं, तो बिजली विभाग जल्द ही यह काम करेगा। ग्रामीणों को इंतजार करते -करते एक सप्ताह का वक्त बीत चुका है, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया है। गांव के राम सेवक, बृजलाल, ठाकुर, राजू, पप्पू, बिंद्रा आदि ने बताया कि घरों मे लगे बिजली उपकरण शो पीस बन गए हैं। भीषण गर्मी में भी बिजली का पंखा नहीं चला सकते। गांव में कई लोगों के घर तो पेयजल तक की दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तमाम शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। रात के वक्त पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहता है। जिससे चोरी जैसी वारदातों का भय भी बना हुआ है।

कोटेदार की हृदय गति रुकने से मौत

सीतापुर। विकास क्षेत्र रेउसा इलाके में कोटेदार की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। कोटेदार की अचानक मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार के मुखिया का अचानक चले जाने से परिवार बिखर गया। ग्राम हजरिया निवासी ब्रजेश कोटेदार सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान ब्रजेश के नाम से आवंटित थी। शनिवार को अचानक सीने में दर्द महसूस की। परिवार के लोग कोटेदार को सीएचसी रेउसा से दवा लेकर वापस जाते समय रास्ते मे सांसे थम गई। वही कोटेदार संघ बड़े भैया, अशोक रावत, मंजू सिंह, बनवारी लाल, तेज प्रताप सिंह आदि लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त दी।

थाने आने वाले हर फरियादी को न्याय देना होगी प्राथमिकता: कृष्ण कुमार सकरन

सीतापुर। थाने की कमान सम्भालते ही नवागत एसओ कृष्ण कुमार ने मीडिया को बताया कि थाने आने वाले हर फरियादी की बात सुनकर उसको न्याय दिलाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा थाने पर दलालों का प्रवेश वर्जित रहेगा क्षेत्र में हो रहे अवैध बालू खनन, कच्ची शराब के बिरूद्ध अभियान चला कर कार्यवाही की जायेगी पीडित की बात सुनकर उसे न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता रहेगी नवागत एसओ 2015 बैच के एसआई है जो लहरपुर, बिसवा, रामपुर मथुरा, महमूदाबाद आदि थानों में रह चुके है इससे पूर्व वह एसपी के पीआरओ थे यहां के एसओ दिग्विजय पांडेय का गैर जनपद तबादला हो जाने पर उन्हे पुलिस स्टाफ व क्षेत्रीय लोगों द्वारा विदाई दी गयी।

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक

लहरपुर/सीतापुर। देश व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने व उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकासखंड की ग्राम पंचायत कल्यानपुर के पंचायत भवन में शनिवार को विशेष कैंप लगाकर ग्राम सचिव सत्येंद्र वर्मा, ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी लोग जिनको किसान सम्मान निधि मिल रही है वह अपनी-अपनी केवाईसी अवश्य करा लें व जिनको किसान सम्मान निधि नहीं प्राप्त हुई है। वह अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, बैठक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि, भारत सरकार गरीब परिवारों को स्वास्थ्य बीमा के तहत आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत सभी 6 यूनिट के राशन कार्ड धारकों को बीमा का लाभ उपलब्ध करा रही है इसलिए सभी कार्ड धारक अपना अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें। ग्राम सचिव सत्येंद्रवर्मा ने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि, सभी वह लोग जो 60 वर्ष पूरे कर चुके हैं। वृद्धा अवस्था पेंशन के लिए अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा लें व सरकार द्वारा चलाई जा रही विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन , हर घर जल योजना व परिवार में मुखिया की मृत्यु होने पर पारिवारिक लाभ की जो भी योजनाएं हैं इसका लाभ उठाएं, ग्राम सचिव ने यह भी बताया कि अगर ग्राम पंचायत में किसी का जन्म या मृत्यु होती है तो 21 दिन के अंदर पंजीयन अवश्य करवा लें व प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त कर लें। इस मौके प्रधान रमेश वर्मा, पंचायत सहायक आकांक्षा वर्मा आंगनबाड़ी, आशा सहित ग्रामीण उपस्थित थे, कैम्प मे 20 लोगों ने योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन किया जिसमें सबसे अधिक राशन कार्ड के 12 आवेदन, आवास के 6 आवेदन तथा किसान सम्मान निधि की 2 आवेदन प्राप्त हुए परंतु किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका।

भगवान बालाजी की मूर्ति को किया खंडित

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरिया में भगवान बालाजी की मूर्ति को शुक्रवार को किसी अज्ञात के द्वारा खंडित कर दिए जाने पर देर शाम भगवान बालाजी की नयी मूर्ति मंगा कर मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत स्थापित कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेमरिया स्थित बालाजी मंदिर में किसी के द्वारा बालाजी भगवान की मूर्ति खंडित कर दी गई थी, मूर्ति के खंडित होने की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सतीश मिश्रा बजरंगी के नेतृत्व में, जय वर्मा बजरंगी, मीनू मिश्रा बजरंगी, रवि बजरंगी, अभिषेक बजरंगी आदि ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, शुक्रवार को ही देर शाम श्रद्धालुओ ने बालाजी महाराज की नई मूर्ति लाकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में स्थापित कर दिया। मंदिर के पुजारी विनोद कुमार बाजपेई ने बताया कि, आगामी 8 जुलाई को बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापना के लिए धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और 12 जुलाई को विधि विधान से पूजा अर्चना कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, जांच में एक विक्षिप्त युवक के द्वारा मूर्ति को खंडित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है, मंदिर परिसर में भगवान बालाजी महाराज की नई मूर्ति स्थापित करा दी गई हैं व मंदिर की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

डंपर ने बाइक को मारी टक्कर ,महिला की मौत

महमूदाबाद/सीतापुर। नगर स्थित बाईपास जो लखनऊ क्रॉसिंग से मोतीपुर चौराहे की ओर आता है वहां पर प्लैटिना बाइक को डंपर ने टक्कर मार दी,। जिसके बाद बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। दरअसल लखनऊ निवासिनी माजिदा बानो अपने पुत्र शमीम के साथ नगर स्थित बाईपास रोड पर आम खरीदने के लिए रुकी थी, उसी वक्त तेज रफ्तार डंपर ने लखनऊ निवासिनी माजिदा बानो की सांसे थमा दी। माजिदा बानो अपने बेटे के साथ अपने रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में बोहाइया गावँ पहुंची थी। दजिसके बाद वह करीबी रिश्तेदार के यहां होते हुए वापस लखनऊ की ओर जा रही थी तभी यह हादसा हो गया, बेटा शमीम बताता है कि वह बाईपास के किनारे इंडिकेटर देकर आम खरीदने के लिए रुका था तभी तेज रफ्तार अज्ञात डम्फर ने उसको टक्कर मार दी। जहां डम्फर की चपेट में आकर मौके पर ही उसकी अम्मी की मौत हो गयी। मौके से डंपर चालक फरार हो गया। मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया गया। हालांकि मौके पर मृतक के परिजनों द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने के समय जमकर विरोध किया गया। हालांकि पुलिस द्वारा शक के आधार पर बडडूपुर के करीब पांच डंपरों को रोका गया है और जांच चल रही है। हालांकि बाद में पुलिस के आश्वासन के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजे जाने के हामी भर दी।

अपना टैक्स समय से भरा जाना सुनिश्चित करें

सीतापुर। दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस प्रदेश स्तर पर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया, जिसके क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में उद्योग विभाग एवं राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद में एकल सर्वाधिक कर राजस्व जमा करने वाली दो फर्मों अग्रवाल आटो सेल्स एवं जेपी सेल्स कारपोरेशन के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनपद में निवेश करने वाली फर्मों सीतापुर टिम्बर ट्रेडर्स, विटेज विलेज, हर्ष इंटरप्राइजेज, आरोहन प्रोडक्शन प्रा0लि0, ग्रोफास्ट प्लेंटेक लि0 ग्रोफास्ट आर्गेनिक डायमण्ड प्रा0लि0 एवं उत्तम इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि अपना टैक्स समय से भरा जाना सुनिश्चित करें तथा नए लोगों को भी समय पर टैक्स जमा करने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उद्यमियों और व्यापारियों को जो भी समस्याएं हों, वह तत्काल संज्ञान में लायें, समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विभाग आयुषी पाण्डे एवं मोहित पाण्डे द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट प्रांगण में एक जनपद एक उत्पाद से संबंधित प्रदर्शनी, सरायन स्वयं सहायता समूह तथा अग्रवाल ऑटोमोबाइल का स्टाल भी लगाया गया। कार्यक्रम में दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता, ज्वाइंट कमिश्नर राज्यकर राममूरत, वी.पी. सिंह, व्यापार मण्डल के पदाधिकारी सुशील अग्रवाल, सहित उद्योग विभाग व वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

सत्यम ने हासिल की डॉक्टरेट की उपाधि

जिला संवाददाता(vol)

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के छात्र सत्यम गुप्ता ने बढ़ाया नगर एवम क्षेत्र का गौरव। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। जिससे नगर एवम क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड गयी।

कस्बे के मोहल्ला सराय सुबेदार निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ताल्लुक रखने वाले, सामाजिक कार्यकर्ता एवम व्यापारी विजय गुप्ता एवम बबिता गुप्ता का पुत्र सत्यम गुप्ता बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है। उसने वर्ष 2013 में सरस्वती विद्या मंदिर पूरन नगर उन्नाव से इंटर मीडिएट परीक्षा 90.4 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण कर टापर सूची में अपना नाम दर्ज कराया था। वर्ष 2018 में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल तेलांगना से रासायनिक अभियांत्रिकी में बीटेक की डिग्री प्राप्त करने के उपरांत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर से कठिन परिश्रम के बाद रासायनिक अभियांत्रिकी में पी.एच.डी की डिग्री हासिल की है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) द्वारा आयोजित 57 वे भव्य दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि यू.एस.ए के ओरेगॉन राज्य विश्व विद्यालय की अध्यक्षा प्रोफेसर जयथी वाई. मुर्थी की गरिमामयी उपस्थिति में जब सत्यम गुप्ता को पीएचडी की उपाधि से अलंकृत किया गया, तो उसके माता, पिता एवम परिवार सहित शुभचिंतक भी गौरान्वित हो उठे। बचपन से ही मेधावी छात्र रहे सत्यम गुप्ता को डॉक्टरेट की उपाधि हासिल करने पर नगर एवम क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों, सामाजिक, कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है।

इस मौके पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर, भाजपा नेता हरिशरण लाला, हजरत मख्दूम शाह सफी की दरगाह के सज्जादानशीन नवाजिश मोहम्मद फारूखी, अफजाल अहमद फारूखी, वार्ड के सभासद अभिनव शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह राम नरेश सिंह चैहान, नगर व्यापार मंडल के संजीव गुप्ता (पूर्व सभासद), वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर द्विवेदी, कमलेश गुप्ता आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते सत्यम गुप्ता एवम उनके माता पिता को बधाई देते हुए अपनी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

बारिश से गिरा जिले का तापमान

सीतापुर। बीते कई दिनों से भीषण गर्मी की दंश झेल रहे सीतापुर जिले के लोगों के लिए शनिवार का दिन राहत भरा रहा। शुक्रवार की रात बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट देखने को मिली। जिले के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से लोगों ने सकून महसूस किया। वहीं शनिवार को पूरा दिन बादल

छाए रहे, इससे मौसम सुहाना रहा। यहां बता दें कि शुक्रवार की देर रात जिले में बारिश हुई। जिसका असर शनिवार को देखा गया। सुबह जब लोगों की नींद खुली, तो आसमान में बादल छाए थे। इन्हीं बादलों की छांव के बीच सुहानी हवा चल रही थी। इन हवाओं ने लोगों को काफी हद तक गर्मी से राहत दी। सूर्योदय हुआ और दोपहर हुई, लेकिन बीते दिनों जैसी जलती, चुभती गर्मी से लोगों को सामना नहीं करना पड़ा। यह पहला मौका है कि जून के महीने में लोगों ने राहत की सांस ली है। दोपहर होते-होते जिले का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस ही पहुंच सका। जबकि शुक्रवार को जिले का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस था। इस हिसाब से जिले के तापमान में शनिवार को 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिली। हालांकि इतनी राहत के बावजूद शनिवार को भी लोग नदी, नहरों व स्वीमिंग पूल में उछलकूद मचाते नजर आए। कुल मिलाकर बीते दिनों की अपेक्षा शनिवार का दिन बेहद राहत भरा रहा। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

मां कामाख्या भवानी मंदिर का होगा कायाकल्प

अयोध्या। रामनगरी के पौराणिक धार्मिक स्थल मां कामाख्या भवानी धाम जो रुदौली तहसील क्षेत्र मे स्थित है, का प्रदेश के योगी सरकार सौन्दर्यीकरण कराएगी। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने व मां कामाख्या धाम को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने के लिए मंदिर का कायाकल्प कराया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार ने 80 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। रुदौली तहसील क्षेत्र स्थित मां कामाख्या भवानी मंदिर को लेकर लोगों मे बड़ी आस्था है। यहाँ प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते हैं। यहाँ आने वाले लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश कि योगी सरकार मां कामाख्या धाम मंदिर का कायाकल्प करा रही हैं। पर्यटन निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कामाख्या भवानी मंदिर गेट का निर्माण किया जाएगा व पार्किंग की सुविधा की जाएगी। परिक्रमा मार्ग बनाया जाएगा। इसके अलावा टॉयलेट रूम व बाथरूम भी बनाए जाएंगे। एक हफ्ते के अंदर या काम शुरू कर दिया जाएगा।

संक्षेप

मछली के शिकार पर डीएम ने लगायी रोक

बांदा। जिले के तालाबों, जलाशयों, नदियों में मत्स्य जीव के शिकार पर रोक लगा दी गयी है। डीएम के आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि रक्षा एंव व्यापारिक कार्यों में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नही मारेगा और न ही मारने का प्रयास करेगा। कोई भी व्यक्ति 30 सितंबर तक मत्स्य जीरा अथवा अंगुलिका (2 से 10 इंच) आकर की न तो पकड़ेगा, न ही बेचेगा। निर्देशित क्षेत्र के प्राकृतिक बहाव को रोकने हेतु कोई अवरोध नही लगायेगा, और न ही ऐसा करके मत्स्य जीरा, अंगुलिका और मछली नही पकड़ेगा अथवा नष्ट करने का प्रयास करेगा। इन आदेशो के उल्लंघन में लगाये गये अवरोधक सामग्रियों पकड़े गये मत्स्य जीरा, मत्स्य अंगुलिका एंव मछली सहित जब्त कर ली जायेगी।

थाना बानपुर में एसपी ने किया औचक निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना बानपुर का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण करते हुये सम्पूर्ण थाना परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु थानाध्यक्ष बानपुर को निर्देशित किया गया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को थानाध्यक्ष द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बानपुर में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, अवैध शराब-मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने थाना बानपुर कार्यालय में चलने वाली कम्प्यूटरीकृत जीडी का निरीक्षण किया गया व पुलिस बल की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष बानपुर सियाराम वर्मा व सभी अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

युवक से मारपीट मामला दर्ज

ललितपुर। घर से खाना खाकर खेतों पर बने कुंए पर सोने जा रहे व्यक्ति को रास्ते में रोककर कुल्हाड़ी की मूंद से मारपीट करने का आरोप लगाते हुये महिला ने एक शिकायती पत्र थाना पुलिस को दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम धनगौल निवासी गुडडी पत्नी मनोज परिहार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 25 जून को रात करीब 9.10 बजे उसके पति मनोज परिहार पुत्र बालचंद्र घर से खाना खाकर खेतों पर बने कुंए पर सोने के लिए जा रहे थे।

इसी बीच रास्ते में नरिया पर गांव के विमल पुत्र भागचंद्र, नीरज पुत्र विमल जैन, मोनू पुत्र विमल, छोटू पुत्र विमल, मेघराज पुत्र खेतसिंह व राहुल पुत्र मेघराज खंगार ने पुरानी रंजिश के चलते उसके पति पर कुल्हाड़ी की मूंद, लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में, हाथ-पैर व पीट में गंभीर चोटें आयीं हैं। घायल मनोज को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

कठिन परिश्रम से ही हो सकती है लक्ष्य की प्राप्ति: विधायक

ललितपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गयी मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में यूपी बोर्ड, यूपी संस्कृत बोर्ड, आईसीएससी बोर्ड एवं सीबीएससी बोर्ड में राज्य की मैरिट में स्थान प्राप्त करने वाले एवं जनपद में यू०पी०बोर्ड में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन धनराशि, टैबलेट, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय इण्टर कॉलेज सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा रहे। अन्य अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, पूर्व क्षेत्रीय मन्त्री, भाजपा गन्धर्व सिंह राजपूत शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी के0के0पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश द्वारा जनपद के हाईस्कूल के 10 एवं इण्टरमीडिएट के 10 छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपए की धनरशि के डेमों चैक, 01-01 टैबलेट, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। इन छात्र-छात्राओं में सेजल निरंजन, हर्ष शुक्ला, अंशिका निरंजन, आकाश कुमार निरंजन, शिक्षा रिछारिया, राधिका तिवारी, आरूशी यादव, जानवी, केशव अगरिया, अभय राजा, ओमशी सिंह, सुहानी विश्वकर्मा, प्रिंसी कुशवाहा, अंशी सिंह, आर्ची अलया, अंजली तिवारी, प्रणव गोस्वामी, अभिषेक, भूमिका श्रीवास्तव एवं अनुष्का दीक्षित शामिल रहीं। उक्त सम्मान प्राप्त करके छात्र-छात्राओं अत्यधिक प्रसन्न हुए तथा आगे भी इसी प्रकार की उपलब्धियों हासिल करने के लिए निरन्तर आगे बढने का संकल्प लिया गया। छात्र छात्राओं को 21000 हजार रुपए की प्रोत्साहन धनराशि कोषागार के माध्यम से डीबीटी से उनके खातों में भेजी गयी।कार्यकम को सम्बोधित करते हुए ललितपुर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि परिश्रम करते हुये लक्ष्य को निर्धारित करें, तभी लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। बड़ों की शिक्षाओं को ध्यान से सुनें। छात्र-छात्राएं अपने संकल्प लेकर उच्च कक्षाओं में प्रवेश लें और परिश्रम करते हुये अपना लक्ष्य प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार वर्ष 2017.से प्रतिवर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करके उनके भविष्य को सुधार रही है। उपरोक्त योजना को और अधिक विस्तार दिया जायेगा।

- मेधावी विद्यार्थी सम्मान योजना के तहत सम्मानित हुए जनपद के मेधावी छात्र-छात्राएं
- टैबलेट, 21 हजार की धनराशि, मैडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुई जनपद की मेधाएं

कार्यकम को भाजपा ललितपुर के जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, पूर्व श्रेत्रीय संगठन मंत्री गन्धर्व सिंह राजपूत, शिक्षक विधायक मुख्य विकास अधिकारी के0के0 पाण्डेय द्वारा सम्बोधित किया गया। कार्यकम के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों को बुकें देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तथा कार्यकम के उद्देश्य एवं महत्व के बारें में सभी को अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में धमेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज, ललितपुर, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज ललितपुर श्रीमती पूनम मलिक, प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल दावनी कोमल सिंह नरवरिया, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के वरिष्ठलिपिक अजय सिंह राठौर, रामकुमार सिंह वरिष्ठ सहायक, दयाशंकर गुप्ता लेखाकार, प्रवीण श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक, इन्द्रेश मोहन गुप्ता वरिष्ठ सहायक संजीव कुमार, राजकीय इण्टर कालेज ललितपुर एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज, ललितपुर के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार शुक्ला, प्रवक्ता रसायन विज्ञान राजकीय इण्टर कालेज द्वारा किया गया।

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

बांदा। हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा में प्रदेश एवं जनपद स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र के सम्मान कार्यकम के तहत उन्हें टेबलेट वितरण कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव की उपस्थिति में किया गया। प्रदेश स्तर पर इंटर की परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त करने पर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की छात्रा सुरभि सविता को एक लाख रुपये का चेक, टेबलेट, मेडल प्रदान किया गया। दसवां स्थान प्राप्त करने पर हिंदू इण्टर कॉलेज अतर्रा की छात्रा अंजली को एक लाख रुपये का चेक, टेबलेट, मेडल प्रदान किया गया। इसी प्रकार भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज की शिवानी, जे०पी० शर्मा इण्टर कॉलेज की योगिता त्रिपाठी, भागवत प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज की रश्मी को प्रसस्ति पत्र, टेबलेट एवं 21 हजार रुपये की धनराशि का चेक दिया गया। हाई स्कूल की मेधावी छात्र-छात्राओं में सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की राधिका त्रिपाठी, प्रीती शुक्ला, उपेन्द्र कुशवाहा तथा श्रीकृष्णा आइडियल इण्टर कॉलेज की जाहन्वी, ब्रम्हविज्ञान इण्टर कॉलेज के आदर्श सिंह एवं धनंजय गुप्ता, राजकीय इण्टर कॉलेज के अभिषेक साहू को प्रसस्ति पत्र, टेबलेट एवं 21 हजार का चेक भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कार दिए।

ई-रिक्शा चालकों ने लगाया वसूली का आरोप, किया प्रदर्शन

आंवला-बरेली। आंवला में ई रिक्शा चालकों ने आरपीएफ के खिलाफ अभद्रता व अवैध वसूली का आरोप लगाकर रेलवे स्टेशन रोड पर प्रदर्शन किया। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ई रिक्शा चालक आरिफ, छोटा, नीरज, भूरा आदि ने बताया वे नगर पालिका के द्वारा बनाई गई पार्किंग स्थल पर रहते हैं इसके बावजूद आरपीएफ कर्मी परेशान करते हैं और पैसे मांगते हैं।

बात ना मानने पर चालान काट देते हैं। उन्होंने कहा आरपीएफ कर्मियों को कोई परेशानी है तो वह कोई बोर्ड लगवा दें जिससे ई रिक्शा चालक उस स्थल तक नहीं जाएंगे। आंवला आरपीएफ चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया की आरोप निराधार है चालक रेलवे स्टेशन के सामने गलत तरीके से रिक्शे खड़े कर देते हैं और जाम लग लग जाता है और यात्रियों को भारी परेशानी होती है।

सवारी बैठाने को लेकर झगड़ते हैं और प्लेटफार्म पर यात्रियों के साथ खींचातानी करते हैं। चेतावनी के बाद भी बाज नहीं आ रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सख्ती की जाती है।

न्यायालय से पत्रावली में से कागज गायब होने पर वकीलों का हंगामा

फरीदपुर-बरेली। तहसील में नए तहसीलदार के न्यायालय से पत्रावली में से कागज गायब होने पर वकीलों ने हंगामा करते हुए एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

वहीं सिविल कोर्ट में बार एसोसिएशन के एजेंट के खिलाफ अधिवक्ताओं का एक गुटकर करने पर आमादा हो गया। जिस पर दोनों गुटों में न्यायालय में ही हंगामा शुरू हो गया।फरीदपुर में शनिवार को अधिवक्ताओं का दिन अच्छा नहीं रहा नायाब तहसीलदार के न्यायालय से एक पत्रावली में आपत्ती तथा वकालतनामा गायब हो गया जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता नन्हे बाबू ने आपत्ति दर्ज कर मीटिंग बुलाने की मांग की थी। तहसील बार एसोसिएशन की शनिवार को मीटिंग हुई। जिसमें अधिवक्ताओं ने इस पर काफी रोष व्यक्त किया। अधिवक्ताओं का कहना था कि पत्रावली में से कागज गायब नहीं होने चाहिए थे और उसके बाद उसे पत्रावली में जजमेंट कर दिया गया। अधिवक्ता एकत्र होकर एसडीएम निधि दोदियाल के कार्यालय पर पहुंच गए और वहां पर अपनी समस्या बताई एसडीएम निधि ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि इस संबंध में स्वयं जांच करेंगे और जो भी उचित कार्रवाई होगी करेंगे अधिवक्ताओं में नन्हे बाबू शर्मा वीरेंद्र यादव पीएम मिश्रा शाहिद हुसैन, नरेश चंद्र शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद थे इसके अलावा सिविल बार एसोसिएशन फरीदपुर द्वारा नो वर्क का एजेंडा जारी किया गया।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: एडीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित व्यापारीगण मौजूद थे।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह ने कहा कि खाद्य सुरक्षा का जनमानस के स्वास्थ्य से सीधा संबंध है, ऐसे विशेष मामले को आंकड़ों की बाजीगरी तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि धरातल पर लोगों को विभागीय अधिकारियों की कार्रवाई का व्यापक असर दिखना भी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि खाद्य गुणवत्ता जांच की कार्रवाई लगातार की जाए तथा इसी के साथ ही लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए, जिसमें लोगों को खाद्य सुरक्षा और उसके नियम और प्रावधानों की जानकारी दी जाए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंकड़ात्मक प्रगति व उपलब्धियों की रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट हिदायत दी कि खाद्य प्रदार्थों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य है इसके लिए पूरी सावधानी और सतर्कता बरतना सुनिश्चित करें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सीधे जीवन से जुड़ा है, इसलिए योजनाबद्व रूप से रोस्टर बनाकर जांच करें तथा इस कार्य में मिलावट करने वालों के विरूद्व कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक मेस, आंगनवाड़ी केंद्रों, ढाबों एवं होटलों सहित अन्य स्थानों पर भोजन के खाने की गुणवत्ता की भी जांच करें और संबंधित गुणवत्तापरक एवं स्वास्थ्यवर्द्वक भोजन उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर विजय कुमार गोयल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जिला महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल से मुनीश त्यागी, शिव कुमार माहेश्वरी, डा0 जमीलुद्दीन, चन्द्रपाल सिंह, सुधीर अग्रवाल तथा अन्य व्यापारीगण मौजूद थे।

एसडीएम ने किया नगर पालिका व पंचायतों के नालों की साफ - सफाई का निरीक्षण

नगीना, बिजनौर। एसडीएम अवनीश त्यागी ने नगर पालिका परिषद नगीना व नगर पंचायत बढ़ापुर का निरीक्षण किया और बरसात से पूर्व पालिका अधिशासी अधिकारी व सफाई अधिकारी को साफ सफाई और नालों की सफाई के दिशा निर्देश दिए। एसडीएम नगीना अवनीश त्यागी ने बरसात से पूर्व नगीना एवं आस पास के क्षेत्रों में जलभराव और साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए नगीना नगर पालिका क्षेत्र व नगर पंचायत बढ़ापुर में आने वाले विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर साफ सफाई की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी सन्दीप सक्सेना व सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा को सफाई व्यवस्था का ध्यान रखने, नालों की तलीझाड सफाई करवाने व जलभराव की निकासी की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सन्दीप सक्सेना, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, प्रधान लिपिक मदनपाल सिंह, योगेश प्रजापति सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

रविवार को भी खुलेंगे बिजली विभाग के कैश काउंटर

नगीना, बिजनौर। विद्युत वितरण खंड नगीना के अंतर्गत आने वाले उप खंड नगीना तथा कोतवाली, अकबराबाद, रायपुर व बढ़ापुर के उपभोक्ताओं के बिजली के बिल जमा करने के लिए का कैश काउंटर तथा कार्यालय रविवार 30 जून को भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। विद्युत वितरण खंड नगीना के अधिशासी अभियंता अमरीश कुमार ने जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली के बिलों के बकाया होने पर विच्छेदन (बिजली कनेक्शन काटने) की कार्रवाई से बचने के लिए अपने बिजली के बिल समय से जमा कराएं।

सेवानियोजक कंपनी ने 39 अभ्यर्थियों का किया चयन

ललितपुर। आईटीआई मे जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में रोजगार मेला/कैम्पस प्लेसमेण्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सर्वप्रथम प्राईवेट आईटीआई के संस्थापक एवं सुजान सिंह तोमर द्वारा जिला रोजगार सहायता अधिकारी एवं अतिथि नियोजकों का अभिवादन किया गया।

साथ ही आईटीआई परिसर में कैम्पस प्लेसमण्ट के साथ प्रायोजित कॅरियर काउन्सिलिंग का आयोजन भी किया गया, जिसमें जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा रोजगार मेले में आये सभी बेरोजगार अभ्यर्थियों को, प्रतिभाग कर रही कम्पनियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की, फिर उन्होंने सभी बेरोजगार अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षिक योग्यतानुसार कम्पनियों में साक्षात्कार देकर अपनी जीवोकापर्जन करने के समाधान दिये। साथ ही साथ सेवायोजन विभाग द्वारा नवनिर्मित रोजगार संगम पोर्टल सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। वातार्कार अतिथि अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग कर उनके उज्जवल भविष्य बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया। कैम्पस प्लेसमेण्ट में आयी कम्पनी द्वारा 50 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया तथा साक्षात्कार के उपरान्त कुल 38 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र वितरति किये गये। कार्यक्रम के अन्त में जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने आभार जताया।

सदर विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट कर विकास कार्यों के बारे में की चर्चा

महोबा। सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट कर जनपद महोबा विधानसभा क्षेत्र की निम्न समस्याओं एवं विकास कार्यों के साथ कुछ अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की एवं मुख्यमंत्री जी को समस्याओं से अवगत कराया। सदर विधायक ने मुख्यमंत्री से निम्नलिखित प्रमुख निवेदन किये। उन्होंने प्रदेश में होने वाले समस्त शासकीय निर्माण कार्यों में एम सैण्ड के प्रयोग का आदेश पारित करने का निवेदन किया। जनपद महोबा के ग्राम पहरा में पुलिस चौकी की स्थापना किये जाने हेतु निवेदन किया। जनपद मुख्यालय महोबा में पी एम ए जे ऐ वाई योजना अंतर्गत समाज कल्याण विभाग से अनुसूचित जाति महिला एवं बालिका छात्रावास निर्माण के लिए निवेदन किया। जनपद महोबा में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजना प्रधानमंत्री जनकल्याण कार्यक्रम से बहुउद्देशीय हॉल निर्मित कराये जाने का निवेदन किया। जनपद मुख्यालय महोबा में चरखारी बाईपास रोड का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कराये जाने का निवेदन किया। जिला चिकित्सालय महोबा में पद सृजित किये जाने एवं चिकित्सालय की क्षमता बढ़ाये जाने हेतु निवेदन किया। जिला चिकित्सालय महोबा में 200 बेड एवं ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य जल्द आरम्भ कराये जाने का निवेदन किया। सदर विधायक ने कबरई कुन्हेटा मार्ग के शेष भाग का चौड़ीकरण एवं सुद्धढ़ीकरण एवं कबरई पहरा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुद्धढ़ीकरण के कार्य हेतु निवेदन किया। जलशक्ति विभाग के अंतर्गत जनपद महोबा में अर्जुन मुख्य नहर व खरेला माइनर का सुद्धढ़ीकरण का कार्य कराये जाने का निवेदन किया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संसथान महोबा में नवीन क्लास रूम एवं डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना कराये जाने का निवेदन किया। जनपद महोबा में स्थित विजय सागर पक्षी विहार को महोबा वन प्रभाग समायोजित हेतु निवेदन किया। महोबा मुख्यालय स्थित वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी ए तथा एम ए की कक्षाओं में पद सृजन के साथ नए विषय संचालित हेतु निवेदन किया। जनपद मुख्यालय महोबा में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना हेतु निवेदन किया। कृषकों को सामूहिक रूप से स्टीमेट बनाकर नलकूप विधुत कनेक्शन दिए जाने हेतु निवेदन किया।इसके आलावा सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री जी ने उक्त सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया साथ ही आश्वस्त किया की जनपद महोबा विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित होगा।

सिविल लाइंस में एसबीआई की चीफ मैनेजर का पर्स छीना

बरेली। सिविल लाइंस के वीआईपी इलाके में कुछ बदमाशों ने स्टेट बैंक आफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक नूपुर विश्वकर्मा का पर्स छीन लिया और भाग गए। इस मामले में थाना कोतवाली में आईपीसी की धारा 392 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।किंग्स कोर्ट अपार्टमेंट निवासी अतुल चन्द्र की पत्नी नूपुर विश्वकर्मा ने यह रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 28 जून को वह अपनी ड्यूटी समाप्त करके घर जा रही थी, करीब नौ बजे स्टेट बैंक आफ इंडिया की मुख्य शाखा के पास एक बाइक पर तीन लड़के पीछे से आये और उनके हाथ में पर्स छीनकर भाग गए।उनके पर्स में पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी, डेबिट क्रेडिट कार्ड व कार की चाबी व ज्वेलरी जिसका मूल्य करीब 2.30 लाख रुपये से 2.80 लाख रुपये के बीच की थी।

भामाशाह की जयंती पर व्यापारी हुए सम्मानित

बांदा। -दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष मालती बासू ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यकम को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि महाराण प्रताप के संकट के समय भामाशाह ने अपना सभी कुछ न्यौछावर कर राष्ट्रहित में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। आज उनकी जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मना रहे हैं। सभी व्यापारियों से राष्ट्र व समाज हित में भामाशाह के सिद्धान्तों को अपनाते हुए लोगों की सहायता करने को कहा। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गतवर्ष भामाशाह के जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी। उसी के अनुरूप इस कार्यक्रम का आयोजन व्यापारियों को सम्मानित करने के लिए किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों के कल्याण के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा के द्वारा दुर्घटना में किसी व्यापारी की मृत्यु होने पर 10 लाख की सहायता प्रदान की जाती है।

इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों संतोष कुमार गुप्ता, राजकुमार राज ने संबोधित करते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह का जन्म राजस्थान में मेवाड के सादड़ी गॉव में ओसवाल जैन परिवार में हुआ था। वह बहुत बड़े दानी के रूप में प्रसिद्ध हुए हैं। व्यापारी राष्ट्रहित में सामाजिक कार्यों में सहयोग प्रदान करते है और व्यापार कर के रूप में सरकार को राजस्व भी देते हैं। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने भलाई के लिए जीवनभर दान किया। इस दौरान अशोक कुमार गुप्ता, डॉ० नरेन्द्र गुप्ता, रोहित जैन, संतोष साहू, नागेंद्र सिंह तथा प्रदीप गुप्ता आदि व्यापारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी व अधिकारी मौजूद रहे।

कांवड़ मेले को सम्पन्न कराने के लिए यूपी-यूके पुलिस अधिकारियों की बैठक

बिजनौर। आगामी श्रवण कावड़ यात्रा मेले को देखते हुए उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के अधिकारियों की एक समन्वय बैठक उत्तम शुगर मिल बरकतपुर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी श्रवण कांवड़ मेले को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए उत्तराखण्ड राज्य और उत्तर प्रदेश राज्य के सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों समन्वय मीटिंग में उपस्थित रहे।

उत्तम शुगर मिल बरकतपुर नागल सोती में शुक्रवार की शाम उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के सीमावर्ती जिलों की एक बॉडर मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में सभी आलाधिकारियों ने एक दूसरे से अपने अनुभव को साझा किया। श्रवण कावड़ मेले को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए एएसपी देहात राम अर्ज ने बताया कि कांवड़ मेले के लिए दोनो राज्यों के अधिकारियों संवेदनशील गांवों, अवैध शराब, एक दूसरे राज्य के बोर्डर के कच्चे पक्के रास्तों, अराजकतत्वों, गुंडा, बदमाशों पर पैनी नजर रखने की जरूत है।

दोनो राज्यों के अधिकारियों ने कहा कि श्रावण कांवड़ मेले में बोर्डर की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और अपराधियों पर शिकंजा कसने की जरूत है जिसमां कांवडियों के साथ कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगीना राकेश वशिष्ठ, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद देश दीपक सिंह, क्षेत्राधिकार धामपुर सर्वम सिंह, सीओ. ट्रैफिक हरिद्वार नताशा सिंह, सीओ अमरोहा अभिषेक यादव सहित उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश राज्य के कई अधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

अतिक्रमण हटाओ अभियान की पहले दिन ही निकली हवा...

बरेली। शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम द्वारा अभियान शनिवार से शुरू होना था, लेकिन पुलिस न मिलने के कारण पहले ही दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान की हवा निकल गयी।अतिक्रमण हटाओ अभियान के लिए नगर निगम की नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने निर्देश दिए कि शहर की सभी सड़कें अतिक्रमण मुक्त किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक टीम गठित की। जिसमें एक नोडल अधिकारी, 9 सहायक नोडल अधिकारी और 16 कर्मचारी शामिल किए गए हैं। इसके चलते शहर में अतिक्रमण हटाओ के लिए दो टीमें गठित की गई है ।

अवैध संबंध रखने का आरोप

ललितपुर। पति पर दूसरी महिला से अवैध सम्बन्ध बनाने, प्रताड़ित करने और घर छोड़कर दूसरी महिला के साथ इन्दौर जाकर रहने का आरोप लगाते हुये महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाता है।

बताया कि आये दिन गाली-गलौज व मारपीट की जाती है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति के मध्य प्रदेश के जिला विदिशा निवासी एक अन्य महिला से अवैध सम्बन्ध हैं, जिसे लेकर वह 8-10 पहले ही उसकी बड़ी ननद जो कि इन्दौर में रहती हैं के पास चला गया है। यह भी आरोप है कि उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त पति के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

संक्षेप

छात्र के हत्यारे को आजीवन कारावास

बलिया । बलिया की एक अदालत ने एक छात्र की हत्या के मामले में शनिवार को एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिले में खेजुरी थाना क्षेत्र के करम्बर गांव में 30 अगस्त 2023 की रात टाउन डिग्री कॉलेज के बीकॉम द्वितीय वर्ष के 19 वर्षीय छात्र बादल पटेल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के समय पटेल अपने घर के बाहर सो रहा था। इस मामले में बादल के चाचा पप्पू पटेल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी विशाल राजभर और एक नाबालिग लड़के के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। नाबालिग का मामला किशोर न्यायालय में विचाराधीन है। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि न्यायाधीश महेश चंद्र वर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशाल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी और उसपर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

मुठभेड़ में लूटपाट का आरोपी ढेर

गाजियाबाद । जिले में शुक्रवार को मुठभेड़ में एक अपराधी मारा गया वहीं एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस दल ने रेहान (20) और उसके साथी मन्नू को घेर लिया और इस मुठभेड़ में रेहान और कांस्टेबल विजय पाल राठी गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रेहान (20) की इलाज के दौरान मौत हो गयी जबकि विजय राठी का इलाज जारी है। पुलिस उपायुक्त विवेक चंद्र यादव ने बताया कि महिलाओं के गले की चेन खींचने वाले मन्नू और रेहान को पकड़ने के लिए दिल्ली के गोकुलपुरी थाने की एक पुलिस टीम ने प्रेम नगर कॉलोनी के घर पर छापा मारा। पुलिस मौके पर पहुंची तो मन्नू ने गोली चला दी इस गोलीबारी में कांस्टेबल विजय पाल घायल हो गया। पुलिस उपायुक्त यादव के मुताबिक बाद में लोनी बॉर्डर पुलिस (उत्तर प्रदेश) को उनके छिपे होने की सूचना मिली, उन्हें डाबर तालाब कॉलोनी में घेर लिया गया और मुठभेड़ हुई, जिसमें एक अपराधी घायल हो गया। बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक मन्नू और रेहान का आपराधिक इतिहास हैं और कई मामलों में पुलिस दोनों को ढूंढ रही थी।

यूजी-पीजी में आवेदन की बढ़ाई अंतिम तिथि

वाराणसी। आवेदन की धीमी गति के मद्देनजर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब छात्र-छात्राएं 10 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई थी। कुलपति प्रो. एके त्यागी ने शनिवार को प्रवेश समिति की बैठक में आवेदन की तिथि बढ़ाने का निर्देश जारी किया। शनिवार तक 12115 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराने के बाद फीस का भुगतान किया था, जबकि विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस में यूजी-पीजी की लगभग 8000 सीटें हैं। कम आवेदनों के कारण 63 में से महज 14 पाठ्यक्रमों में सीटों के दोगुने से अधिक आवेदन आ पाए और उनमें प्रवेश परीक्षा के जरिये प्रवेश लेने का मानक पूरा हो पाया। शेष पाठ्यक्रमों में आवेदनों की संख्या कम होने के कारण मेरिट पर दाखिला लेने की स्थिति बन गई है। इस पर विचार के लिए शनिवार को कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में प्रवेश समिति की बैठक हुई। इसमें सीयूईटी के रिजल्ट के इंतजार और अन्य संस्थानों में प्रवेश के लिए परिणाम का इंतजार कर रहे छात्र-छात्राओं को मौका देने की खातिर विश्वविद्यालय ने आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून को बढ़ाकर 10 जुलाई कर दी। विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के जरिये ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कुलपति प्रो. त्यागी ने कहा कि इससे बच्चों को थोड़ा मौका और मिल जाएगा और उनका साल बेकार होने से बच जाएगा। तीन दिन के अंदर आवेदनों की संख्या बढ़ने से बीए की प्रवेश प्रक्रिया नॉन एंट्रेंस कैटेगरी से निकलकर अब एंट्रेंस कैटेगरी में आ गई है। यानी अब काशी विद्यापीठ के बीए पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा से गुजरना होगा। गत 25 जून तक बीए की 1100 सीटों के मुकाबले महज 2017 आवेदन आए थे। इससे बीए में प्रवेश एंट्रेंस के बजाय मेरिट के आधार पर रखा गया था, लेकिन 28 जून तक बीए में आवेदनों की संख्या 2585 पहुंच गई। सीटों के दोगुने से ज्यादा आवेदन होने के कारण विश्वविद्यालय अब नियम के मुताबिक बीए में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा कराएगा।

छात्र-छात्राएं टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

- सीएम के सम्बोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया सजीव प्रसारण

सोनभद्र। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा ड्रेस, जूता, मोजा, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग हेतु प्रति छात्र-छात्रा को 1200 रुपए की धनराशि डीबीटी0 के माध्यम से अन्तरण प्रक्रिया मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट, मेडल, प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किये जाने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

इस सजीव प्रसारण को प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री सजीव कुमार गौंड़, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य संजीव त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण को देखा। श्री गौंड़ ने जनपद के हाईस्कूल, व इण्टरमीडिएट में टाप-टेन में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किये। जनपद में टॉप-टेन में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम 21 हजार रुपए की धनराशि भी स्थानान्तरित की गयी। जनपद सोनभद्र के इण्टरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अक्षय कुमार पुत्र श्री अंगद कुशवाहा के खाते में 1 लाख रुपए की धनराशि स्थानान्तरित की गयी, अक्षय कुमार ने जनपद के साथ ही प्रदेश के मेरिट सूची में भी स्थान प्राप्त किया है, इसलिए उनके खाते में एक लाख रुपए की धनराशि स्थानान्तरित की गयी।

मंत्री द्वारा टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में इण्टर मीडिएट के अक्षय कुमार-कलावती देवी शि0सं0 पगिया खैराही, अमन गुप्ता-आदित्य बिड़ला इ0का0रेनुकूट, अमन यादव-श्री राम केश सिंह इ0का0 पुरना घोरावल, अयाज अंसारी-श्री राम केश सिंह इ0का0 पुरना घोरावल, कोमल सोनी, डॉ0 अम्बे0 सर0वि0मं0 इ0क0ज0 अनपरा, हर्ष कुमार मा0 विन्ध्यवासिनी इण्टर कालेज पांपी कसयांकला, आदित्य कुमार यादव-आदित्य बिड़ला इ0का0 रेणुकूट, दानिया फिरदौस-डॉ0 अम्बे0 सर0वि0मं0 इ0का0 अनपरा, अंजली सिंह-श्री चन्द्रगुप्त मौर्य इं0का0 मधुपुर, अविनाश कुमार-डॉ0 अम्बे0 सर0 वि0म0इ0 कालेज अनपरा को दिया गया है। टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में हाईस्कूल के मांशु कुमार-जय ज्योति इण्टर कालेज चुर्क, आयुषी-श्री राम केश सिंह इण्टर कालेज पुरना घोरावल, अमरेश कुमार यादव-विश्वनाथ सिंह ज्ञानोदय उ0मा0वि0 नेवारी चोपन, साक्षी मिश्रा-जय ज्योति इण्टर कालेज चुर्क, रूबी कुमारी-सोनांचल इंटर कालेज घोरावल, श्यामिली यादव-विमला इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज, अंजली कुमारी-आदित्य विबड़ा इण्टरमीएट कालेज रेणुकूट, संस्कृति साहनी-श्री राम केश सिंह इण्टर कालेज पुरना घोरावल, विकास-राजकीय इंटर कालेज घोरावल, प्रतिभा कुशवाहा-सं0वि0मं0इ0 कालेज खड़िया योगीचैरा, निलेश न्यूटन-जय ज्योति इण्टर कालेज चुर्क, प्रकाश- श्री हरिकृष्ण कुशवाहा इं0का0 बेलखुरी राबर्ट्सगंज, माधुरी-गीतांजली पब्लिक स्कूल डूमरिया भरौली घोरावल को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मंत्री संजीव कुमार गौंड़ ने उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में प्रदेश एवं जनपद में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जा रहा है, प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर में बेहतर सुधार लाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है, उन्होंने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों के भवनों का सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है और बच्चों को बेहतर और टेक्निकल शिक्षा प्राप्त करने हेतु टैबलेट का वितरण भी किया जा रहा है, जिससे मेधावी छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक बच्चों को विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया जाये, कोई भी बच्चा विद्यालय आने से वंचित न रहें, इसके लिए शिक्षकगणों के साथ ही अभिभावक भी आपसी समन्वय के साथ प्रयास करें।

कांग्रेस ने लगाया माब लिंचिंग का आरोप, कार्रवाई की मांग

आजमगढ़। सहारनपुर व शामली निवासी युवकों के साथ छत्तीसगढ़ में मॉब लिंचिंग की घटना घटित कर हत्या किए जाने के विरोध में जिला/शहर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग शहर अध्यक्ष नज्म शमीम ने कहाकि घटना को लेकर राष्ट्रपति से हमारी तीन मांगे है जिसे शीध्र पूरा किया जाए। हमारी मांग है कि घटना में शामिल सभी गुंडों को तत्काल गिरफ्तार किया

आजमगढ़ का एक प्रतिनिधिमंडल अपने जिलाध्यक्ष नदीम खान के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन शनिवार को जिला प्रशासन को सौंपा।

तीन सूत्री ज्ञापन सौंपने के दौरान उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग किया।जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि 7 जून को यूपी के सहारनपुर निवासी सद्दाम कुरैशी (23), उसके चचेरे भाई गुड्डू खान (35) व चांद मिया खान (23) छत्तीसगढ़ के महासमुंद से रायपुर में मवेशी ले जाने के दौरान रायपुर-महासमुंद सीमा पर मॉब लॉनिंचग की घटना को अंजाम दिया गया। पूरी घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।कांग्रेस जाए, एसपी व डीएम को तत्काल निलंबित किया जाए, मरने वाले व्यक्तियों के परिवार को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी की व्यवस्था की जाये।शहर अध्यक्ष मिर्जा बरकतउल्लाह बेग ने कहाकि तीनों युवकों की मोब लॉनिंचग में हत्या कर दी गई, जिनके हत्यारें आज भी बखौफ घूम रहे हैं, ऐसी घटनाओं से देश की फिजा बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। जिससे साफ प्रतीत होता है कि सरकार के संरक्षण में कानून व्यवस्था पर हमला किया गया है। दोषियों को शीध्र ही गिरफ्तार कर जिला प्रशासन के सभी जिम्मेदारों को निलंबित किया जाए।इस अवसर पर रियाजुल हसन, मुन्नू मौर्य, प्रदीप यादव, शम्भु शास्त्री, समीर, मो असलम, मो मिन्हाज सहित आदि लोग मौजूद रहे।

दुर्घटना पीड़ितों के जख्मों पर मरहम का काम करता है ट्रिब्यूनल

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर।ट्रिब्यूनल एक क्लीनिक है जिसमें पीड़ित परिवारों के जख्मों पर मरहम लगाकर उनका उपचार किया जाता है।जज एक माध्यम है जो दुर्घटना में उजड़े परिवारों (याचीगण)को दाता बीमा कंपनी से क्षतिपूर्ति दिलवाने का कार्य करता है।

उक्त बातें मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल जज भूदेव गौतम ने अपने विदाई समारोह के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं व जज का दायित्व है कि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति मिले जिससे परिवार के मुखिया की मृत्यु पर उजड़े परिवारों में बेटियों की शादी, बच्चों की शिक्षा दीक्षा व अन्य आवश्यक कार्य हो सके। 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे ट्रिब्यूनल जज भूदेव गौतम के विदाई समारोह का आयोजन मतापुर स्थित अधिकरण में एसपी सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता व हिमांशु श्रीवास्तव एडवोकेट के संचालन में किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात अधिवक्ताओं ने ट्रिब्यूनल जज का माल्यार्पण कर स्वागत किया व अपने विचार व्यक्त किए। अधिवक्ता प्रदीप निषाद ने विदाई गीत गाया।परिवार न्यायालय के न्यायाधीश कुलदीप कुमार एवं अधिवक्ताओं ने उनके उत्तम व्यक्तित्व व कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बहुत लगन और मेहनत से 2 वर्ष तक कार्य किया जिससे मुकदमों की पेंडेंसी नहीं बढ़ने पाई। लोक अदालतों में अधिकतम मुकदमों के निस्तारण का रिकॉर्ड बना। अधिवक्ताओं व कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिह्न,अंग वस्त्रम, गीता व रुद्राक्ष की माला इत्यादि भेंट किया। पूर्व अध्यक्ष समर बहादुर यादव, एसपी सिंह, सूर्य मणि पाण्डेय, हिमांशु श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिन्हा, प्रवीण मोहन श्रीवास्तव,राना प्रताप सिंहआदि उपस्थित रहे।

सर्वाधिक कर जमा करने वाले व्यापारी सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के कुशल नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में व्यापारी कल्याण दिवस समारोह का अयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। भामाशाह के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पी०पी०टी० का प्रदर्शन किया गया जिसमें राज्यकर विभाग जौनपुर के साथ-साथ संस्कृति विभाग, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, एम०एस०एम०ई० विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, कृषि विभाग द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर विभाग की योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई तथा बुकलेट आदि का वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने दानवीर भामाशाह के विचारों एवं उनके जीवनी के विषय के बारे में अवगत कराते हुए भारत के इतिहास में उनके योगदान के सम्बन्ध में जानकारी दी। राज्यकर विभाग द्वारा जी०एस०टी० में पंजीकृत तथा जनपद स्तर पर सर्वाधिक कर जमा करने वाले व्यापारी नन्हेंलाल वर्मा कीर्तिकुन्ज ग्रुप, रमेश सिंह सर्व स्टार मोटर्स, मनोज कुमार अग्रहरि, सर्व वेंकटेश्वर आटो मोबाईल्स, दिनेश टण्डन आदि को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिवाकर पाठक सर्व पाठक ऑटो मोबाईल्स, अशोक कुमार शुक्ला सर्व एक्सप्रेस टफ ग्लास, अरूण कुमार सिंह सर्व वुडलैण्ड ऑटो मोबाईल्स, दिलीप खूंटिया सर्व फ्यूजिल मैन्यूफैक्ररिंग, सुरेश कुमार जायसवाल जगदम्बा इण्टरप्राइजेज, नीलेश कुमार जायसवाल गुप्ता सप्लाइंग कार्पोरेशन आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा जी0बी0सी0 4.0 में प्रतिभाग करने वाले निवेशकों सर्वेश, पंकज कुमार मिश्रा, टीएन यादव, गुलाब चन्द्र पाडेंय, विनय कुमार मौर्या, सुधांशु जी गुप्ता, शिवाजी सिंह, खुशबू सिंह, साधना त्रिपाठी, नरेन्द्र शुक्ला, दिग्विजय जीत बहादुर पटेल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

आईजीआर में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

- संतुष्टिपरक निस्तारण न करने वाले विभागों पर व्यक्त की नाराजगी

मीरजापुर ।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जनपद के सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक कर आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल व अन्य माध्यमो से प्राप्त शिकायतो की गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टिपरक आख्या न आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि जन शिकायतो का निस्तारण शासन स्तर पर प्राथमिकता है, समय-समय पर संतुष्टिपरक निस्तारण हेतु शासन द्वारा भी दिशा निर्देश जारी किये गये है अतएव अधिकारी इसे गम्भीरता पूर्वक लेते हुये किसी भी पोर्टल पर जन शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए अन्यथा कार्यवाही होने पर वे स्वंय जिम्मेदार होंगे।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों विशेषकर विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग अपने कार्यालय में आई0 जी0 आर0 एस0 व अन्य जन शिकायतो का देखने के लिये नोडल अधिकारी नामित करते हुये उनका नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर मुख्य राजस्व अधिकारी के कार्यालय के आई0जी0आर0 पटल पर तत्काल उपलब्ध कराए। उन्होने कहा कि राजस्व यथा पैमाइश, चकरोड व अन्य राजस्व मामले में भौतिक सत्यापन हेतु राजस्व व पुलिस टीम मौके पर अवश्य जाए। शिकायतकर्ता से वार्ता करे तभी आख्या लिखा जाए। मौके पर पहुंचने के एक दिन पूर्व भौतिक सत्यापन की जानकारी शिकायतकर्ता को अवश्य दे ताकि वह मौके पर उपस्थित रहें। उन्होने कहा कि आख्या के साथ फोटो व शिकायतकर्ता की शिकायत का स्थलीय निरीक्षण किये बगैर आख्या न लगायी जाए। सभी नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक दिवस अपने कार्यालय के लाग-इन से आई0जी0आर0एस0 रिपोर्ट निकाली जाए तथा कम से कम दो रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता से वार्ता की जाए। प्रत्येक माह के एक से 07 तारीख तक अपनी आईजीआरएस प्रोफाइल अपडेट प्रत्येक विभागाध्यक्ष अवश्य सुनिश्चित कराए।

उन्होने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए यदि शिकायत किसी भी न्यायालय से सम्बन्धित से वाद संख्या व दिनांक अवश्य लिखा जाए। उन्होने कहा कि सी0 श्रेणी में आने अथवा डिफाल्टर होने की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। प्रायः यह देखा गया है कतिपय विभागो द्वारा समयान्तर्गत गुणवत्तापरक व सुस्पष्ट अक्षरो में आख्या अपलोड नही की जाती अतः नोडल अधिकारी सुनिश्चित करे कि जो शिकयतो का गुणवत्तापरक निस्तारण कराए। समीक्षा के दौरान शिकातयो के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर शासन से वापस आने के कारण अधिशाी अधिकारी नगर पालिका चुनार को चेतावनी देते हुये निर्देशित किया गया कि आगे से स्पष्ट निस्तारण आख्या सुनिश्चित कराए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

संजय सिंह के खिलाफ महामारी अधिनियम उल्लंघन मामले की अगली सुनवाई 6 को

सुलतानपुर । आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के खिलाफ सुलतानपुर में चुनाव आचार संहिता और महामारी अधिनियम से जुड़े मामले की सुनवाई अब छह जुलाई को होगी। संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने शनिवार को बताया कि उनके मुवक्किल राज्यसभा सत्र में हिस्सा लेने के कारण विशेष एमपी-एमएलए (सांसद-विधायक) अदालत में पेश नहीं हो सके। अदालत में उनकी हाजिरी माफी की अर्जी दी गयी जिसके बाद मामले की सुनवाई की अगली तारीख छह जुलाई तय की गयी है। इस मामले में 20 जून को पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने संजय सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए सुनवाई के लिये 29 जून की तारीख तय की थी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कि 13 अप्रैल 2021 को बंधुआकला थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि संजय सिंह ने हसनपुर गांव में अपनी पार्टी की जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के पक्ष में सभा की थी और कोविड-19 महामारी के दौर में आयोजित हुई इस सभा में 50-60 लोग शामिल हुए थे लेकिन इसके लिये प्रशासन से अनुमति नहीं ली गयी थी। पाण्डेय ने बताया कि आरोप है कि इस जनसभा के आयोजन से महामारी अधिनियम और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। पुलिस ने मामले में संजय सिंह सहित करीब दर्जन भर लोगों को आरोपी बनाया तथा अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। अन्य आरोपियों को जमानत मिल गई लेकिन संजय सिंह अदालत में उपस्थित नहीं हुए।

वकीलों का हो 10 लाख का चिकित्सकीय बीमा कैशलेश हो इलाजः जय नारायण पांडेय

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। यूपी बार काउंसिल सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष जय नारायण पांडेय एडवोकेट ने वकीलों का 10 लाख रुपये चिकित्सकीय बीमा एवं कैशलेश इलाज की मांग उठाई है। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को शुक्रवार को पत्रक भेजकर यह मांग उठाई है। समूचे देश भर के वकीलों को चिकित्सकीय लाभ दिलाने की पहल का कई अधिवक्ताओं ने स्वागत किया है।

पूर्व उपाध्यक्ष श्री पांडेय ने 28 जून 2024 को पीएम, सीएम और डिप्टी सीएम को भेजे पत्रक में अवगत कराया है कि समूचे देश भर में विभिन्न प्रान्तों और जिलों में लाखों की संख्या में वकील प्रैक्टिस करते हैं। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ताओं के चिकित्सकीय इलाज के लिए कोई पहल नहीं की गई है। जिसकी वजह से गंभीर बीमारी की दशा में अधिवक्ताओं की परेशानी बढ़ जाती है और वे अपना दवा इलाज नहीं करा पाते हैं।

श्री पांडेय ने देश भर के अधिवक्ताओं के चिकित्सा समस्या को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक राज्य बार काउंसिल में पंजीकृत प्रत्येक अधिवक्ता का 10 लाख रुपये का चिकित्सकीय बीमा कराए जाने के साथ ही समूचे देश भर में कैशलेस इलाज की व्यवस्था किए जाने की मांग उठाई है। इस पहल का अधिवक्ताओं राकेश शरण मिश्र, उमापति पाण्डेय, परवेज अख्तर खां,राजेश कुमार पाठक, राम प्रसाद यादव, जितेंद्र देव पांडेय, संतोष कुमार, प्रदुम्न त्रिपाठी आदि ने स्वागत किया है।

283 किसानों को बांटे उन्नत धान के बीज

जिला संवाददाता(vol)

रेनुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को सी.एस.आर. द्वारा आई.सी.ए.आर. मऊ के अनुसूचित जनजाति विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत धान बीज का वितरण कार्यक्रम का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी म्योरपुर के प्रतिनिधी सहायक विकास अधिकारी काशी ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। आदित्य बिडला रुरल टेक्नोलाजी पार्क म्योरपुर में आयोजित कार्यक्रम में फसल पैदावार और आमदनी में वृद्धि के लिए म्योरपुर, बभनी एवं दुद्धी ब्लाक के 283 किसानो को 980 किलो उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण हिण्डाल्कों के मुखियाएन० नागेश के मार्गदर्शन में एंव सी०एस०आर० प्रमुख अविजीत के नेतृत्व में किया गया।

मुख्य अतिथि सहायक विकास अधिकारी काशी ठाकुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विकास के क्षेत्र में आई.सी.ए.आर. मऊ एवं हिण्डाल्को सी.एस.आर. का यह पहल सराहनीय है इससे विशेषकर अनुसूचित जनजाति के किसानों को कृषि उत्पादन में लाभ होगा। हिण्डाल्को का कृषक विकास कार्यक्रम सदैव ही अनुकरणीय रहा है एवं प्रत्येक वर्ष विभिन्न कृषि बीजों का वितरण, कृषक प्रषिक्षण एवं सरकारी कृषि योजनाओं की जानकारी आदि के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जाता है। हिण्डालको ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी श्री सुभाशीष चक्रवर्ती ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वालें धान का बीज उपलब्ध कराना है, जिससें वे अपनी फसल के पैदावार में सुधार कर सकें और अपनी आजीविका को बढ़ा सकें।

यह पहल टिकाऊ कृषि और ग्रामीण विकास को सहायता देने की हमारी प्रतिबद्दता का एक हिस्सा है। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी राजेश सिंह ने अपने सम्बोधन में किसानों को अधिक से अधिक जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया एवं रमाकांत शर्मा द्वारा कृषि संबंधित योजनाओं से अवगत कराया गया। आदित्य बिड़ला रुलर टेक्नेलाजी पार्क के अजय कुमार यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर अंकित दुबे, अरविन्द यादव, रुद्र प्रताप यादव एंव हिण्डाल्को सी.एस.आर. की टीम का सरानीय योगदान रहा।

जल भराव के निस्तारण और सफाई पर जोर

जौनपुर । जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक का सम्पन्न हुई। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई तक एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य 14 विभाग मिलकर गतिविधियां संपादित करते हैं। पंचायती राज विभाग एवं नगर पालिकाओं द्वारा क्रमशः ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई, एंटी लारवा छिड़काव, झाड़ियों की कटाई, जल भराव का निस्तारण, नालियों की सफाई एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का कार्य कराया जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा नोडल अध्यापक के माध्यम से बच्चों को साफ-सफाई एवं वेक्टर जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाता है। नोडल टीचर बच्चों को हाथ धुलने की प्रक्रिया के विषय में भी जानकारी देंगे। कृषि विभाग द्वारा चूहे, छछूंदर की रोकथाम हेतु लोगों को संवेदीकृत किया जाता है। पशुपालन विभाग द्वारा सूकर पालकों को रिहायसी इलाकों से सूकर बाड़े दूर रखने एवं उनमें साफ-सफाई करने हेतु संवेदीकृत किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान में आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर गतिविधियां संपादित कराया जाता है। आशा कार्यकर्ता घर-घर भ्रमण के दौरान बुखार एवं लक्षण युक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु ले जाती हैं। लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूक करती हैं। घरों के अंदर मच्छर पैदा होने की परिस्थितियों की जांच करती हैं। इस बार संचारी अभियान में स्टाफ डायरिया कैंपेन भी चलाया जा रहा है, इस कैंपेन का मुख्य उद्देश्य शून्य से 5 साल तक के बच्चों में डायरिया बीमारी के प्रसार को रोकने तथा यदि कोई बच्चा डायरिया से ग्रसित है तो उसके उपचार करने की व्यवस्था है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु यह आवश्यक है कि अभियान की मॉनिटरिंग अच्छे ढंग से करें। उन्होंने पंचायती राज विभाग से कहा है कि वह ग्रामों में झाड़ी की कटाई, साफ-सफाई एवं एंटी लारवा छिड़काव अवश्य कराएं। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया है कि वह जल भराव की संभावित स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारी कर लें। जल भराव वाले स्थलों का चिन्हीकरण कर ले, कहीं भी पानी का भराव नहीं होना चाहिए। नालियों की नियमित रूप से सफाई की जानी चाहिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल को निर्देश दिया कि सुनिश्चत करें कि कोई भी छात्र जर्जर भवन में न बैठे और इसके सम्बंध में प्रधानाध्यापकों से प्रमाण-पत्र भी लें। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मीटिंग के उपरांत जिलाधिकारी के द्वारा दीवानी कचहरी रोड के पास नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि जल भराव से संक्रामक रोग न फैले इसके लिए सफाई अभियान शुरू किए गए हैं और तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारीगण को निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि वर्षा से पहले नाले साफ कर लिए जाए, जिससे कहीं भी जल भराव की स्थिति न हो और संक्रामक रोग न फैले।

संक्षेप

प्रवीण सिंह बनाए गए क्षत्रिय महासंघ के जिलाध्यक्ष

अयोध्या। क्षत्रिय संगठन क्षत्रिय महासंघ भारत का अयोध्या जिले का अध्यक्ष प्रवीण सिंह बैस को मनोनीत किया गया। ज्ञात हो क्षत्रिय महासंघ भारत एक गैर राजनितिक संगठन है। ये सिर्फ क्षत्रिय समाज के उत्थान के लिये संगठन है, और देश के अंदर जितने भी क्षत्रिय समाज के समाजिक संगठन हैं उनके साथ मिल कर कार्य करने में विश्वास रखता है। इसकी जानकारी क्षत्रिय महासंघ भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बैस एवं उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक अध्यक्ष शेरबहादुर सिंह ने उपलब्ध कराई है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण सिंह बैस एडवोकेट के जिलाध्यक्ष के मनोनयन पर सर्वजीत सिंह, चन्द्रभान सिंह, चंद्रबली सिंह, सत्यनाम सिंह, धर्मपाल सिंह, गजेन्द्र प्रताप सिंह बब्बल, अखिलेश सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, अभिनव सिंह राजपूत, विवेक सिंह, अभय प्रताप सिंह आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

गोसाईगंज में नाला नालियों का सफाई अभियान शुरू

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज नगर पंचायत प्रशासन ने शासन के निर्देश पर कस्बे की सभी नाला नालियों की सफाई अभियान शुरू कर दिया।अभियान के तहत पंचायत प्रशासन ने शनिवार को सफाईकर्मियों की फौज उतार कर अगले72घण्टो में मेन रोड सहित सभी गली कूचों की नालियों को पूरी तरह से साफ करने का लक्ष्य रखा है।ईओ इंद्रभान ने बताया कि शासन का सख्त निर्देश है कि नगर निगम,नगर पालिका व नगर पंचायत में कंही भी जलभराव नही होना चाहिए।अगर कंही से जलभराव की शिकायत मिलती है तो जिम्मेदारानो की खैर नही है।

लाखों का माल गायब

सोहावल- अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के मीरपुरकांटा के मीरपुर गांव में हुई एक अजीबो गरीब चोरी की घटना में चोरों ने घर में आलमारी और बक्शे का ताला तोड़कर एक महिला के घर से 5 हजार की नगदी सहित लगभग 5 लाख का जेवरात पार कर दिया है। आरोप है कि दो दिन से इलाज के लिए बाहर गई महिला गांव निवासी सुधा पत्नी स्व 0 बलराम के शुक्रवार को वापस आने पर मुख्य द्वार का ताला बंद मिला।

बोर्ड परीक्षा 2024 के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

जिला संवाददाता(vol

बहराइच । बेहतर शिक्षा एवं उन्नत भविष्य के संकल्प के साथ लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा परिषदीय विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु प्रति छात्र रू. 1200 की दर से 2042416 छात्र-छात्राओं के 1546241 अभिभावकों के खातों में ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग क्रय किये जाने हेतु डीबीटी के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। जिसमें जनपद बहराइच 242802 बच्चों के 182321 अभिभावक भी सम्मिलित हैं। इस अवसर पर मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न बोर्डों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ-साथ 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का लोकार्पण, 11 जनपदों के डायट में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, ऑडिटोरियम तथा टायलेट ब्लाक का शिलान्यास, कक्षा 1 व 2 की एनसीईआरटी पर आधारित पाठ्य पुस्तकों के वितरण अभियान, विभागीय क्रियाकलापों की जानकारी एवं समस्याओं के निराकरण हेतु टोल फ्री नम्बर 1800-889-3277 का शुभारम्भ, शैक्षणिक शोध संकलन ह्यशोध संगम के विमोचन के साथ-साथ निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित भी किया गया। मा. मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सजीव प्रसारण किया गया। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 हेतु मेधावी छात्र-छात्राओं में श्री राम जानकी रा.म.लो.बालिका इण्टर कालेज गढ़वा नौतला की शिरीप चैधरी को रू. 01 लाख व शिवा वर्मा को रू. 21 हजार, शान्ती इ.का. शान्ती नगर नगरौर के अभय कुमार गुप्ता, राम प्रकाश इण्टर कालेज सुहेलवा के उमा द्विवेदी, राम नरायन सिंह इ.का. राम नगर खजुरी के परम वीर सिंह, सरदार पटेल इ.का. कैसरगंज के प्रत्युष कुमार शर्मा व प्रिंस

मिश्र, सम्राट अशोक महान के.पी.इ.का. पुरैना बाजार के विकास कुमार द्विवेदी व सरिता जायसवाल, महानन्द अवस्थी इ.का. शिवपुर की सानिध्य अवस्थी व संजय मेमोरियल इण्टर कालेज की अंकिता सिंह को रू. 21-21 हजार की धनराशि का डैमो चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके अलावा बोर्ड परीक्षा 2024 हेतु श्री राम जानकी शिव सां.म.वि. कैलाश बाग परसिया आलम, पयागपुर की मानसी चैरसिया व शालिनी चैरसिया तथा महाजनान सां.म.वि. भूपगंज पयागपुर की छात्रा गरिमा चैरसिया को राज्य स्तर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा उनके अभिभावक मौजूद रहे। सम्मान समारोह में अमर उजाला फाउण्डेशन की ओर से भी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

अयोध्या । कलेक्ट्रेट सभागार अयोध्या में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में कुल 28 बच्चे सम्मिलित थे जिसमें से 16 बच्चे जनपद स्तरीय तथा 12 बच्चे राज्य स्तरीय मेरिट सूची में सम्मिलित थे। राज्य स्तरीय मेरिट सूची में जनपद के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले निशुल्क गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय के छात्र को माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलो द्वारा लखनऊ में सम्मानित किया गया राज्य स्तरीय मेरिट सूची में सम्मिलित मेधावी बच्चों को घ1,00000 का चेक एक टैबलेट मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया वहीं जनपद स्तरीय मेरिट सूची में सम्मिलित बच्चों को 21000 रुपए का चेक एक टैबलेट मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में महापौर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी, सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, जिलाधिकारी। नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार आर्य वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा वीरेश वर्मा प्रधानाचार्य एसएसबी इंटर कालेज प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य महाराजा इंटर कॉलेज तथा राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा सम्मानित होने वाले बच्चे और उनके अभिभावक सम्मिलित थे कार्यक्रम में इंटरमीडिएट में जनपद स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली अंशिका रावत के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक रुदौली रामचंद्र यादव ने किस तरीके से पढ़ाई किया जाए तथा बच्चों को भविष्य में किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए के बारे में बताया। महापौर अयोध्या गिरीशपति त्रिपाठी द्वारा शिक्षा पर सारगर्भित बातें कही गई तथा अंत में जिलाधिकारी के द्वारा विस्तृत रूप में शिक्षा प्राप्त करने तथा अवधारणात्मक रूप में किस तरीके से शिक्षा प्राप्त किया जाए जिससे शिक्षा केवल रटने का और सूचना का आधार न बन सके बल्कि व्यक्ति की समझ का आधार बन सके और भविष्य में पूछे जाने वाले प्रश्नों को विद्यार्थी हल कर सके इस बिंदु पर विस्तृत रूप में अपनी बात रखी तथा बच्चों को शुभकामना देते हुए कार्यक्रम को समाप्त किया।

कांग्रेस प्रदेश पूर्व महासचिव ने किया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

बाराबंकी। ग्राम सुढ़ियामऊ मे मौलाना आजाद नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव फवाद किदवाई ने फीता काटकर एंव खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व महासचिव श्री किदवाई ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इसमें किसी तरह की हार जीत नहीं होती है, खेल से युवाओ का मानसिक एंव शारीरिक विकास होता है। गांव स्तर पर नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन सराहनीय प्रयास है। यह ग्रामीणों को स्वास्थ्य मनोरंजन उपलब्ध कराएगा। पूर्व महासचिव श्री किदवाई ने खिलाड़ियों से खेल भावना से मैच खेलने की अपील की। आयोजक जैनुल आब्दीन ने बताया कि टूनार्मेन्ट मे अन्य ग्रामो की टीमो ने हिस्सा लिया है। इस अवसर पर ऐनुल यकीन, मो0जैद, मो0शुएब, आमिर किदवाई, शिव शंकर वर्मा, तैय्यब किदवाई, उसामा अंसारी, मो0नईम, नूरूल, चांद, आसिफ, लईक, साहिबे आलम, इम्तियाज टार्जन, वसी अहमद आदि शामिल रहे।

अपहृता सकुशल बरामद

बाराबंकी। थाना सुबेहा पुलिस ने मु0अ0सं0 128/2024 धारा 363/366 भादवि से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया। इसी क्रम मे थाना सतरिख पुलिस ने मु0अ0सं0 437/2023 धारा 366 भादवि से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया।

37 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वारण्टी व 7 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 37 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

जनपद न्यायाधीश ने किया कारागार एवं बालिका संरक्षण गृह का निरीक्षण

बाराबंकी। जिला कारागार एंव बालिका संरक्षण गृह का जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द्र, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार एंव पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने कैदियों व संवासिनियों की पेशी हेतु बने वीडियों कान्फ्रेसिंग रुम का जायजा लिया। तथा कैम्पस में लगे सीसीटीवी फुटेज की चेकिंग की। जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार मे निरुद्ध टॉप-10 अपराधियों के मुलाकात से सम्बन्धी अभिलेखों, कन्ट्रोल रुम, बैरकों, मेस, जेल परिसर अस्पताल आदि का भी निरीक्षण किया गया। तथा सम्बन्धितो आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

भामाशाह जयंती पर मनाया व्यापारी कल्याण दिवस

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। टिकैतनगर में अखिल भारती उद्योग ब्यापार मण्डल कार्यालय पर अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में भामाशाह जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया। इस मौके पर शिवकुमार शाह, सत्य प्रकाश गुप्ता, सुनील गुप्ता, मुन्ना राइन, अखिलेश जैन, वाल्मीकि गुप्ता, सोनू शर्मा, राजेश शर्मा, संदीप गुप्ता, रामशरण मौर्य आदि मौजूद रहे।

संजय कुमार सिंह डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित

बाराबंकी। सम्पूर्णनन्द प्रशिक्षण संस्थान मे कारागार प्रशासन एंव सुधार सेवाये अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण मे डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुये। जिसमे संजय कुमार सिंह डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष पद पर एंव विजय नारायण मौर्या वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुये। नवनिर्वाचित फार्मासिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष श्री सिंह ने चुनाव अधिकारियो का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि हमेशा एसोसिएशन के हित मे कार्य करेगे। बैठक का संचालन आनन्द कुमार पाण्डेय ने किया।

मेधावी विद्यार्थियों को राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व डेमो चेक देकर किया सम्मानित

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को खाद्य एवं रसद विभाग राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व डेमो चेक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे कक्षा 10 की छात्रा नायला ऊबैद, कक्षा 12 की छात्रा सुनाक्षी श्रीवास्तव, कक्षा 12 के छात्र चन्दन यादव और सक्षम तिवारी को सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने उत्तीर्ण सभी मेधावियों, उनके माता पिता, गुरुजनों को बधाई दी। तथा जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करते रहने एवं कड़ी परिश्रम के साथ आगे बढ़ते रहने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी मौजूद रहे।

आंधी व बरसात से दस घंटे से बाधित रही विद्युत आपूर्ति

सोहावल-अयोध्या। शुक्रवार की रात 3 बजे से शुरू हुई झमाझम बरसात के साथ ही ठप हुई सोहावल उप- केंद्र की विद्युत आपूर्ति 10 घंटे बाद ही शुरू हो पाई। उप- केंद्र से जुड़े 8 फीडर सभी प्रभावित रहे। आर एल, रेलवे, मंगलसी, रौनाही, चिर्रा जगनपुर, सुचित्तागंज,जैसे फीडरों से जुड़े उपभोगता परेशान दिखे। ग्रामीण क्षेत्रों में लगे इन्वर्टर जब जवाब देने लगे तो शनिवार को दोपहर बाद विद्युत कर्मियों के फोन बजाए जाने लगे। लगभग 2 बजे आधे से ज्यादा फीडरो की लाइन चालू हो सकी। मनोज कुमार यादव उप मण्डलीय अभियंता सोहावल ने बताया कि कुछ जगह तेज हवा के कारण पेड़ों की डाल गिर जाने से 11000 की लाइन क्षतिग्रस्त हुई।

करंट लगने से दो गायों की मौत

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील अन्तर्गत नगर पंचायत कुमारगंज में बिजली पोल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से दो गाय की मौत हो गई। गनीमत रही कि बिजली पोल में दौड़ते करंट की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया, नहीं तो बड़ी घटना भी घट सकती थी। देशराज ने कहा कि हम गायों को छुड़ाने के लिए जा रहे थे लेकिन पास में खड़े लोग के चिल्लाने लगे जिसके चलते हम नहीं गए जिससे हमारी जान बच गई। घटना के बाद गाय पालक ने विद्युत कर्मचारियों पर लापरवाही के आरोप लगाया हैं। बता दें कि शनिवार को क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई थी। इसके चलते सड़कों और आने जाने वाले मार्गों के किनारे जलभराव की स्थिति बन गई थी।जानकारी के मुताबिक पिठला के रायबरेली नेशनल हाईवे के पश्चिम ओर संतराम विश्वकर्मा के घर के सामने लोहे का लगे 11000 हाई टेंशन के डबल विद्युत पोल में करंट फैला हुआ था। पोल के आस-पास पानी भी भरा हुआ था। माना जा रहा है कि दोनों गाय बिजली पोल के पास भरे पानी को पीने लगी तभी करंट की चपेट में आ गई, जिससे दोनों गायों की मौत हो गई। गाय बिजली विभाग की लापरवाही से उसकी गायों की मौत हुई।

पानी की टंकी पर चढ़ गयी महिला

गोरखपुर। गोरखपुर में पीपीगंज के वार्ड नंबर 18 की एक महिला जल निगम की पानी की टंकी पर चढ़ गई। वह नाचते हुए देवी मां के साथ सेल्फी लेने की जिद कर रही थी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय पूनम देवी जल निगम की पानी की टंकी पर चढ़ गई। वह देवी के साथ सेल्फी लेने की जिद कर रही थी और फिर नाचने लगी। पुलिस के अनुसार डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आखिरकार वह पूनम को सुरक्षित नीचे उतारने में कामयाब रही। इसके बाद उसे उसके पति जय प्रकाश को सौंप दिया गया। महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं बताया जाता है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पुलिस के मुताबिक पूनम शुक्रवार शाम पांच बजे अपने घर से निकली और थाने की ओर बढ़ी और फिर पानी की टंकी पर चढ़ गई। उसे पानी की टंकी पर देख राहगीरों ने उससे नीचे उतरने का आग्रह किया, लेकिन उसपर कोई असर नहीं हुआ। तब पुलिस को सूचित किया गया। इंस्पेक्टर अजीत यादव के अनुसार उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर पूनम को नीचे उतारने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन उसने इनकार कर दिया। इसके बाद इंस्पेक्टर यादव ने अन्य पुलिसकर्मियों को बुलाया ये सभी पुलिसकर्मी मिलकर पानी की टंकी पर चढ़े और उसे सफलतापूर्वक बचाया।

पुलिस ने यह भी बताया कि पूनम का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, वह पहले भी तालाब में कूद चुकी है और ट्रक के आगे कूदने का प्रयास कर चुकी है।

जानलेवा हमले में पिता-पुत्र समेत तीन अभियुक्तों को 6 साल की कैद

अयोध्या। वर्ष 2011 को जमीनी विवाद की पुरानी रंजिश को लेकर बैजनाथ पर लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर हाथ तोड़ने व सर फोडने के बहुचर्चित मामले में दोष सिंह तीन अभियुक्तों रोजिराम दूबे, दिनेश दूबे व नीरज दूबे को 6-6 साल की सजा से दंडित किया गया साथ ही प्रत्येक अभियुक्तों पर छह छह हजार रूपया जुमार्ना भी किया गया। शनिवार को यह फैसला अष्ठम जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार ने वादी एवं गवाहों के बयान के आधार पर दोषसिद्ध करते हुए सुनाया है। इसके पश्चात तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बींच जेल भेजने का आदेश भी पारित किया है। वहीं तीसरे अभियुक्त राकेश दूबे को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया गया है। बरी हुए अभियुक्त राकेश दूबे के पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रताप सिंह व हृदय नारायण सिंह ने पैरवी किया। यह मामला अयोध्या जनपद के थाना तारून क्षेत्र के सोनौरा गांव का जमीनी रंजिश को लेकर 13 साल पहले हुआ था। अभियोजन पक्ष से सरकारी अधिवक्ता रमेश तिवारी ने बताया कि 13 मई 2011 को रात्रि 10 बजे विपक्षी राजितराम दूबे, शिव कुमार के ट्यूबेल में कटिया लगाया था। ट्यूबेल में बोल्टेज लो हो गया था। इसपर शिवकुमार के चाचा बैजनाथ से विपक्षी राजितराम दूबे से कहासुनी हो गयी इस बात को लेकर दूसरे दिन 14 मई 2011 की सुबह 7 बजे राजितराम दूबे अपने लड़के नीरज व धीरज पत्नी उर्मिला के साथ राकेश दूबे, राजेन्द्र दूबे तथा दिनेश दूबे को लेकर आये उन सभी के हाथ में लाठी व डंडा था सभी ने मिलकर शिव कुमार के चाचा बैजनाथ पर जान से मारने के लिए हमला कर दिया। इस हमले में बैजनाथ का दाहिना हाथ टूट गया और सिर फट गया । इस हमले में बैजनाथ बेहोश होकर गिर गया। शोर-शराबा सुनकर शिव कुमार व उसकी मां शांति देवी मौके पर पहुंचकर विरोध किया तो उनपर भी लाठी डंडा से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। शोर सुनकर गावं वाले पहुंचे और सभी को अस्पताल ले गये। घटना की रिपोर्ट शिव कुमार की तहरीर पर थाना तारून में राजितराम दूबे समेत अन्य हमलावरों के खिलाफ मु.अ.सं. 386/2011 के अन्तर्गत गम्भीर अपराधों में दर्ज किया गया विवेचना के दौरान पुलिस ने उर्मिला और राकेश दूबे का नाम निकाल दिया था। वहीं तीसरे अभियुक्त धीरज दूबे को न्यायालय ने जुबनाइल कर पांच अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र सम्बंधित कोर्ट में प्रस्तुत किया सुनवाई के दौरान अभियुक्त राजेन्द्र दूबे की मृत्यु हो गयी थी वहीं वादी शिव कुमार व अन्य गवाहों के बयान के आधार पर मुख्य अभियुक्त राजितराम दूबे, नीरज दूबे व दिनेश दूबे को धारा 308 में 6 साल की सजा और पांच हजार रुपए जुमार्ना किया गया। धारा 325 में पांच साल की सजा व एक हजार रूपया जुमार्ना, 504 में एक साल की सजा व 506 में तीन साल की सजा तथा 323 में छह माह की सजा से दंडित किया गया जबकि अभियुक्त राकेश दूबे को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त कर दिया गया। दोषमुक्त अभियुक्त राकेश दूबे के पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रताप सिंह ने बचाव करते हुए तर्क दिया कि वह निर्दोष है रंजिशन फर्जी फसाया गया है अभियोजन पक्ष ने 319 में तलब किया था।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जनपद न्यायाधीश ने की आवश्यक बैठक

बाराबंकी। जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द की अध्यक्षता में समस्त न्यायिक अधिकारियो के साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत मे विभिन्न प्रकृति के दीवानी वादों एव शमनीय अपराधिक वादों को निस्तारित कराये जाने को लेकर बैठक की। बैठक मे जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने सभी न्यायिक अधिकारियों को आगामी लोक अदालत को सफल बनाने हेतु ज्यादा से ज्यादा विभिन्न प्रकीर्ण वादों, विभिन्न अधिनियमों के निस्तारण योग्य वादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अधिकाधिक वादों का निस्तारण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने आगे कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु न्यायालयों द्वारा न सिर्फ वाद चिन्हित करना है अपितु लोक अदालत के पूर्व चिन्हित वादों को निस्तारण हेतु

अंतिम स्तर तक तैयार कर वादों का विवरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिससे उक्त विवरण नालसा के वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके। उन्होने आगे बताया कि लोक अदालत के पूर्व 10 से 12 जुलाई 2024 तक पिटी अफेन्स की विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर में किया जायेगा। जिसमें सुलह योग्य वादों का निस्तारण किया जायेगा।

सड़क सुरक्षा को लेकर उठायें सभी महत्वपूर्ण कदम

ललितपुर। मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में सम्मिलित जनपद में घटित दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाये जाने के सम्बन्ध में कलैक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) की अध्यक्षता में पंचम सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न की गयी। सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा एन.एच.ए.आई. ए.आर.टी.ओ. पी.डब्लू.डी. एवं यातायात निरीक्षक को नये ब्लैक स्पॉटस चिन्हित करने की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। अध्यक्ष द्वारा पिछले माहो में घटित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि सम्बन्धित थानों द्वारा दुर्घटना के मुख्य कारण उपलब्ध नही कराये जा रहे है।जिस पर अध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये अगली बैठक से पूर्व उक्त सूचना थाना वार उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। अध्यक्ष द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु हेल्मेट, एवं सीट बेल्ट न लगाने के सम्बन्ध में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स की सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है जिसपर अध्यक्ष द्वारा लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि सुधारात्मक कार्यवाही की आख्या उपलब्ध कराये एवं दुर्घटना वाले समस्त जन्कशनों पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विज्ञापनों को होडिंग/बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किया जाये जिससे जन्कशन पर जनमानस विशेषकर दो पहिया एवं ट्रैक्टर ट्राली चालकों को संवेदीकृत कर दुर्घटनाओं पर रोक लगायी जा सके कृत कार्यवाही की मैपिंग यातायात विभाग द्वारा पृथक रूप से करते हुये आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से छात्रों, अभिभावकों एवं जनमानस के मध्य सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये, जिसमें विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के युवा वर्ग द्वारा वाहन न चलाये जाने हेतु जागरूक किया गया। क्लब के माध्यम से नुक्कड नाटको का आयोजन कर आमजन मानस को भी जागरूक किया जाये।

नगर क्षेत्र में होगी स्ट्रीट फूड वेन्डर के लिए आदर्श स्ट्रीट फूड वेंडिंग जोन की स्थापना

जिला संवाददाता(vol

ललितपुर। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं तत्सम्बन्धी नियम 2011 के अन्तर्गत जनपद ललितपुर में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार ललितपुर में सम्पन्न हुयी। अभिहित अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद ललितपुर में आवंटित सस्ते गल्ले की दुकानों का लाइसेंस-पंजीकरण किया जाना है, जिसमें समस्त उचित दर विक्रेताओं का पंजीकरण किये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि खाद्य सुरक्षा विभाग के आनलाइन पोर्टल पर समस्त उचित दर विक्रेताओं का अविलम्ब आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

- शराब की दुकानों होगी खाद्य सुरक्षा लाइसेंस से आच्छादित
- खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक लिये गये निर्णय

ईट राइट स्कूल कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की योजनाओं के अनुरूप नवोदय विद्यालय दैलवारा एवं अटल आवासीय विद्यालय धौर्रा के साथ-साथ जनपद में संचालित राजकीय/निजी विद्यालयों की जॉच करते हुये उसमें उपलब्ध कैन्टीनों को नियमानुसार ईट राइट स्कूल कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त कार्य को शीघ्र किये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। अभिहित अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर क्षेत्र में संचालित स्ट्रीट फूड वेन्डर हेतु आदर्श स्ट्रीट फूड वेंडिंग जोन की स्थापना की जाये।

अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका से सम्पर्क स्थापित कर नगर क्षेत्र से सम्बन्धित खाद्य कारोबारकताओं को क्लीन स्ट्रीट फूड वेंडिंग जोन हेतु स्थान चिन्हित कर शीघ्र कार्यवाही की जाये। अपर जिलाधिकारी द्वारा आइस्क्रीम, कोल्डडिंज्क तथा फास्टफूड वेन्डरर्स, फल/जूस विक्रेताओं का प्रभावी निरीक्षण करते हुये उन्हें जागरूक किये जाने का निर्देश दिया गया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संचालित आबकारी विभाग में पंजीकृत एल्कोहलिक वेबरेजेज की दुकानों का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य लाइसेंस से आच्छादित किये जाने हेतु आबकारी विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर खाद्य लाइसेंस बनाये जाने के निर्देश दिये गये।

नगरपालिका क्षेत्र में सब्जी मंण्डी का समय-समय पर निरीक्षण करते हुये बरसात के मौसम में संचारी रोगों के दृष्टिगत कटे/ गले फल सब्जियों की बिक्री पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये। बैठक के अन्त में उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी। बैठक में विजय सिद्धान्त जिला आबकारी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, राजीव कुमार जिलापूर्ति अधिकारी, चितरंजन सिंह सहायक आयुक्त(खाद्य)-।।, जिला शासकीय अधिवक्ता(फौजदारी) राजेश दुबे, उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि सुनील पंथ, श्रीवास खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अरविन्द कुमार साहू, प्रताप नारायण गुप्ता खाद्य व्यवसाय प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। जनपद के मया ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत अमसिन में तैनात रोजगार सेवक श्रीमती वर्मा और ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर अजय वर्मा के मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार-अवैध उगाही की गोपनीय जांच की मांग को लेकर शनिवार को ग्राम प्रधान सती प्रसाद वर्मा ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार तिवारी को सौंपा।

संक्षेप

33 केवी लाइन में फाल्ट

खीरों,रायबरेली। उपखंड खीरों के अंतर्गत आने वाले बिजली उपकेंद्र खीरों व कलुआ खेड़ा में बीती शुक्रवार की रात लगभग तीन बजे मौरावां से आने वाली तेतीस केवी लाइन में फाल्ट हो गया। जिसे सुबह ही बहाल कर फीडर चलाने का प्रयास किया गया तभी कलुवा खेड़ा का इनकमिंग पैनल व खीरों में अजीतपुर फीडर का पैनल जल गया। जिसके कारण बिजली आपूर्ति न मिलने के कारण क्षेत्र के आधे सैकड़ा से अधिक गांव प्रभावित हो गए। सुबह होते ही पूरे क्षेत्र में नहाने और पीने के पानी को लेकर भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा साथ ही पूरा दिन उमस भरी गर्मी में लोग बिना पंखे और कूलर के गर्मी से बेहाल दिखे।धान रोपाई हेतु किसानों का भी पूरे दिन का कार्यक्रम फेल हो गया। शनिवार को दोपहर को आई तकनीकी टीम ने काफी मशक्कत के बाद दोनों उपकेंद्रों की खराबी दूर की।जिससे अजीतपुर फीडर की दोपहर तो कलुवाखेड़ा की देर शाम तक आपूर्ति बहाल हो सकी।उपकेंद्र कलुवाखेड़ा के अवर अभियंता के के यादव ने बताया सुबह इनकमिंग पैनल का वैक्यूम इंडक्टर जल जाने के कारण आपूर्ति बाधित हो गयी थी।जिसको तकनीकी टीम ने देर शाम ठीक कर दिया।जिससे बाद आपूर्ति बाहर कर दी गयी।

बाइक चोरी केस दर्ज

खीरों,रायबरेली। थाना क्षेत्र के कस्बा महरानीगंज की बाजार से बीते रविवार की शाम लगभग पांच बजे अज्ञात वाहन चोरों ने एक बाईक पार कर दिया। खीरों पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। देपारमऊ मजरे भितरी निवासी शिवबीर सिंह पुत्र लालबहादुर सिंह ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मैं बीती 23 जून रविवार को अपनी बाईक संख्या यूपी 33 बीएस 5575 द्वारा कस्बा महरानीगंज बाजार सब्जी लेने गया था। मैं अपनी बाईक महरानीगंज बाजार निवासी संपति साहू के घर के पास लगभग पांच बजे खड़ी कर बाजार सब्जी लेने चला गया। लगभग आधा घंटा बाद जब वापस आया तो मेरी बाईक वहां पर नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

गड्ढाग्रस्त सड़क दे रही दुघर्टना को दावत

मोतिगरपुर, सुलतानपुर। दियरा-लंभुआ मार्ग पर गोमती नदी पर बंद पुल का लोकार्पण वर्ष 2011 में तत्कालीन सिंचाई मंत्री ओम प्रकाश सिंह ने किया था। देख-रेख के अभाव में दियरा की तरफ जाने वाले एप्रोच के नीचे की करीब 200 टन मिट्टी खिसकर बह जाने से सड़क के बीचों बीच बड़ा सा गड्ढा हो गया था। 4 सितंबर 2023 को शासकीय कार्य से लंभुआ से लौटते समय एसडीएम जयसिंहपुर वंदना पाण्डेय की नजर उस गड्ढे पर पड़ी। उन्होंने तत्काल वाहनों का आवागमन रोकते हुए मामले की जानकारी तत्कालीन डीएम जसजीत कौर को दी। डीएम के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने करीब 450 ट्राली मिटी एप्रोच के नीचे डाल दी थी। जिसके बाद विभाग द्वारा करीब 39 की लागत से एप्रोच की विशेष मरम्मत का कार्य स्वीकृत हुआ। जिसमें मिट्टी कार्य, मिट्टी के ऊपर स्लोप बनाकर कट स्टोन लगाने, पिंचिंग, जल निकासी के लिए दोनों तरफ नालियों का निर्माण होना था। ठेकेदार द्वारा मानकों को ताक पर रखकर निर्माण शुरू कराया गया। मिट्टी के ऊपर मिट्टीयुक्त पीली ईंटों के चूरे डाल कर ऊपर से स्टोन बिछा दिया गया।

गांवों के विकास से देश का विकास संभव : किशोरी लाल

अमेठी सांसद की क्षेत्र में अब भाजपा को घेरने की कोशिश

बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। अमेठी से कांग्रेस सांसद केएल शर्मा ने भाजपा का काकस तोड़ना शुरू कर दिया है। दस साल केंद्रीय मंत्री रहते हुए बल्दीराय ब्लॉक पर वो एक बार भी झांकने नहीं पहुंची। लेकिन सांसद किशोरी लाल शर्मा ने शनिवार को यहां ब्लॉक पर पहली बार क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल हुए। जिससे भाजपाइयों में हड़कंप मच गया। यहां बैठक को संबोधित करते हुए सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा हिन्दुस्तान की उन्नति करना है तो पंचायती राज को मजबूत करना होगा। क्योंकि पंचायती राज एक ऐसा विभाग है जिसमें जनता का प्रधान व बीडीसी से सीधा जुड़ाव होता है। उन्होंने कहा हमारा देश गांव में बसता है। भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा हम बहुत बड़े-बड़े हाइवे बना दें अगर गांव का विकास नहीं होता है तो विकास के कोई मायने नहीं हैं। गांव अगर विकसित हो जाएंगे तो आम आदमी गांव में रहना पसंद करेगा। शहरों पर जो बोझ रहा है वो इसलिए रहता है कि ग्राम सभाओं में हमारी उन्नति नहीं है। उन्होंने कहा बल्दीराय मैं पहले भी आता रहा हूं लेकिन आज सांसद बनने के बाद पहली बार आया हूं। वही पत्रकारों द्वारा पेपर लीक के मुद्दे पर किए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पेपर लीक यहां के नवजवान की जिंदगी बर्बाद करने की बात है। क्योंकि एक ही पेपर लीक नहीं हो रहा है। केवल नीट की बात नहीं है। और भी पेपर लीक हो रहा है। उन्होने कहा बच्चा तैयारी करता है तब तक पेपर लीक हो जाता है और फिर उसकी उम्र निकल जाती है। क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचम आयोग योजना, सभी प्रकार के पेंशन, कृषि रक्षा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पशुपालन, स्वच्छ भारत मिशन, शिक्षा विभाग से संचालित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र सिंह, पूर्व कांग्रेस एमएलसी दीपक सिंह, ब्लॉक प्रमुख शाहगढ़ सदाशिव, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ. रमेश यादव, सीडीपीओ राजवती सिंह आदि मौजूद रहे।

गार्ड को कमरे में बंद कर टावर की बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर (वीओएल)। लखनऊ-वाराणसी हाइवे के किनारे एयरटेल कंपनी के टावर को चोरों ने निशाना बनाया। चोरी करने पहुंचे चोरों ने कमरे में दोनो तैनात गार्डों को बंद कर टावर में लगी बैटरी खोल ले गए। टावर बंद होने की जानकारी मिलते ही कंपनी के टेक्नीशियन ने गार्ड से संपर्क किया तो उन्होंने टावर चलने की बात कही, लेकिन थोड़ी देर बाद दोनो गार्डों के मोबाइल का संपर्क टूट गया। टेक्निशयन के टावर पर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई।

शुक्रवार की रात बंधुवाकला थाना क्षेत्र के ऊंचगांव पड़वापुर में बने एयरटेल टावर का संपर्क टूट गया, जिसकी जानकारी होते ही कंपनी के सुपरवाइजर ने रात 02 बजे टेक्नीशियन रमेश सिंह से संपर्क किया तो उन्होंने टावर पर तैनात गार्ड प्रमोद वर्मा और ऋतिक पांडेय से संपर्क किया तो उन्होंने बिजली होने और टावर चलने की बात बताई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही कम्पनी के सुपरवाइजर ने पुनः टेक्नीशियन को टावर बंद होने की जानकारी दी। फिर टेक्नीशियन ने गार्डों से सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन उनका मोबाइल बंद आया। थोड़ी देर के टावर पर पहुंचे टेक्नीशियन रमेश सिंह ने देखा कि गार्डों को अंदर कमरे में बंद कर दिया गया है और टावर की 48 बैटरीया चोरी हो गई है। घटना की जानकारी टेक्नीशियन ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 48 बैटरी की चोरी का मुकदमा गार्ड की तहरीर पर दर्ज किया गया है। मामले की स्वाट टीम के साथ गहनता से जांच की जा रही है।

युवक ने खाया सिंदूर हालत गंभीर

ऊँचाहार (रायबरेली) संदिग्ध परिस्थितियों में सिंदूर खाने से युवक की हालत बिगड़ गई, जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।पक्का ताल पट्टी रहस कैथवल गाँव निवासी फूलचंद 30 वर्ष ने शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर ही सिंदूर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, जानकारी होने पर परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि युवक सीएचसी आया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मनायी गयी दानवीर भामाशाह की जयंती

रायबरेली। संस्कृति विभाग और राज्य कर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन सभागार, राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में किया गया था। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सर्वप्रथम दानवीर भामाशाह के चित्र पर दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम में लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया और उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता के विषय में जानकारी ली। संस्कृति विभाग ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं व्यापारियों के लिए चलाई जा रही हैं उन्हें शत प्रतिशत धरातल पर लागू कराया जाएगा। यदि व्यापारियों को किसी प्रकार की भी समस्या हो तो उसके लिए तत्काल प्रशासन से संपर्क कर सकते है। प्रशासन उनके व्यापार को सुरक्षा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जाते रहे हैं और आगे भी उनकी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल त्रिपाठी, परियोजना निर्देशक राजेश कुमार मिश्रा,जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी पन्नालाल के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

रोजगार मेले में 87 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

रायबरेली। प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर ष्आत्मनिर्भर भारत अभियानष तथा ष्हर हाथ को कामष के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला), गोराबाजार, रायबरेली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सकें। सहायक सेवायोजन अधिकारी आलोक मिश्र द्वारा रोजगार संगम पोर्टल पर अभ्यर्थियों को पंजीयन करने की जानकारी संस्थान के प्रशिक्षार्थियों को दी। कम्पनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कम्पनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। वाई०पी० रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 108 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु गुडविल इंडिया मैनेजमेंट ग्रुप ऑफ कम्पनी प्र.लि., पीपल ट्री ऑनलाइन, आदि कम्पनियों द्वारा कुल 87 अभ्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। इस कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी ने रखी एवं सर्वेश कुमार राय कॅरियर काउंसलिंग प्रभारी जिला सेवायोजन कार्यालय ने सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। राजकीय आई०टी०आई०, (महिला) गोराबाजार, रायबरेली की प्रधानाचार्या, सुश्री नेहा, अब्दुल सलीम कार्यदेशक तथा अन्य अनुदेशकों व सहायको का रोजगार मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के धीरेन्द्र सिंह, उमेश कुमार तथा विजय कुमार द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया है।

मिट्टी चोरी के मामले में अज्ञात पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। तालाब से चोरी से मिट्टी खुदाई किए जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया। कोतवाली के खालिसपुर मुबारकपुर के प्रधान काशीनाथ का आरोप है कि उनकी ग्राम पंचायत में स्थित गाटा संख्या 491 जो अभिलेखों में तालाब दर्ज है। तालाब से अज्ञात लोगों ने चोरी से मिट्टी का खनन कर उठा ले गए। प्रधान की तहरीर पर शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया।

न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स प्रबन्धक ने नपा क्षेत्र के सौंदर्यीकरण में दिया योगदान

रायबरेली। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. शशिकांत शर्मा संस्थापक प्रबन्धक न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स ने अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क, संत गाडगे पार्क एवं गौतम बुद्ध पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अभियंता नगर पालिका से समन्वय स्थापित कर उस पर अपना योगदान दिया। एक समाजसेवी की भूमिका निभाते हुए पार्कों को सुन्दर रूप देने के लिए उनके आसपास प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हेतु कलर लाईट लगवाईं। आपको बताते चलें कि कुछ दिनों पहले डॉ. षर्मा जी ने रायबरेली के प्रत्येक वार्ड को हरा-भरा बनाने के लिए पेड़-पौधे लगाने का भी बीड़ा उठाया था और इस कार्य की पूर्ति हेतु उन्होंने प्रत्येक वार्ड को 50-50 पौधे उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए 10-10 ट्री-गार्ड भी उपलब्ध कराये थे। अब एक बार पुनः पर्यावरण की सुरक्षा, शुद्धता एवं प्रकाश के प्रति ध्यान देते हुए पार्कों की स्थिति को सही करने की अहम्भूमिका निभाई तथा शहर को स्वच्छएवं सुंदर रायबरेली बनाने के लिए जो भी आवश्यकता होगी उसके लिए हर सम्भव मदद का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, राजीव सिंह, तारकेश्वर सिंह, नितिन सिंह एवं अन्य सहयोगी साथी उपस्थित रहे।

अवैध कब्जे पर गरजा बुलडोजर

खीरों, रायबरेली। थाना क्षेत्र के गांव फत्तेखेड़ा मजरे पाहो में शनिवार को प्रशासन का बुल्डोजर गरजा। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने चार सगे भाइयों द्वारा किए गए अवैध कब्जे और शुरू किए गए निर्माण कार्य को ढहा दिया गया। जयापुरवा मजरे भीतरगांव में भी एक आवंटी की भूमि पर दूसरे व्यक्ति द्वारा किए गए जबरन कब्जे को गिराकर आवंटी को कब्जा दिलाया गया। दोनों ग्राम पंचायतों में नायब तहसीलदार उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत पाहो के गांव फत्तेखेड़ा निवासिनी पुष्पा देवी पुत्री महापाल ने समाधान दिवस में तहसील लालगंज में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि फत्तेखेड़ा मजरे पाहो ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 1337 ख राजस्व विभाग के अभिलेखों में तालाब दर्ज है। जिस पर मेरा अस्थाई घूरा पड़ता है। लेकिन मेरे गांव के सूर्यभान, विजय शंकर, गनेश, दिनेश पुत्रगण रामकुमार ने जबरन मेरा घूरा हटाकर उक्त तालाबी भूमि पर लगभग 12 बिसुआ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर चारो सगे भाई टीन शेड का निर्माण कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के आदेश पर नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय के नेतृत्व में कानूनगो गम्भीर सिंह, शिवप्रकाश द्विवेदी, लेखपाल जितेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार, महेश तिवारी, विनय तिवारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाकर गिराकर कब्जा मुक्त करा दिया।

ग्राम पंचायत भीतरगांव के गांव नयापुरवा निवासी बच्चनलाल के नाम आवंटित भूमि पर रमाशंकर यादव ने अवैध रूप से जबरन कब्जा कर निर्माण कर लिया था। नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय के नेतृत्व में उक्त टीम ने अवैध कब्जे को हटाकर आवंटी को कब्जा दिला दिया। नायब तहसीलदार शम्भू शरण पाण्डेय ने बताया कि फत्तेखेड़ा मजरे पाहो में सुरक्षित तालाबी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था उसे गिराकर कब्जा मुक्त करा दिया गया है। नयापुरवा मजरे भीतरगांव में आवंटी की भूमि पर अवैध हटवाकर आवंटी को कब्जा दिला दिया गया है।

कालाजाम में रबड़ मिलने की शिकायत पर जांच करने पहुंची खाद्य टीम

- अवंतिका फूड मॉल का मामला

सुलतानपुर (वीओएल)। मिठाई में रबर बैंड मिलने के मामले में खाद्य विभाग की टीम अवंतिका फूड मॉल जांच करने पहुंची। जिलाधिकारी आवास के सामने स्थित प्रतिष्ठान में विभिन्न खाद्य पदार्थों के टीम ने तीन नमूने भरे। एक दिन पूर्व उपभोक्ता की तरफ से रबड़ बैंड मिलने की लिखित शिकायत हुई थी। फूड इंस्पेक्टर अभय सिंह ने बताया कि तीन नमूने लेकर विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। अवंतिका फूड मॉल संचालक आलोक आर्य ने बताया कि मेरी प्रतिष्ठा को बदनाम करने के लिए ये एक साजिश है। पहले ही इन्ही उपभोक्ता द्वारा शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। इस संबंध में जब उपभोक्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा पहली बार दिनांक 28 जून 2024 को गुलाब जामुन (काला जाम) में रबड़ मिलने की शिकायत की गई है। इससे पहले मेरे द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई है। मेरे द्वारा पूर्व में भी शिकायत की गई है, आलोक आर्य का यह बयान पूर्णतया असत्य और निराधार है। मेरे द्वारा इसके पहले न तो कोई शिकायत की गई न ही किसी प्रकार से मेरा अवंतिका फूड मॉल के संचालक से राजनीतिक पारिवारिक ग्रामीण अंचल का विरोध है। मैं तो उन्हें जानता तक नहीं हूं। मेरे साथ जो घटना घटित हुई उसी का मैने उल्लेख किया है और संबंधित विभाग में लिखित रूप में शिकायत की है। अवंतिका फूड मॉल के संचालक द्वारा मीडिया कर्मियों को दी जा रही जानकारी पूर्णतया असत्य और निराधार है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि शिकायत के आधार पर नमूने लिए गए हैं। जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

पहली बरसात में ही खुल गयी नगर पंचायत की पोल

- भारी बारिश से नालिया हुई चोंक, पानी निकासी की हो रही समस्या

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। पहली बरसात ने ही नगर पंचायत की पोल खोल दी। तेज बरसात के चलते पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बरसात का पानी दर्जनों दुकानों में घुस गया। जिससे लगभग पचासों लाख का नुकसान हुआ।

शनिवार की सुबह हुई भारी बरसात के चलते जल निकासी के लिए बनी नालियां चोक हो गई एवं नवनिर्मित नाले का वाटर लेवल जगह-जगह ऊंचा एवं नीचा होने के कारण पानी का बहाव नहीं हो सका। जिससे बरसात का पानी दुकानों में घुस गया। दुकानों में रखे सामान पानी से सराबोर हो गए। पवन मोबाइल केयर का 20 लैपटॉप, 8 एलइडी टीवी, मोबाइल, इनवर्टर, मोबाइल डिस्प्ले सहित लगभग 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ, वहीं पर राज मोबाइल एवं मां कल्याणी मिष्ठान भंडार का लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ। राज मोबाइल सेंटर एवं अवध बुक डिपो के भी दुकानों में पानी घुस गया जिससे लगभग तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ, वहीं क्वालिटी बेकर्स का भी लगभग एक लाख का नुकसान हुआ तथा अज्जू मोबाइल केयर का लगभग दो लाख तथा कपिल इलेक्ट्रॉनिक्स का एवं आइसक्रीम की दुकान का मिलाकर लगभग पांच लाख का नुकसान हुआ। इस संबंध में मौके पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल का कहना है कि नालियों के ऊपर सीढ़ी एवं बेसमेंट बना लिया गया है। बगैर इसे हटाए ब्लॉक का पता नहीं चल पा रहा है। नाली के चेंबर से सफाई कराई गई, जिससे पानी निकल गया है। उसके बगल एक नई नाली का निर्माण कराया जाएगा। नवनिर्मित नाली में जो भी कमियां है। उसे शीघ्र दुरूस्त कराया जाएगा।

भारी बारिश से जलमग्न हुआ दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

दोस्तपुर, सुलतानपुर। कादीपुर विधानसभा के विधायक राजेश गौतम द्वारा गोद लिए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर का बहुत ही बुरा हाल है। सुलतानपुर में सबसे नंबर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां पर काफी संख्या में मरीज देखे जाते हैं। यहां पर हड्डी रोग विशेषज्ञ भी तैनात है, लेकिन इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को बड़े ही मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। आज जिले में पहली बार बारिश का आगमन हुआ है और इस बारिश ने पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नक्शा ही बदल दिया है। तालाब जैसी स्थिति बन गई है। आलम ये रहा आज हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर धनंजय वर्मा को अस्पताल आने के लिए बाइक पर बैठकर अस्पताल के अंदर तक जाना पड़ा। वहीं दोस्तपुर पुलिस की गाड़ी मुलजिम को डॉक्टरी करवाने गई थी उसे गाड़ी पर डॉक्टरों ने बैठकर हॉस्पिटल मे दाखिल हुए वहीं, महिलायें बहुत ही बुरी स्थिति से गुजर कर अस्पताल में दाखिल हुई वही इस बाबत जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक से जानकारी मांगा गया तो उन्होंने बताया कि कई बार नगर पंचायत को लेटर जारी किया गया है, लेकिन हर बार उन्हें अस्वासन ही मिलता आया है। पिछले नगर पंचायत अध्यक्ष राजा राम ने कोई कार्यवही नहीं किया था। इस बार अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर ने कहा है कि 10 दिनों के अंदर मैं इस समस्या का समाधान करा दूंगा।

सीओ दफ्तर की गिरी बाउंड्रीवाल छत में भी आयी दरार

बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। बल्दीराय पुलिस क्षेत्राधिकारी का कार्यालय बनने की वर्षों से चल रही कवायद समाप्त हो गई थी। शासन से 60 लाख रुपए की सौगात मिलने पर कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल निर्माण कार्य शुरू कर क्षेत्राधिकारी कार्यालय को अंतिम रूप दे चुका था। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहुरावां स्थित मुसाफिरखाना-देवरा मार्ग के बहुरावा बाजार में खाली पड़ी सरकारी जमीन गाटा संख्या 1624 मि. व 1626मि. को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के लिए अधिकृत किया गया है।

जिलाधिकारी के आदेश पर उक्त जमीन को पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के नाम से हस्तांतरित की गई। क्षेत्राधिकारी कार्यालय बनने में मानकों की अनदेखी की गई। छत से पानी टपक रहा है। पहली ही बरसात में बाउंड्रीवाल गिर गई। ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में धांधली व अनियमितता बरती गई है। तहसीलदार अरविंद तिवारी ने कहा कि विभागीय जांच कराई जाएगी। दोषी मिलने पर कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्यवाही की जायगी। सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत ने कहा कि सीओ कार्यालय के बाउंड्रीवाल गिरने की सूचना मिली है।पुलिस टीम के साथ निरीक्षण किया जायेगा।जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी जायेगी।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का विदाई समारोह संपन्न

- मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र पाण्डेय हुए सेवानिवृत्त

कादीपुर, सुलतानपुर। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनुदानित अशासकीय सहायता प्राप्त संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर के मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो शैलेन्द्र पाण्डेय अपनी 43 वर्ष की सतत सेवा के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. आरएन सिंह के द्वारा एक समारोह आयोजित कर प्रो शैलेन्द्र पाण्डेय के साथ ही महाविद्यालय से अभी हाल में ही में ही सेवानिवृत्त हुए भूगोल विभागाध्यक्ष व पूर्व प्राचार्य प्रो. इन्दुशेखर उपाध्याय (सेवानिवृत्त-2022) एवं शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण त्रिपाठी (सेवानिवृत्त- 2023) को अंगवस्त्र एवं भगवान श्री राम जी का चित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रो. इन्दुशेखर उपाध्याय द्वारा महाविद्यालय के इतिहास व विकास पर सम्यक प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को अच्छुण बनाये रखने के लिए नयी पीढ़ी के शिक्षको व कर्मचारियों से संस्था के विकास, निष्ठा व सम्मान की संकल्पना की अपेक्षा की गयी। महाविद्यालय के स्थापना काल की अन्तिम पीढ़ी के वरिष्ठतम शिक्षकों के विदाई समारोह के भावुकता पूर्व क्षण पर प्राचार्य द्वारा तीनों शिक्षकों के बिताए गये अपने क्षणिक कार्यकाल का सुखद प्रगटीकरण किया गया। महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की तरफ से विभागाध्यक्ष डॉ. करूणेश भट्ट व असिस्टेंट प्रो. चन्द्र प्रकाश यादव व असिस्टेंट प्रो. प्रतीक मौर्य एवं अवनीश प्रताप पाण्डेय द्वारा प्रो. शैलेन्द्र पाण्डेय को श्रीरामचरितमानस की प्रति देकर सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य व प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र तिवारी, असिस्टेंट प्रो मनोविज्ञान विभाग डॉ. जितेन्द्र कुमार उपाध्याय व डॉ. राजित राम यादव, डॉ. हरेन्द्र सिंह, डॉ. सतीश सिंह, डॉ. विनोद तिवारी, संजय सिंह, डॉ. राम धीरज यादव, डॉ. करूणेश भट्ट, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ शनि शुक्ला, नीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

पहली बारिश में तालाब बना ब्लॉक परिसर

बल्दीराय, सुलतानपुर। विकास खंड परिसर में बना शहीद स्मारक यूं तो उपेक्षा का शिकार बनकर रह गया है। उसके बावजूद भी पूरा परिसर पहली बारिश में ही तालाब की तरह दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम चाहे जो हो परन्तु चमक दमक के बाद भी सवाल उठना स्वाभाविक है, क्योंकि बहुतेरे माननीयों के बाद भी किसी ने न तो जलभराव देखा न ही परिसर में बना शहीद स्मारक किसी को नजर आया।

वरिष्ठजनों के विधिक अधिकार विषय पर शिविर आयोजित

रायबरेली। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निदेर्शानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में आज वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आईटीआई कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों के लिए विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जजध्सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उक्त शिविर में वृद्धाश्रम के लेखाकार हिमाँशु सिंह, सेवादार नीलम श्रीवास्तव, स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व मनोज कुमार प्रजापति आदि उपस्थित रही।

संक्षेप

नगरपालिका करा रही नालों की सफाई

टूंडला। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में नालों की तड़ी झाड़ सफाई कराई जा रही है। शनिवार को अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी के निर्देशन में नगर के एटा रोड पर सफाई कार्य कराया गया इस दौरान दुकानदारों द्वारा अपने सामने नाले को पाट दिया था। पालिका कर्मियो द्वारा पटे हुए नालो को प्रभारी सफाई निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा व साफई मित्रो की मौजूदगी में मौके पर हटवाकर नालो की गली झाड़ सफाई कराई गई। इस दौरान वार्ड नं 20 के सभसद राजन सिंह प्रभारी सफाई निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा, सफाई नायक दिलासराम, पोकलेन ड्राइवर हरिकांत पचौरी ट्रैक्टर ड्राइवर विक्रम व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

बालिका को पिकअप ने रौंदा, मौत

मथुरा। मांट थाना क्षेत्र अन्तर्गत जाबरा रोड पर आज सुबह घर के पास खेलती एक बालिका को मैक्स पिकअप गाड़ी ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आशागढ़ी निवासी विकास की ढाई वर्षीय बेटी तन्वी आज सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घर के पास सड़क पर खेल रही थी तभी तेज गति से आती मैक्सपिकअप गाड़ी ने उसे दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने गाड़ी को घेर लिया और पुलिस के सुपुर्द किया है।

विमला यादव का निधन अपूर्णीय क्षति

मथुरा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव यादव की माता जी विमला देवी पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद मथुरा के असमायिक निधन पर शिक्षक संगठनों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। सुजीत वर्मा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को अपूर्णीय क्षति बताया है। श्री वर्मा ने बताया कि उन्होंने जानकी बाई गर्ल्स इंटर कॉलेज मथुरा में प्रवक्ता पद पर भी अपनी सेवाएं दी उनके पढ़ाए हुए बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहरा रहे हैं सभासद पद पर रहते हुए भी जनहित के बहुत कार्य किए।

जीआरपी ने पर्स चोर पकड़ा

मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन और चलती सवारी गाड़ियों में यात्रियों के साथ चोरी की बढ़ती वारदातों को रोकने के उद्देश्य से राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा आज दोपहर न्यायालय के पास एक व्यक्ति के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लेडीज पर्स बरामद किया है। जिसमें एक कीमती मोबाइल फोन व अन्य कागजात मिले हैं। जीआरपी के अनुसार आज दोपहर चेकिंग के दौरान जंक्शन की धौली प्याऊ से प्रवेश द्वार के निकट बने न्यायालय के पास से खुरकान पुत्र स्व० नसरुद्दीन लनवासी ग्राम अवैरनी ईछा मोहल्ला बल्देव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लेडीज पर्स बरामद किया है। जिसमें 54000 रुपये पैन कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड एसबीआई, वोटर आईडी, एक लेलर्ज घडी टाईटन, दो चश्मे व एक अदद मोबाइल फोन वीवो आदि बरामद हुए हैं। पर्स से मिले आधार कार्ड से संबंधित महिला को इसकी सूचना दी गई है जिससे वह बरामद पर्स को ले जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकान्त गर्ग ने कलेक्ट्रेट सभागार में दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजली दी। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शनिवार कलेक्ट्रेट सभागार में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस को व्यापार कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, ज्वॉइंट कमिश्नर सेल टैक्स/जीएसटी प्रीति, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, डिप्टी कमिश्नर सेल टैक्स / जीएसटी जय सेन सहित जनपद के प्रतिष्ठित व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जनपद के व्यापारियों को सम्मानित भी किया गया, जिसमें अमित यादव, मोहित अग्रवाल, चतुर्वेदी मोटर आदि को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था में उनकी अहम भूमिका होती है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा उद्यमियों व व्यापारियों के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई गई है।

जनपद में जो उद्योग स्थापित कर रहे हैं वह अपने उद्योग में सफल रहे। आपके उद्योग के आसपास छोटे-छोटे भी व्यापारी उद्योग लगाकर बिजनेस कर रहे हैं तथा उन्हें लाभ मिल रहा है, यही भामाशाह के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर जिन व्यापारियों को किसी भी प्रकार की समस्याएं होती हैं, उसके निराकरण हेतु प्रशासन तत्पर है। उन्होंने कहा कि व्यापार को बढ़ाएं और अपनी आय दोगुनी करें। भामाशाह जी (1547 - 1600) बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप जी के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। अपरिग्रह को जीवन का मूलमन्त्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में आप सदैव अग्रणी रहे। मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था और दानवीरता के लिए भामाशाह नाम इतिहास में अमर है। दानवीर भामाशाह जी का जन्म राजस्थान के मेवाड़ राज्य में वर्तमान पाली जिले के सादड़ी गांव में 29 अप्रैल 1547 को ओसवाल जैन परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम भारमल था जो रणथम्भौर के किलेदार थे। भामाशाह जी का निष्ठापूर्ण सहयोग महाराणा प्रताप जी के जीवन में महत्वपूर्ण और निर्णायक साबित हुआ। मातृ-भूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप जी का सर्वस्व होम हो जाने के बाद भी उनके लक्ष्य को सर्वोपरि मानते हुए अपनी सम्पूर्ण धन-संपदा अर्पित कर दी। यह सहयोग तब दिया जब महाराणा प्रताप जी अपना अस्तित्व बनाए रखने के प्रयास में निराश होकर परिवार सहित पहाड़ियों में छिपते भटक रहे थे। मेवाड़ के अस्मिता की रक्षा के लिए दिल्ली गद्दी का प्रलोभन भी ठुकरा दिया। महाराणा प्रताप जी को दी गई उनकी हरसम्भव सहायता ने मेवाड़ के आत्म सम्मान एवं संघर्ष को नई दिशा दी। व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकान्त गर्ग ने भामाशाह के जन्म दिवस के अवसर पर व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि भामाशाहजी ने महाराणा प्रताप के साथ मिलकर उनकी सहायता किया था उन्होंने जो दान दिया था उससे महाराणा प्रताप जी ने कई सालों तक अपने सैनिकों को वेतन देते रहे हैं भामाशाह बहुत ही नेक इंसान थे आज व्यापारी कल्याण दिवस जो मनाया जा रहा है और सभी व्यापारियों को सम्मानित किया जा रहा है यह उन्हीं की ही देन है। उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश में दानवीर भामाशाह जी की जन्म दिवस मनाने का जो निर्णय लिया है, वह व्यापार मंडल की तरफ से उनकी भूरि भूरि प्रशंसा करते हैं।

मथुरा में बारिश के बाद जलभराव

मथुरा। मथुरा आगरा रोड पर बाद गांव पर बन रहे पुल के कारण आगरा से दिल्ली जाने वाला रोड पूरे दिन बरसात के पानी से पानी भर गया है जिससे इस क्षेत्र में वाहनों की गति काफी धीमी रही और दोनों ओर वाहनों की लगभग 10 किलोमीटर तक लंबी कतार रही। जिससे छोटे वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आगरा- दिल्ली हाइवे पर शुक्रवार की सुबह से शुरू हुई वर्षा आज दूसरे दिन भी हुई जिससे यहां पुल निर्माण कार्य के चलते जर्जर सड़क पर गड्ढों में पानी भर गया आगरा से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग

पर इसी से वाहनों की रेंगते देखा गया। पिछले 24 घंटे से इस क्षेत्र में वाहनों की गति काफी धीमी होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी है। दुपहिया और चैपहिया वाहनों को भी इस क्षेत्र से निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रिफाइनरी की पुलिस बराबर पिकेट रहती है जाम नहीं खुलवाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है जिससे 10 से 15 किलोमीटर घूम कर छोटे वाहन चालकों को आना पड़ रहा है जो बरारी से बंबूरी एवं लाडपुर करनावल कोयला अलीपुर होते हुए रांची एवं टाउनशिप चैराहे पर निकलते हैं।

चोरी का खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

आगरा। आगरा पुलिस पुराने मामलों का तेजी के साथ निपटारा करते हुए खुलासा कर रही है। इसी क्रम में 27 जून को थाना लोहामंडी क्षेत्र अंतर्गत एक इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में की गई चोरी की वारदात का डीसीपी सिटी ने खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जिस आरोपी को गिरफ्तार किया है, वह एक एसी-फ्रिज के गोदाम में काम करता था। उसने 27 जून की रात को वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय ने बताया कि लोहा मंडी थाना पुलिस ने 27 जून की रात को बिल्लोचपुरा में हुई चोरी की वारदात का खुलासा किया है। पकड़ा गया आरोपी किशन इसी इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में ऑटो लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता था। उसे माल और नगदी की पूरी जानकारी थी। इसलिए उसने पूरी प्लानिंग के तहत इस वारदात को अपने साथियों के साथ अंजाम दिया। थाना लोहामंडी पुलिस ने अभियुक्त के पास से सात लाख 10 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। डीसीपी ने बताया कि आरोपी किशन ने अपने साथी नितेश और कन्हैया के साथ वारदात को अंजाम दिया था। किशन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस नितेश और कन्हैया गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। जल्दी दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों ने पूरी घटना को अपने शरीर में पॉलिथीन को लपेट कर अंजाम दिया था, अभियुक्तों ने अपने शरीर पर पॉलिथीन इसलिए लपेटी थी, जिससे उनकी पहचान न हो सके।

पति ने गर्भवती महिला व सास-ससुर को पीटा

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार क्षेत्र के मुहल्ला राम नगर निवासी गर्भवती को उसके पति व ससुरालीजन ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। बेटी को बचाने आए मां और पिता को भी ससुरालियों ने जमकर पीटा। पिटाई का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने घायलों का ट्रामा सेंटर में डॉक्टरी परीक्षण कराया है। जसराना के मुस्तफाबाद क्षेत्र की निवासी मधु देवी ने बताया कि उनकी पुत्री विनीता की शादी राम नगर में आकाश के साथ 2 साल पहले हुई थी। वह आठ महीने से अधिक समय की गर्भवती है। उनके दामाद और ससुरालियों द्वारा अतिरिक्त दहेज के लिए उनकी बेटी को परेशान किया जाता है। दामाद और उसके ससुरालीजन विनीता से मारपीट करने लगे। वह और उनके पति दीप चंद्र बचाने आए तो उनसे भी मारपीट की गई। जब वह वापस अपने घर जा रहे थे। तभी दामाद और उनके परिवारीजनों ने मिलकर लाठी डंडों से उन्हें रास्ते में सड़क पर गिराकर पीटा। जिसमें ससुर लहू लुहान हो गए और सास के भी चोटें आई हैं। इस घटना का लाइव सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। मामले की शिकायत थाने में की गई। इंस्पेक्टर ऋषि कुमार ने बताया कि घायलों का डॉक्टरी परीक्षण करा कर घटना की जांच की जा रही है। जिले में विवाहिताओं का उत्पीड़न थम नहीं रहा है। तमाम जागरूकता कार्यक्रम और दहेज पर प्रतिबंध के बावजूद भी लोग अभी भी सबक नहीं लिया जा रहा हैं।

प्रदीप मिश्रा पहुंचे राधा रानी के दर अपने वक्तव्य के लिए माफी मांगी

मथुरा। राधा रानी के बारे में लोगों को गलत तथ्य बताए जाने के बाद उठे बवाल और संत समाज में विरोध को देखते हुए प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा शनिवार को बरसाना के राधा रानी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने अपने वक्तव्य के लिए राधा रानी से क्षमा याचना की। पंडित अमित भारद्वाज, पदाधिकारी ब्रज तीर्थ देवालय न्यास ने बताया कि मंदिर में प्रदीप मिश्रा को न तुलसी दी गई, न माला और न ही प्रसादी।

अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यवाहक उपाध्यक्ष पंडित संजय हरियाणा ने बताया राधा रानी के दरबार में मध्य प्रदेश से आये प्रदीप मिश्रा जिन्होंने कुछ टिप्पणी हमारी आराध्य राधा रानी के विषय में अपनी कथा में कही थी। जिससे समस्त बृजवासियों में रोष था, मथुरा में भागवत आचार्य मृदुल कांत शास्त्री और बरसाने में रमेश बाबा के नेतृत्व में एक पंचायत भी हुई जिसमें समस्त बृजवासियों के अलावा मथुरा के संतों, महंतों, कथावाचकों और भागवत आचायाओं ने तीखे शब्दों में निंदा की और उसके पश्चात तीन दिन का समय प्रदीप मिश्रा को दिया था कि वह जाकर राधा रानी के दरबार में माफी मांगे।। शनिवार को दोपहर इस श्रृंखला की कड़ी में प्रदीप मिश्रा राधा रानी के दरबार पहुंचे और उन्होंने राधा रानी के भवन में लेट कर नाक रगड़कर माफी मांगी। अखिल भारत हिंदू महासभा ने भी मुहिम चलाई थी और लगातार मंचों के माध्यम से कहा गया समस्त प्रकरण में अखिल भारत हिंदू महासभा लगातार साथ रही और बृजवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस प्रकरण में दोषी प्रदीप मिश्रा जी के खिलाफ पंचायत के पश्चात जो तीन दिन का समय उनको दिया गया था उसमें सहभागिता की। आज उन्होंने माफी मांगी अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। पंडित संजय हरियाणा ने अखिल भारत हिन्दू महासभा की ओर से इस प्रकरण के समाप्ति की घोषणा भी की।

सीओ मांट और महावन ने ऑपरेशन जागृति के तहत महिला व बालिकाओं को किया जागरूक

मथुरा। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ आदेश द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति (फेज-02) अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा शैलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में थाना मांट क्षेत्र में क्षेत्रधिकारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम जहाँगीरपुर में चैपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है तथा शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। मांट सीओ गुँजन सिंह और महावन सीओ भूषण वर्मा महिलाओं को जागरूक करने में मयपुलिस टीम द्वारा गाँव-गाँव जाकर महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चैपाल लगाकर महिलाओं बालिकाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु समस्त थानों पर ऑपरेशन जागृति (फेज-02) अभियान के तहत थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल व ऑपरेशन जागृति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों यथा- प्रमुख चौराहों/कस्बों/प्रमुख बाजारों/मन्दिरों/शिवालयों/शॉपिंग मॉल आदि के आस-पास गश्त/चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांवों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों तथा मिशन शक्ति कक्ष में चैपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर्स व नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों के दुरूपयोग व झूठे मुकदमे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

ट्रैक पर मिला अज्ञात शव, पोस्टमार्टम को भेजा

शिकोहाबाद। रेलवे ट्रैक पर नगला कन्हीं के समीप एक अज्ञात शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। नगला कन्हीं के समीप एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। शनिवार सुबह जब लोगों ने शव को ट्रैक पर पड़ा देखा तो इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस संबंध में निरीक्षक अपराध रमेश चंद्र ने बताया कि घटना शुक्वार रात की है। अज्ञात व्यक्ति या तो ट्रेन से गिर पड़ा है अथवा चपेट में आकर उसकी मृत्यु हुई है। शव की शिनाख्त कराई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक काले रंग की सादा पेंट, सफेद और क्रीम कलर की शर्ट पहने हुए हैं। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष के करीब है। उन्होंने बताया कि मृतक के गर्दन से ऊपर का हिस्सी ना होने से शिनाख्त होने में काफी दिक्कत आ रही है।

अशोक कुमार ने ग्रहण किया उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार

आगरा। भारतीय रेलवे भंडार सेवा के अधिकारी अशोक कुमार वर्मा ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इससे पहले अशोक वर्मा 05/01/2024 से केंद्रीय रेलवे विद्युतीकरण संगठन, (कोर) प्रयागराज के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। अशोक कुमार वर्मा 1987 बैच के अधिकारी हैं और उन्होंने विभिन्न पदों पर भारतीय रेलवे की सेवा की है। भंडार से संबंधित मुद्दों में उनके विशाल अनुभव के अलावा, उन्हें सामान्य प्रशासन में भी कार्य का व्यापक अनुभव प्राप्त है। श्री वर्मा ने उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलुरु मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने पहले रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक रेलवे स्टोर के रूप में भी काम किया है। अशोक कुमार ने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री और आईआईएम कोलकाता से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड मैटेरियल मैनेजमेंट से पब्लिक प्रोक्योरमेंट (बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में पब्लिक प्रोक्योरमेंट) में डिप्लोमा और नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी से अल्टर्नेट डिस्प्यूट रिजोल्यूशन मेकैनिज्म में पीजी डिप्लोमा किया है। उन्हें वित्त और सार्वजनिक खरीद में व्यापक अनुभव है। औपचारिक रूप से उत्तर मध्य रेलवे में कार्यभार संभालने के बाद अशोक कुमार ने सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। सभी मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि रेलवे की कार्यप्रणाली में समय पालनता और संरक्षा सबसे महत्वपूर्ण मापदंड हैं। उन्होंने सभी संरक्षा नियमों और सावधानियों को बार-बार दोहराने की आवश्यकता पर बल दिया।

मथुरा वृंदावन में इंद्रदेव की कृपा से हुई झमाझम वर्षा, जल भराव बना मुसीबत

मथुरा। ब्रजवासी पर इंद्रदेव शनिवार सुबह खूब जमकर मेहरबान रहे करीब डेढ़ घंटे की वर्षा से समूचा शहर जलमग्न हो गया। हर मार्ग पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया। बाहर पड़ी सिल्ट नालों में समा गई। दोपहिया वाहनों के साइलेंसर में पानी जाने से कई बाइक बंद हो गई। इसके चलते लोगों को पानी में बाइकों को खींचना पड़ गया। नगर निगम की टीम जलभराव वाली जगह पर मुस्तेद दिखी। शनिवार की सुबह करीब 9.20 बजे से बूंदाबांदी शुरू हो गई। कुछ देर बाद आसमान में छाए काले बादल बरस पड़े। करीब एक घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई और फिर आधा घंटे तक रिमझिम। बारिश होने से दोपहिया वाहन एवं राहगीर हाईवे अंडरपास के नीचे जमा हो गए। इससे यहां वाहन जमा होने से जाम के हालात बनते रहे। डेढ़ घंटे की वर्षा से समूचे शहर में पानी. पानी हो गया। हाईवे और सर्विस रोड पर पानी भर गया। सर्विस रोड पर डेढ़ से दो फीट पानी भर गया। इसी तरह जलभराव के लिए बदनाम भूतेश्वर रेलवे अंडरपासए नया बस स्टैंड अंडरपास, बीएसए रोड पर तीन से चार फीट पानी भर गया। ये पानी आसपास की गलियों में भी भर गया।

महोली रोड, मोती कुंज, मोती मंजिल मार्केट, नरहोली चैराहा, धोली प्याऊ, श्रीकृष्ण जनमस्थान रोड, मसानी रोड, पुष्पांजलि रोड समेत कई इलाकों में पानी भर गया। वर्षा बंद होने पर वाहनों का आवागमन हुआ तो गोवर्धन चैराहा, जयगुरूदेव अंडरपास, मंडी चैराहे पर जाम लग गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ गया। नालों की सफाई को निकाली गई सिल्ट नालों में समा गई। नगर निगम द्वारा मई से नालों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम की टीम भूतेश्वर रेलवे अंडरपास, नया बस स्टैंड अंडरपास और बीएसए रोड के पानी की निकासी के लिए जुटी रहीं।

सीडीओ ने एसडीएम के साथ किया सिरसानदी का निरीक्षण

शिकोहाबाद। सीडीओ ने उप जिलाधिकारी के साथ शनिवार को आरौंज के समीप से निकल रही सिरसानदी का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ तहसील स्तरीय अधिकारी और पशु चिकित्साअधीक्षक भी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने गोशाला में गंदगी और रखरखाव रजिस्टर ना होने पर ग्राम प्रधान और सचिव पर नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। दशनिवार सुबह साढ़े दस बजे सीडीओ दीक्षा जैन ने उप जिलाधिकारी सुश्री विकल्प और बीडीओ जितेंद्र सिंह के साथ सिरसा नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिरसा नदी की स्थित को देखा और इसकी सफाई के लिए एस्टीमेट बनाने के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये। नदी की सफाई के लिए पालिका प्रशासन को भी धनराशि से अपने क्षेत्र में सफाई कराने के लिए कहा गया है। नदी की सफाई में होने वाले खर्च को राज्य वित्त से मिलने वाली धनराशि से होगा। नदी के निरीक्षण के बाद सीडीओ अधिकारियों के साथ आरौंज स्थित गोशाला पहुंची। यहां पर दीवार टूटी होने पर नाराजगी जाहिर की और प्रधान को निर्देश दिये कि टूटी दीवार को शीघ्र मरम्मत कराई जाए। इसके बाद गोशाला में गोवंशी के रख रखाव के रजिस्टर ना मिलने और गंदगी दिखने पर उन्होंने ग्राम प्रधान और सचिव आशीष कुमार को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए भविष्य में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कहा। इसके बाद वह विदरखा स्थित गोशाला के निरीक्षण करने पहुंची।

अलग अलग थाना क्षेत्र से 13 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में पुलिस अलग अलग थाना क्षेत्र से 13 वारन्टी अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर भिन्न-भिन्न अभियोगों में फरार चल रहे 10 वारंटी अभियुक्तों सतीश पुत्र राजबहादुर निवासी थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद, सनी उर्फ कान्हा निवासी ए लानी नगर टंकी के पास थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, चिरंजीव कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी नया रसूलपुर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, जयराम पुत्र नाथूराम निवासी छोटा लालपुर थाना रसूलपुर, सुनीता देवी पत्नी राजकुमार निवासी एलानी नगर टंकी के पास थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, चन्दनिया पुत्री मकटूना निवासी शान्ति नगर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, जूली पुत्री मकटूना निवासी शान्ति नगर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, पिंकी पुत्री मकटूना निवासी शान्ति नगर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, जुबैर पुत्र जमालुद्दीन निवासी गालिब नगर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, धर्मवीर सिंह पुत्र शांति लाल शंखवार निवासी ऐलानी नगर, आसफाबाद, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। वहीं थाना खैरगढ़ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को थाना खैरगढ पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण नेम सिंह पुत्र रामसनेही लाल देवेन्द्र पुत्र राधेश्याम, सोपाली पुत्र रामसनेही लाल को गिरफ्तार किया गया थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

• जिलाधिकारी ने समस्त छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

मथुरा। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित यूपी बोर्ड हाईस्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में जनपद स्तर पर उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी में किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने हाईस्कूल/इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावियों को टैबलेट, प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उक्त सभी विद्याथीर्यों के खातों में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से सम्मान राशि स्थानांतरण कर दी गई है, जिसमें इंटरमीडिएट के छात्रा राशि ने जनपद के साथ प्रदेश में 6वां स्थान प्राप्त करने पर रुपए 1 लाख की धनराशि भी ऑनलाइन दी गई। इंटरमीडिएट के 9 छात्र- छात्राओं क्रमशः चंचल, सोनिया, शिवा पटेल, नरेंद्र, निधि, आशु , प्रांजल सोलंकी, जितेंद्री, अरबाज खान को रुपए 21-21 हजार की सम्मान राशि दी गई है तथा हाई स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं क्रमशः नीरज, आर्या सहगल, नवनीत सिंह सागर, श्रेयनवीं , आकाश तोमर, ख्याति अग्रवाल, जय नारायण, कीर्ति नेहरा, पिंकी, रतन तथा वंश पचौरी को रुपए 21-21 हजार की सम्मान राशि के साथ, प्रमाण पत्र, गोल्ड मेडल व टैबलेट देकर सम्मानित किया गया तथा उत्तीर्ण सभी मेधावियों को बधाई व शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा उपस्थित रहे।

आर्मी के ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

मथुरा। आगरा रोड स्थित वेटनरी कॉलेज के सामने आर्मी के ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया काफी देर तक सड़क पर ही तड़पता रहा। राह गुजरते एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर इसे उपचार के लिए सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल महावन थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया गया है। सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुई इस दुर्घटना में बाइक सवार की घायल हो गया और काफी देर तक सड़क पर ही तड़फता रहा। बाद में मौके पर लगी लोगों की भीड़ और इलाका पुलिस के अनुरोध रौंद पर सैनिकों द्वारा इसे अस्पताल में भर्ती कराय गया है। जहां उसकी दशा गंभीर बताई जा रही है।

हजरतपुर में तैयार होंगे हाई टेक्नोलॉजी वाले पैराशूट

फिरोजाबाद। भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो गगनयान मिशन की तैयारी कर रहा है, जिसके लिए फिरोजाबाद हजरतपुर में आयुध उपस्कर निमार्णी हजरतपुर द्वारा हाई टेक्नोलॉजी वाले पैराशूट तैयार किये जा रहे हैं। गगनयान मिशन को पूरा करने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पृथ्वी पर सॉफ्ट लैंडिंग कराएंगे। यह पैराशूट एकदम सुरक्षित हैं। पृथ्वी पर लैंडिंग करने में न केवल मदद मिलेगी बल्कि कोई जनहानि भी नहीं होगी। वहीं, फिरोजाबाद में इन पैराशूट को तैयार कर जल्द ही इसरो को सौंप दिया जाएगा। हजरतपुर स्थित आयुध उपस्कर निमार्णी के निदेशक अमित सिंह ने बताया कि इसरो द्वारा शुरू किए जा रहे गगनयान मिशन के लिए हाई टेक्नोलॉजी के साथ पैराशूट बनाए जा रहे हैं। अभी तक भारत में इस तरह के पैराशूट का किसी भी मिशन में इस्तेमाल नहीं किया गया है। गगनयान के जरिए अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे और उनकी रीएंट्री के लिए इन पैराशूट को तैयार किया जा रहा है। पृथ्वी के एटमॉस्फेयर में आने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों की लैंडिंग फिरोजाबाद में बनने वाले इन पैराशूट के जरिए ही की जाएगी। अभी तक तैयार होने वाले सभी पैराशूटस में सबसे उच्च कोटि के यह पैराशूटस तैयार किए जा रहे हैं। पैराशूट के बनने के बाद उनकी क्वालिटी को तीन एजेंसियां चेक करेंगी। डीआरडीओ की शाखा एआरडीओ आगरा व इसरो टीम द्वारा इन पैराशूटस को चेक किया जाएगा। यहां 14 पैराशूट सेट बनाए जा रहे हैं। हर सेट में 8 पैराशूट होते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि यह सभी पैराशूट अगले 3 महीने में बनाकर इसरो को दे दिए जाएंगे। इन पैराशूटस को स्पेस रीएंट्री पैराशूट के नाम से जाना जाता है। यह इंडिया में पहली बार बन रहे हैं। निदेशक ने बताया कि अंतरिक्ष से जो कैप्सूल नीचे आता है वह हाई स्पीड से आता है जिसके घर्षण के कारण उसमें हीट जनरेट होती है।

प्रधान ने कांग्रेस पर साधा निशाना

नीट परीक्षा मामला : कहा- वह संसद में चर्चा से भागना चाहती है

एजेंसी

चंडीगढ़। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह नीट परीक्षा मुद्दे पर संसद में चर्चा से भागना चाहती है। प्रधान की यह टिप्पणी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर संसद में सार्थक और अच्छी चर्चा कराने का आग्रह करने के एक दिन बाद आयी है।

नीट परीक्षा के मुद्दे पर विपक्ष द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र पर निशाना साधे जाने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए प्रधान ने कहा, कांग्रेस चर्चा नहीं चाहती। वह चर्चा से भागना चाहती है। उसका एकमात्र उद्देश्य अराजकता, भ्रम पैदा करना और पूरे संस्थागत तंत्र के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने भी संसद में अपने संबोधन में कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे नीट परीक्षा मुद्दे का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान इस मुद्दे को उठाने का मौका था। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी प्रकार की चर्चा के लिए तैयार है। पंचकूला में हरियाणा भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के पहले सत्र की समाप्ति के बाद प्रधान ने संवाददाताओं से कहा, लेकिन कांग्रेस इस

मामले पर राजनीति करना चाहती है। यह राजनीति करने का समय नहीं है। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि इस तरह की अनियमितताएं 2014 से पहले भी हुई थीं। उनका इशारा परोक्ष तौर पर केंद्र में पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की ओर था। उन्होंने कहा, मैं इसे जायज नहीं ठहरा सकता।

नीट-पीजी के लिए नयी तिथि दो दिन के भीतर घोषित की जायेगी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) अगले दो दिन के भीतर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए नई तारीख की घोषणा करेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर बढ़ते विवाद के बीच एहतियाती कदम उठाते हुए पिछले सप्ताह रद्द की गई परीक्षाओं में नीट-पीजी की परीक्षा भी शामिल है। प्रधान ने हरियाणा के पंचकूला में संवाददाताओं से कहा, नीट-पीजी के लिए तिथि की घोषणा एनबीई द्वारा एक या दो दिन में की जाएगी। प्रधान की यह टिप्पणी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा उन तीन परीक्षाओं के लिए संशोधित तिथियों की घोषणा के एक दिन बाद आई है, जिन्हें रद्द कर दिया गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई थी, लेकिन एक दिन बाद ही इसे रद्द कर दिया गया था। यह परीक्षा अब नए सिरे से 21 अगस्त से चार सितंबर तक आयोजित की जाएगी। शिक्षा मंत्रालय को सूचना मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है।

एनडीआरएफ कर्मियों के लिए 40 प्रतिशत जोखिम भत्ते को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को घोषणा की कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) बचावकर्मियों द्वारा पूरे किये जाने वाले कठिन अभियानों को ध्यान में रखते हुए उनके लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को मंजूरी दी है। उन्होंने एनडीआरएफ के 35 सदस्यीय अभियान दल का स्वागत करते हुए यह बात कही। इस दल ने हाल में हिमाचल प्रदेश में 21,625 फुट उंची मणिरंग चोटी पर चढ़ाई की थी। मणिरंग चोटी हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और स्पीति जिलों की सीमा पर स्थित है।

शाह ने विजय नामक अभियान दल का स्वागत करने के बाद कहा सरकार ने एनडीआरएफ कर्मियों के लिए 40 प्रतिशत जोखिम और कठिनाई भत्ते को मंजूरी दी है। यह लंबे समय से लंबित मांग थी, बल के सभी 16,000 कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि यह भत्ता वेतन के अतिरिक्त दिया जाएगा। शाह ने कहा कि सरकार ने विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और एनडीआरएफ जैसे विशेष संगठनों के लिए खेलों को जरूरी बनाने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि इन सुरक्षा बलों की कम से कम एक टीम अनिवार्य रूप से अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेगी। मंत्री ने कहा खुफिया ब्यूरो के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है और एक खाका तैयार किया गया है। हम जल्द ही एक नया मॉडल पेश करेंगे। शाह ने कहा कि उनकी सरकार ने एनडीआरएफ और राज्य आपदा मोचन बलों की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए 2004-14 के दौरान 66,000 करोड़ रुपये की तुलना में 2014-24 के दौरान दो लाख करोड़ रुपये आवंटित करके अधिक धनराशि आवंटित की है।

संक्षेप

राजेश टोयोटा को मिला ग्रीनको गोल्ड रेटिंग पुरस्कार

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) को अपनी डीलरशिप, राजेश टोयोटा (जयपुर, राजस्थान स्थित) की उपलब्धि साझा करते हुए गर्व हो रहा है। हाल ही में इसने चेन्नई में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ग्रीन बिजनेस सेंटर (जीबीसी) का ग्रीनको गोल्ड रेटेड कंपनी पुरस्कार जीता है। डीलरशिप की भिन्न पर्यावरण पहल के व्यापक मूल्यांकन के बाद, सीआईआई ने राजेश टोयोटा को गोल्ड रेटिंग से सम्मानित किया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए राजेश टोयोटा की बेजोड़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह टोयोटा एनवायरमेंट चैलेंज 2050 (टीईसी 2050) में उल्लिखित व्यापक दृष्टिकोण के साथ ताल-मेल में है। राजेश टोयोटा, सीआईआई से प्रशंसा पाने वाली भारत की पहली ऑटोमोटिव डीलरशिप है। इसने विभिन्न मापदंडों, ऊर्जा कुशलता, अपशिष्ट प्रबंधन और जल संरक्षण के तहत निरंतर जारी रहने वाले व्यवहारों को लागू करने में असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया है

कांग्रेस ने अडाणी समूह को लेकर प्रधानमंत्री पर साधा निशाना

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को उस खबर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि अडाणी समूह ने अपनी सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि करदाताओं के पैसे से चीनी कंपनियों को फायदा न हो। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, नॉन-बायोलिकल प्रधानमंत्री ने 19 जून, 2020 को गलवान झड़प के बाद देश को यह कहकर बदनाम किया था कि ना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है। रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने एक टेम्पोवाला मित्र की मदद के लिए चीनी श्रमिकों को उदारतापूर्वक वीजा जारी करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अडाणी और अंबानी को गाली देना बंद कर दिया है, क्या टेम्पो भरकर नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं। रमेश ने कहा कि अडाणी समूह ने कथित तौर पर अपने सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है और 30 चीनी श्रमिकों के लिए वीजा जारी करने के लिए विशेष अनुमति मांगी है।

वसंत विहार में दीवार ढही, एक की मौत

नयी दिल्ली। दिल्ली के वसंत विहार इलाके में एक निर्माण स्थल पर गिरी दीवार के मलबे से शनिवार सुबह एक मजदूर का शव निकाला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मलबे में दो और मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को दीवार गिरने की सूचना शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे मिली थी। डीएफएस के अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान 19 वर्षीय संतोष कुमार यादव के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि उसके शव को शनिवार को सुबह करीब छह बजकर 10 मिनट पर निकाला गया। उन्होंने बताया कि यादव को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गिफ्ट सिटी में स्थापित होगा एआई क्लस्टर

एजेंसी

नयी दिल्ली। आईबीएम और गुजरात सरकार ने शनिवार को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी में आईबीएम के वाटसनएक्स का लाभ उठाते हुए एआई क्लस्टर की स्थापना करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एआई क्लस्टर की स्थापना से वित्तीय संस्थानों के बीच नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। एक बयान के अनुसार, इस साझेदारी के तहत वित्तीय संस्थानों को कृत्रिम मेधा (एआई) सैंडबॉक्स तक पहुंच, अवधारणा का प्रमाण प्रदान करने में सहायता, एआई साक्षरता कार्यक्रम और डिजिटल सहायक समाधान प्राप्त होंगे। बयान में कहा गया, आईबीएम और गुजरात सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने आज गिफ्ट सिटी में वित्तीय संस्थानों के बीच नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आईबीएम के वाटसनएक्स का लाभ उठाते हुए एक एआई क्लस्टर की स्थापना और उसे बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। आईबीएम का वाटसनएक्स व्यवसाय के लिए बनाया गया एक एआई और डेटा मंच है।

आईबीएम व गुजरात सरकार के बीच समझौता

सीएस शेट्टी होंगे एसबीआई के नये चेयरमैन

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकारी नियुक्ति चुनाव समिति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन पद के लिए बैंक के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक सी एस शेट्टी के नाम की सिफारिश की है। शेट्टी को जनवरी, 2020 में प्रबंध निदेशक के तौर पर चुना गया था। वर्तमान में वे अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी विभागों का कार्यभार संभालते हैं।

वह दिनेश कुमार खारा का स्थान लेंगे, जो 28 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। खारा की आयु 28 अगस्त को 63 वर्ष हो जाएगी, जो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए ऊपरी आयु सीमा है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने इस पद के लिए 29 जून, 2024 को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। एफएसआईबी ने बयान में कहा, प्रदर्शन, समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए ब्यूरो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की सिफारिश करता है। परंपरा के अनुसार, चेयरमैन की नियुक्ति एसबीआई के मौजूदा प्रबंध निदेशकों में से की जाती है। एफएसआईबी मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) को नाम की सिफारिश करेगा जो इस संबंध में अंतिम निर्णय लेगी। एसीसी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। एफएसआईबी के अध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा हैं। ब्यूरो के सदस्यों में वित्तीय सेवा सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग के सचिव और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर शामिल हैं।

एथर एनर्जी का पहला फैमिली स्कूटर रिज्टा लॉन्च

लखनऊ। एथर एनर्जी ने आज लखनऊ में अपने मीट रिज्टा समारोह का आयोजन किया। इस समारोह के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के इच्छुकों के सामने एथर के नए फैमिली स्कूटर, रिज्टा और इनोवेटिव हैलो हेलमेट का प्रदर्शन किया गया। आगंतुकों को यहाँ रिज्टा चलाकर देखने और एथर के एक्सपीरियंस जोन का अनुभव लेने का अवसर मिला, जो ब्रांड की इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और डिजाईन फिलॉसफी की गहरी समझ प्रदान करने के लिए डिजाईन किए गए हैं। इस अवसर पर रवनीत सिंह फोकेला, चीफ बिजनेस ऑफिसर, एथर एनर्जी ने कहा कि लखनऊ में ग्राहक विशेष रूप से फैमिली सेगमेंट में स्कूटर पसंद करते हैं। इसलिए रिज्टा के साथ हम परिवार के लिए अनुकूल स्कूटर की तलाश करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं। इसमें लंबी और आरामदायक सीट, विशाल स्टोरेज स्पेस, अनेक सुरक्षा विशेषताएं, और राइडिंग का बेहतरीन अनुभव मिलता है। इसलिए रिज्टा परिवारों के लिए एक उत्तम विकल्प है। रिज्टा में वही गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सुरक्षा मानक हैं, जिनके लिए एथर मशहूर है। हम लखनऊ में रिज्टा पेश करने के लिए उत्साहित हैं, हमें उम्मीद है कि यहाँ हमारे इस इलेक्ट्रिक स्कूटर को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी।

वस्तुओं-सेवाओं के निर्यात में 800 अरब डॉलर का बोझ

एजेंसी

मुंबई। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुएं 437.1 अरब डॉलर और सेवाएं 341 अरब डॉलर) रहा था।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्थिति गंभीर है, क्योंकि यूक्रेन-रूस और इजरायल-हमास के बीच युद्ध और लाल सागर संकट अभी भी जारी है। मंत्री ने कहा कि यूरोप जैसे कुछ प्रमुख लोकतांत्रिक देशों में चुनाव भी हो रहे हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ऐसी स्थिति में यह सकारात्मक संकेत है कि हमारा निर्यात बढ़ रहा है (मई में नौ प्रतिशत की वृद्धि) और इससे यह पता भी चलता है कि दुनिया भारत के साथ व्यापार और निवेश करना चाहती है। हमें भरोसा है कि इस साल हमारा निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होगा और यह एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा। वह रत्न एवं आभूषण निर्यातकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आए थे। गोयल ने कहा कि 800 अरब डॉलर के निर्यात के लिए मंत्रालय विदेश स्थित भारतीय मिशनों और निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष चालू खाता घाटा (सीएडी) भी कम हुआ है। ऐसे में निर्यात बढ़ेगा, विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

भारत ने मार्च तिमाही में 5.7 अरब डॉलर या जीडीपी के 0.6 प्रतिशत के बराबर चालू खाता अधिशेष दर्ज किया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर ध्यान केंद्रित करने से तेल आयात को कम करने में मदद मिलेगी। मंत्रालय विशेष रूप से मूल्य वर्धित वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मसालों, रबर, तंबाकू, चाय और कॉफी सहित बागान बोर्डों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने घरेलू हीरा पॉलिश उद्योग के हितों की रक्षा के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) और जी7 देशों द्वारा रूसी मूल के बिना पॉलिश किए हुए हीरों के आयात पर प्रतिबंध लगाने के मुद्दे को प्राथमिकता से उठाया है। गोयल ने कहा, हमारा मंत्रालय और रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद यूरोपीय संघ और जी-7 देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

ओएनजीसी ने अमरनाथ यात्रियों के लिए स्थापित किये दो अस्पताल

एजेंसी

जम्मू। ओएनजीसी ने कश्मीर में अमरनाथ के दो बेस कैंप में 100 बिस्तरों वाले दो अस्पताल स्थापित किए हैं। कंपनी ने कहा है कि वार्षिक यात्रा के बाद भी ये सुविधाएं चालू रहेंगी। अमरनाथ तीर्थयात्रा 52 दिनों तक चलती है और यह 19 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा दो रास्तों से की जाती है। पहला रास्ता पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान से और दूसरा रास्ता 14 किलोमीटर छोटा, लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग से शुरू होता है।

ओएनजीसी ने कहा कि उसने क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर यह पहल की है। ओएनजीसी ने एक बयान में कहा कि स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे की आवश्यकता को समझते हुए उसने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अनंतनाग में बालटाल और चंदनवारी-पहलगाम में स्थायी अस्पतालों का निर्माण किया है। इनमें से प्रत्येक अस्पताल 100 बिस्तरों, चिकित्सा कर्मचारियों के लिए आवास सुविधाओं और गहन देखभाल इकाइयों से सुसज्जित है।

पेज एक का शेष

नीट-यूजी प्रश्नपत्र

तथा आरिफ वोहरा को जांच एजेंसी की चार दिन की हिरासत में भेज दिया और इन सभी पर गोधरा में पांच मई को हुई नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं में शामिल होने का आरोप है। गुजरात पुलिस ने प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रधानाचार्य और शिक्षक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई जांच से पता चला है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा गोधरा और खेड़ा में चुने गए परीक्षा केंद्रों पर एक ही स्कूल प्रशासन का नियंत्रण था। एजेंसी ने नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं में अंतरराज्यीय संपर्क से जुड़ी एक बड़ी साजिश का दावा किया है।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई पुरुषोत्तम शर्मा, तुषार भट्ट, विभोर आनंद और आरिफ वोहरा से पूछताछ करेगी, जिनके बारे में समझा जाता है कि उनके पास नीट-यूजी परीक्षा में हेराफेरी की व्यापक साजिश को उजागर करने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी है। जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि जांच को आगे बढ़ाना और बड़ी साजिश का पता लगाना जरूरी है। सीबीआई ने इस मामले में छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। बिहार में दर्ज प्राथमिकी प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित है, जबकि गुजरात और राजस्थान में दर्ज प्राथमिकी अभ्यर्थियों के स्थान पर किसी और व्यक्ति के परीक्षा देने और धोखाधड़ी से संबंधित है। एनटीए ने देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की थी। इस साल पांच मई को कुल 571 शहर के 4,750 केंद्र पर परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

स्कूल से वंचित

अपने आपको तैयार करें। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के बाद सीएम योगी ने कहा कि सचमुच एक गुरु के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है कि जिसको उन्होंने गाइड किया वो देश में, प्रदेश में, जनपद में उच्च स्थान प्राप्त कर उन्हें गौरवान्वित कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हम अपने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए नई पीढ़ी के सामने उन्हें रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं कि अगर वो भी ऐसे ही परिश्रम करेंगे तो उन्हें भी सम्मान प्राप्त होगा। सीएम योगी ने छात्र-छात्राओं को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में किसी भी फील्ड में जाना हो याद रखना परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जीवन में शॉर्टकट का रास्ता अपनाने वाला व्यक्ति कभी भी अपनी मंजिल को प्राप्त नहीं कर सकता। इसलिए जीवन में जितना कठिन परिश्रम कर सकते हैं, करना चाहिए। जिन छात्रों ने कठिन परिश्रम किया, मेरिट में उनका नाम आया। सफलता हमें ये भी बताती है कि हमने मंजिल पा ली है, हमारी दिशा सही है, हमें दिशा भ्रम में नहीं पड़ना है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि किसी भी समाज के उत्थान और सर्वांगीण विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। बिना शिक्षा के विकसित समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार ने सर्व समाज को शिक्षित करने का काम किया है। पिछले सात साल में हर विद्यालय तक योजनाएं पहुंचाई हैं। परिषदीय विद्यालयों में 2017 की स्थिति में आज जमीन आसमान का अंतर आया है। 95 प्रतिशत तक सभी मूलभूत 19 पैरामीटर को पहुंचाया है। जल्द ही 100 प्रतिशत पूरा करेंगे। आज का युग तकनीक का है। इससे बच्चों को दूर नहीं रख सकते। 2.9 लाख विद्यालय को दो-दो टैबलेट दिए हैं। 880 आईसीटी लैब, 18381 परिषदीय, उच्च और कस्तूरबा विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की है। आज 88 लाख छात्रों को पहले चरण में 1200 रुपये की राशि जारी की गई। दूसरे चरण में बचे छात्रों को भी जुलाई में यह राशि भेजेंगे।

टी-20 वर्ल्ड

की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 169 रन बना सकी। इस जीत के साथ भारत ने 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म कर दिया। भारत ने इससे पहले 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। वहीं, भारत ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीता है। 13 साल बाद कोई विश्व कप जीता है। 2011 में भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। 17वें ओवर में भारत ने मैच पलटा। 16 ओवर तक दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 151 रन बना लिए थे। तब मिलर और क्लासेन क्रीज पर थे। आखिरी 24 गेंद में दक्षिण अफ्रीका को 26 रन चाहिए थे।

सड़क दुर्घटनाओं

और पीयूष यादव (22) की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि हादसे में छह अन्य लोग घायल हो गए और उन्हें गोरखपुर स्थित बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्नाव क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (बांगरमऊ) अरविंद कुमार ने बताया कि गंजमुरादाबाद के निकट हरदोई की ओर से आ रही एक रोडवेज बस ने उन्नाव हरदोई मार्ग पर ऑटो में टक्कर मार दी जिसमें (ऑटो) में ड्राइवर सहित छह लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार इस हादसे में ऑटो रिक्शा में सवार श्रीकृष्ण (45) और लक्ष्मण (35) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि चालक सहित चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायल सुनील उर्फ कल्लू (35) को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर घायल ऑटो ड्राइवर रामचन्द्र (55) को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी, जहां उसने (ड्राइवर ने) इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार दो घायलों की हालत गंभीर बनी है। पुलिस के अनुसार रोडवेज बस ड्राइवर को पकड़कर कोतवाली भेज दिया गया है।

लद्दाख में अचानक

जवानों की मौत हो गई। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे की सूचना से मन व्यथित है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले वीर जवानों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरा देश वीर जवानों के परिजनों के साथ है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास देर रात लगभग एक बजे अभ्यास के दौरान हुई।

41 साल बाद

विदेश मंत्री की मध्य यूरोपीय राष्ट्र की पहली यात्रा थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 जुलाई को वियना की एक दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। 8-9 जुलाई को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर से मिलेंगे। इस दौरान दोनों देशों में टेक्नोलॉजी, एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबिलिटी और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में साझेदारी, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने को लेकर चर्चा होगी। साथ ही, पहले से बेंगलुरु में मौजूद भारत-ऑस्ट्रिया स्टार्टअप ब्रिज को मजबूत करने की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। ऑस्ट्रिया में वर्तमान में 35 भारतीय टेक्नोलॉजी फर्म हैं। इस दौरान ऑटो सेक्टर में मजबूत संबंध बनाने का भी प्रयास किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वियना यात्रा को भारत के अल्पाइन आउटरीच प्रोग्राम के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं, मॉस्को यात्रा के बाद वियना के दौरे को किसी भी अंतरराष्ट्रीय संगठन से अलग माना जा रहा है। क्योंकि ऑस्ट्रिया तटस्थ हैं और मध्य यूरोप में शामिल होने के बाद भी वह अमेरिका के नेतृत्व वाले उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन नाटो का सदस्य नहीं है और यूक्रेन संघर्ष के दौरान उसने मास्को के साथ अपने आर्थिक संबंध बनाए रखे हैं। हालांकि, यूक्रेन संघर्ष के बाद उसने रूस की निंदा की थी और एलान किया था कि वियना दोनों देशों के बीत दुश्मनी को खत्म करने और राजनीतिक शांति प्रक्रिया शुरू करने के प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगा। यूरोपीय संघ का यह देश भारत के स्टार्टअप, उच्च तकनीक और शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे पहले 3 और 4 जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक होगी।

इस बैठक में पीएम मोदी की बजाय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर हिस्सा लेंगे। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और ऑस्ट्रिया की अपनी दो देशों की यात्रा के चलते एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग न लेने का फैसला किया है। एससीओ शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान के हालात, यूक्रेन संघर्ष और एससीओ सदस्य देशों के बीच समग्र सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा होने की उम्मीद है। भारत पिछले साल एससीओ का अध्यक्ष था।

उत्तर भारत में

में 30 जून से दो जुलाई तक भारी वर्षा होने का अनुमान है। आईएमडी ने इस अवधि के दौरान उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में बहुत भारी वर्षा का भी अनुमान जताया है। पूर्वोत्तर में, असम के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक चक्रवाती परिसंचरण अगले पांच दिन में पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम वर्षा, गरज के साथ बौछारें, बिजली गिरने तथा कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा लाएगा।

जनता ने मोदी की शासन शैली को नकारा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव में जनादेश के संदेश की अनदेखी कर टकराव को महत्व देना जारी रखे हुए हैं और ऐसे पेश आ रहे हैं कि मानो कुछ बदला ही नहीं है। उन्होंने अंग्रेजी दैनिक द हिंदू में लिखे लेख में यह आरोप भी लगाया कि लोकसभा में 1975 के आपातकाल की निंदा की गई ताकि संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर मोदी सरकार के हमले से ध्यान हटाया जा सके। सोनिया गांधी ने लेख में कहा, 4 जून, 2024 को हमारे देश के मतदाताओं ने अपना फैसला स्पष्ट और जोरदार तरीके से सुनाया। यह उस प्रधानमंत्री के लिए व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक हार का संकेत है, जिन्होंने चुनाव अभियान के दौरान खुद को दैवीय दर्जा दिया था। उन्होंने दावा किया कि इस जनादेश ने न केवल इस तरह के दिखावों को नकार दिया, बल्कि यह विभाजन, कलह और नफरत की राजनीति की स्पष्ट अस्वीकृति थी तथा नरेन्द्र मोदी के शासन के कामकाज और शैली दोनों को खारिज किया जाना था। सोनिया गांधी ने कहा फिर भी, प्रधानमंत्री ऐसे पेश आ रहे हैं जैसे कि कुछ भी नहीं बदला है। वह आम सहमति के मूल्यों के बारे में उपदेश देते हैं लेकिन टकराव को महत्व देना जारी रखते हैं। इस बात का जरा भी प्रमाण नहीं मिलता है कि उन्होंने चुनावी नतीजे को समझ लिया है या करोड़ों मतदाताओं द्वारा उन्हें भेजे गए संदेश पर कोई विचार किया है।

टीम इंडिया ने बारबाडोस में लहराया तिरंगा

एजेंसी

ब्रिजटाउन। इंडिया में आधी रात दिवाली मन रही है। रोहित शर्मा की टीम ने वो सपना पूरा कर दिया, जिसका 17 साल से पूरा होने का इंतजार था। साउथ अफ्रीका 177 का टारगेट आसानी से पूरा कर रही थी। लेकिन, गेंदबाजों को ये मंजूर नहीं था। साउथ अफ्रीका के हाथों से जीत छीन ली। टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया का है। जीत का हीरो कोई एक नहीं पूरी इंडियन टीम है। सूर्यकुमार का वो कैच तो शायद दशकों तक याद रखा जाएगा, जिसकी बदौलत मिलर पवेलियन लौटे। टीम इंडिया ने 17 साल बाद टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। टीम ने 2007 में पहला वर्ल्ड कप जीता था। इसी के साथ भारतीय टीम ने कउउ ट्रॉफी के 11 साल के सूखे को खत्म कर दिया। भारत ने आखिरी कउउ टूनार्मेंट 2013 में जीता था। बारबडोस से स्टेडियम में इंडिया ने पहले बैटिंग चुनी थी। पावरप्ले में रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार के विकेट गिर गए थे। कोहली ने 72 और अक्षर पटेल ने 47 रन की पारी खेली। शिवम दुबे ने तेज रफ्तार से 27 रन बनाकर स्कोर 176 तक पहुंचाया। साउथ अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज और एनरिक नॉर्त्या ने 2-2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने एक-एक विकेट लिया। रन चेज में साउथ अफ्रीकी टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 169 रन बना सकी। हार्दिक पंड्या ने 3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। हेनरिक क्लासन ने 27 बॉल पर 52 रन बनाए, जबकि डी कॉक ने 31 बॉल पर 39 रन की पारी खेली। ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 बॉल पर 31 और मिलर ने 17 बॉल पर 21 रन का योगदान दिया।

वर्ल्ड कप फाइनल में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को 177 रन का टारगेट दिया है। पावरप्ले में 3 विकेट गिरने के बाद विराट कोहली ने 76 और अक्षर पटेल ने 47 रन की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी की। फिर विराट ने शिवम दुबे के साथ 57 रन की साझेदारी करके स्कोर 150 पार पहुंचा दिया। दुबे ने 16 गेंदों पर 168.75 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए। साउथ अफ्रीकी स्पिनर केशव महाराज और पेसर एनरिक नॉर्त्या ने 2-2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और मार्को यानसन को एक-एक विकेट मिला। अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड कप फाइनल खेल रही है। इंडिया और साउथ अफ्रीका इस टूनार्मेंट में

अजेय रही हैं। पहली बार टूनार्मेंट में अजेय रही टीम ट्रॉफी उठाएगी। बारबडोस में अभी मौसम साफ है, लेकिन मैच के दौरान बारिश की 51% संभावना है। एनरिक नॉर्त्या ने पारी के आखिरी ओवर में महज 9 रन दिए और 2 विकेट झटके। उन्होंने शिवम दुबे को मिलर और जडेजा को केशव महाराज के हाथों कैच कराया। इस तरह भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 177 रन का टारगेट दिया। विराट कोहली ने कगिसो रबाडा के बाद मार्को यानसन के ओवर में भी एक सिक्स और एक चौका जमाया। वे 59 बॉल पर 76 रन बनाकर आउट हुए। कोहली बड़ा शॉर्ट खेलने के प्रयास में लॉन्ग ऑफ में रबाडा को कैच थमा बैठे। 19वां ओवर डाल रहे यानसन के ओवर में 17 रन बने। 18वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। कगिसो रबाडा के इस ओवर में 16 रन बने। कोहली ने रबाडा की बॉल पर एक सिक्स और एक चौका लगाया। मिडिल ओवर में भारतीय पारी संभली-संभली सी रही। टीम ने बीच के 10 ओवर में एक विकेट खोकर 81 रन बनाए। विराट कोहली फिफ्टी के करीब हैं। 16वें ओवर के बाद टीम इंडिया का स्कोर 126/4 रहा। टीम इंडिया ने पावरप्ले में 45 पर 3 विकेट गंवा दिए थे। अक्षर पटेल ने 14वां ओवर डालने आए कगिसो रबाडा की पहली बॉल पर सिक्स लगाया। इस सिक्स के साथ भारतीय टीम का स्कोर 100 के आंकड़े को पार कर गया इस ओवर की तीसरी बॉल पर अक्षर पटेल रनआउट हो गए। वे रन लेने के लिए बाहर आए, लेकिन कोहली ने मना कर दिया। ऐसे में विकेटकीपर डी कॉक ने नॉन स्ट्राइक रेट पर डायरेक्ट थ्रो मारा और अक्षर आउट हो गए।

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से कोहली का संन्यास

भारत को वर्ल्ड कप जिताने के बाद विराट कोहली ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया। वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच बने, उन्होंने 76 रन की अहम पारी खेली। मैच के बाद विराट ने कहा, 'यह मेरा आखिरी टी-20 मैच था, इसलिए उसी तरह खेला। अब नई जनरेशन बागडोर संभाले।'

विराट ने साउथ अफ्रीका के फाइनल में हीरो जैसी भूमिका निभाई। इससे पहले वर्ल्ड कप के 7 मैचों में उनका टोटल स्कोर 75 रन था। अकेले फाइनल में उन्होंने 76 रन की पारी खेल डाली। पहले ही अपनी रिपोर्ट में इस बात की पूरी संभावना जाहिर की थी। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि विराट क्यों बड़े मैचों के गेमचेंजर हैं। मुंबई के वानखेड़े में श्रीलंका के खिलाफ इंडिया 275 रन का पीछा कर रही थी। सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग आउट हो चुके थे। सिर्फ 31 रन बने थे। पार्टनरशिप चाहिए थी। कोहली ने सिर्फ 35 रन की पारी खेली, लेकिन गंभीर के साथ मिलकर 83 रन की साझेदारी की। रन चेज में खराब शुरूआत से इंडिया को निकाल लिया। इंग्लैंड-इंडिया का ये 50-50 ओवर का मैच बारिश के चलते 20-20 ओवर का हो गया था। इंडियन टीम 7 विकेट पर सिर्फ 129 रन बनाए। इसमें कोहली का योगदान 43 रन का था। दोनों टीमों की तरफ से हाईएस्ट स्कोरर कोहली थे।

आधी रात में खुशियों से सराबोर हुआ लखनऊ, फूटे पटाखे और मनी दिवाली

लखनऊ। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराकर दूसरी बार टी-20 विश्व कप ट्रॉफी जीती। लखनऊ में भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों ने भारत की जीत का जश्न मनाया। इस जीत के साथ भारत ने 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म कर दिया। भारत ने इससे पहले 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। वहीं, भारत ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीता है। 13 साल बाद कोई विश्व कप जीता है। 2011 में भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। बारबाडोस में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 169 रन बना सकी। भारत की इस ऐतिहासिक जीत से हर भारतीय गौरवान्वित है। भारत की जीत के बाद शहर-दर शहर में जीत का जश्न मनाया जा रहा है। लखनऊ के हजरतगंज में जहां लोग सड़कों पर पटाखे फोड़ कर जश्न मनाते नजर आए वहीं, प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोगों ने जमकर खुशी मनाई। टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की शानदार जीत के जश्न में राजधानी लखनऊ भी देर तक डूबा। जैसे ही टीम इंडिया जीती। शहर में दीपावली जैसा नजारा था। चारों तरफ पटाखों की गूंज सुनाई दे रही थी। क्रिकेटप्रेमियों का जमघट हजरतगंज, 1090 चौराहे पर जुट गया। रात साढ़े 11 बजे चौक के चारों तरफ भीड़ ही भीड़ थी। तिरंगा झंडा लेकर युवा शहर भर में दिखायी दिये। भारत माता की जय, सबसे आगे होंगे हिन्दूस्तानी जैसे नारों से लखनऊ गूंज उठा। हजरतगंज के अलावा छावनी, 1090 चौराहा, व शहर के अन्य स्थानों पर भी जीत का जश्न मना। घरों में रखे पटाखे लोगों ने निकाल कर जलाए। राजधानी में रात एक बजे तक जश्न के माहौल से सराबोर रहा।

कैब के विजन 2028 कार्यक्रम में प्रसाद, हिरवानी शामिल

कोलकाता। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद और स्पिनर नरेंद्र हिरवानी को बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने जमीनी स्तर पर क्रिकेट के विकास के अपने कार्यक्रम विजन 2028 में शामिल किया है। प्रसाद प्रदेश के तेज गेंदबाजों को प्रशिक्षण देंगे जबकि हिरवानी स्पिन गेंदबाजों को गुर सिखायेंगे। भारत के पूर्व बल्लेबाज और बंगाल के कप्तान मनोज तिवारी बल्लेबाजी कोच होंगे। कार्यक्रम के पहले चरण में अंडर 16 और अंडर 19 श्रेणी के क्रिकेटर होंगे। पहला चरण रविवार से यहां शुरू होगा और सात जुलाई तक चलेगा।

हॉकी इंडिया ने कोर संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

बेंगलुरू। हॉकी इंडिया ने यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में सोमवार से शुरू होने वाले दो महीने लंबे ट्रेनिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय भारतीय महिला संभावित ग्रुप की घोषणा की। लंदन और एंटवर्प में एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र में अपने सभी मैच हारने के बाद भारतीय टीम संक्षिप्त ब्रेक पर थी। भारतीय टीम पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी चार मैच गंवा बैठी थी।

स्नेहा, पलक, सोनिया व आद्या महिला एकल के सेमीफाइनल में

लखनऊ। स्नेहा सिंह, पलक कोहली, सोनिया व आद्या सेठ ने लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में दूसरे दिन खेले गए महिला एकल के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। इसी के साथ बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी मे खेली जा रही चैंपियनशिप में शीर्ष वरीय सान्वी कुमार, चौथी वरीय प्रसन्ना प्रभात, प्रशस्ति शर्मा, अनायिका ने क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ बालिका अंडर-11 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं बालिका अंडर-15 के क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीय श्रेयना मोहन चंद्रा ने ने अपर्णा सिंह को 30-5 से हराकर सेमीफाइनल में इंट्री की। महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में स्नेहा सिंह ने प्रतीक्षा सिंह को 30-16 से, पलक कोहली ने श्रेया पाण्डेय को 30-15 से, सोनिया ने उर्वशी परमार को 30-24 से, आद्या सेठ ने सृष्टि बचवानी को 30-5 से हराया। बालिका अंडर-11 के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय सान्वी कुमार ने जान्हवी आर्य को 30-18 से, चौथी वरीय प्रसन्ना प्रभात ने संसिता चौधरी को 30-5 से, प्रशस्ति शर्मा ने प्रीशा सिंह को 30-27 से, दूसरी वरीय अनायिका ने रिधिमा अग्रवाल को 30-20 को हराया। इसके अलावा बालक अंडर-17 के क्वार्टर फाइनल में शिवम यादव, निलेश भट्ट, संस्कार यादव, बालिका अंडर-13 के क्वार्टर फाइनल में श्रेणा मोहन चंद्रा, जान्या श्रीवास्तव, कस्तूरी कुमारी, मेघना प्रकाश, बालिका अंडर-15 के क्वार्टर फाइनल में अपराजिता व ऋद्धि दुबे ने जीत दर्ज की।

लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का दूसरा दिन

खुद में सुधार करने में जूझ रही हूं : लिली दास

पंचकुला (हरियाणा)। धाविका लिली दास ने जब 2016 में भारतीय एथलेटिक्स में शुरूआत की थी तो उन्हें उम्मीद की किरण के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं और आठ साल बाद भी वह अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक की कोशिश में जुटी हैं। प्रायोजकों की कमी के कारण लिली शीर्ष स्तर पर अपनी काबिलियत नहीं दिखा सकी हैं लेकिन 2016 में फेडरेशन कप की जूनियर स्तर की 1500 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली पश्चिम बंगाल की यह एथलीट अभी हार मानने को तैयार नहीं है। छब्बीस साल की लिली ने पोलैंड के बिडगोस्ज में 2016 विश्व जूनियर चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था जिसमें भाला फेंक ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था। इसमें लिली 1500 मीटर के फाइनल में 10वें स्थान पर रही थीं। इसी साल लिली ने एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप में 800 मीटर और 1500 मीटर दोनों में स्वर्ण पदक जीते थे। लेकिन सीनियर स्तर पर उन्होंने 2019 दक्षिण एशियाई खेलों की 800 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के अलावा कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है। लिली ने शनिवार को पीटीआई से कहा, मैंने जूनियर स्तर पर अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।

सुगम अमरनाथ यात्रा के लिए प्रतिबद्ध

यात्रियों का पहला जत्था रवाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार अमरनाथ गुफा मंदिर की सुरक्षित, सुगम और सुखद तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए हरसंभव प्रबंध कर रही है। वार्षिक अमरनाथ यात्रा शनिवार को शुरू हुई और तीर्थयात्रियों का पहला जत्था बालटाल और नूनवान स्थित दो आधार शिविरों से दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर उंचे पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।

शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा श्री अमरनाथ यात्रा भारतीय संस्कृति की पारंपरिकता व अविरलता का शाश्वत प्रतीक है। आज से इस दिव्य यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। मैं सभी श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन-पूजन की शुभकामनाएं देता हूँ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी के नेतृत्व में हमारी सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम व सुखद यात्रा के लिए संकल्पित है और श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए सरकार ने हरसंभव व्यवस्था की है। हर-हर महादेव। यात्रा सुबह-सुबह दो मार्गों से शुरू हुई-अनंतनाग में 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक नूनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर लंबा छोटा, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। बावन दिनों तक चलने वाली यह तीर्थयात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी।

हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ेगी भाजपा

एजेंसी

चंडीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में आएगी।

यहां पंचकूला में पार्टी की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि भाजपा इस साल अक्टूबर से पहले होने वाले राज्य चुनाव के लिए कोई गठबंधन नहीं करेगी। पार्टी सूत्रों ने शाह के हवाले से बताया कि पार्टी को किसी बैसाखी की जरूरत नहीं है। शाह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा हरियाणा में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। हरियाणा भाजपा ने एक्स पर पोस्ट किया कि गृह मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि हरियाणा के लोगों ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

दिल्ली में 88 वर्ष बाद सर्वाधिक बारिश

नयी दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को जून के महीने में 88 साल बाद सर्वाधिक बारिश हुई और इस बीच सात लाख अतिरिक्त लोगों ने मेट्रो में यात्रा की। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को 69 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। डीएमआरसी में कॉरपोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि शुक्रवार को मेट्रो में 69,36,425 लोगों ने यात्रा की जबकि बृहस्पतिवार को यह संख्या 62,58,072 थी। दयाल ने कहा कि स्टेशन परिसर के बाहर और प्रवेश-निकास बिंदुओं में मामूली जलभराव के कारण कुछ बाधाओं के बावजूद डीएमआरसी ने शुक्रवार को पूरे दिन पूरी उत्कृष्टता के साथ सेवाएं प्रदान कीं। डीएमआरसी के अनुसार इससे पहले 13 फरवरी 2024 को सबसे अधिक 71.09 लाख यात्रियों ने यात्राएं की थीं।

संक्षेप

युक्रेन में उ.कोरिया के मिसाइल के अवशेष मिले

संयुक्त राष्ट्र। वर्ष 2018 से यूक्रेन पर हमलों में इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने वाले एक शोध संगठन के प्रमुख ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि यह अकाट्य रूप से स्थापित हो चुका है कि यूक्रेन में पाए गए बैलिस्टिक मिसाइल के अवशेष उत्तर कोरिया के हैं। बैठक में अमेरिका और उसके सहयोगी पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तरी कोरिया के साथ बहस करते हुए कहा कि डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) यानी उत्तर कोरिया से हथियारों के निर्यात को लेकर लगाए गए संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का दोनों देशों ने उल्लंघन किया है। रूस ने आरोपों को निराधार बताया और उत्तरी कोरिया ने किसी के कथित हथियार हस्तांतरण पर चर्चा करने को अत्यंत निंदनीय कृत्य करार देते हुए बैठक को खारिज किया। कॉन्फ्लिक्ट आर्मामेंट रिसर्च के कार्यकारी निदेशक जोना लेफ ने परिषद को दो जनवरी को यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर हमला करने वाली मिसाइल के अवशेषों के विस्तृत विश्लेषण का ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि संगठन ने मिसाइल के रॉकेट मोटर, अन्य उपकरण और आठ देशों और क्षेत्रों की 26 कंपनियों द्वारा निर्मित लगभग 300 घटकों का दस्तावेजीकरण कर पता लगाया है।

ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव परिणाम के बीच कड़ी टक्कर

एजेंसी

दुबई। ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव परिणाम के रुझानों में सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी प्रत्याशी सईद जलीली के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल द्वारा प्रसारित प्रारंभिक परिणामों में दोनों में से किसी भी उम्मीदवार को चुनाव में सीधे जीत हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखाया गया, जिससे चुनाव परिणामों में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाले उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना नजर आ रही है। चैनल ने बताया कि एक करोड़ 20 लाख मतों की गिनती के बाद पेजेशकियन को 53 लाख वोट मिले, जबकि जलीली को 48 लाख वोट मिले हैं। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 16 लाख वोट मिले। शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 95,000 वोट मिले हैं। ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था। ईरान के कट्टरपंथी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मई में हुए हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी।

आज विदेश मंत्री कतर की यात्रा पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को कतर की यात्रा पर जायेंगे और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जसीम अल थानी के साथ वार्ता करेंगे। वार्ता के दौरान व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

जयशंकर की यह यात्रा कतर द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को रिहा करने के लगभग साढ़े चार महीने बाद होगी। भारतीय नौसेना के इन पूर्व कर्मियों को अगस्त, 2022 में गिरफ्तार करने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान वह कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। इसने कहा कि इस यात्रा के जरिये दोनों पक्ष राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों समेत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम होंगे।

लद्दाख में सैनिकों की मौत पर राहुल,प्रियंका ने जताया दुख

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेताओं राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाद्रा ने लद्दाख में श्योक नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण टी-72 टैंक के डूब जाने से पांच सैनिकों की मौत होने पर शनिवार को गहरा दुख व्यक्त किया। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, लद्दाख में टी-72 टैंक को नदी पार कराते समय एक जेसीओ (जूनियर कमीशंड ऑफिसर) सहित भारतीय सेना के पांच बहादुर सैनिकों की मौत होने की घटना से बहुत दुखी हूं। उन्होंने कहा, इस दर्दनाक त्रासदी के चलते जान गंवाने वाले सेना के जवानों के परिवारों के प्रति हम संवेदना व्यक्त करते हैं।

देश दुख की इस घड़ी में अपने बहादुर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा को एकजुट होकर सलाम करता है। लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास श्योक नदी में शुक्रवार देर रात अचानक आई बाढ़ के कारण टी-72 टैंक पर सवार एक जूनियर कमिशंड ऑफिसर समेत पांच सैन्यकर्मी डूब गए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सैन्यकर्मियों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, लद्दाख में टैंक के नदी पार करने के सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे में भारतीय सेना के पांच जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा, सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजन के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं। उनका समर्पण, सेवा और बलिदान देश सदा याद रखेगा।

प्रियंका गांधी ने भी सैन्यकर्मियों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर लिखा, लद्दाख में अचानक आई बाढ़ में सेना के पांच जवानों के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। उन्होंने कहा, हमारे वीर जवानों के इस सर्वोच्च बलिदान के लिए देश सदैव उनका और उनके परिवारों का ऋणी रहेगा।

जद(यू) में संजय झा बने कार्यकारी अध्यक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। जनता दल (यूनाइटेड) ने शनिवार को राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा को अपना कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के गठन में पार्टी की महत्वपूर्ण

बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा

भूमिका को रेखांकित करते हुए केंद्र से बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने पर विचार करने का आग्रह किया। पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महंगाई और बेरोजगारी को ज्वलंत मुद्दे करार दिया गया और पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव में विश्वास जताया गया कि

राजग सरकार इनसे निपटने के लिए और प्रभावी कदम उठाएगी। प्रस्ताव में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र सहित पेपर लीक के अन्य मामलों की व्यापक जांच का आह्वान किया गया ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई सुनिश्चित की जा सके और केंद्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता कायम रहे। इसमें कहा गया है कि संसद को परीक्षा पत्रों के लीक होने के खिलाफ एक मजबूत कानून बनाने की भी आवश्यकता है। अपने विश्वासपात्र को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का कुमार का फैसला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने और टकराव के मुद्दों का समाधानपूर्ण रास्ता निकालने के उनके प्रयासों को दर्शाता है क्योंकि झा के भाजपा नेतृत्व के साथ अच्छे संबंध हैं। बिहार के पूर्व मंत्री रहे झा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से की थी। बाद में वह जद(यू) में शामिल हो गए। जद(यू) में आने से पहले वह कुमार के साथ संपर्क सूत्र की भूमिका निभा चुके हैं। वह जद(यू) के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य योजना परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं। फिलहाल झा राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता हैं।

नेपाल में भूस्खलन से नौ की मौत

काठमांडू। नेपाल के पर्वतीय जिलों में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक पूरे परिवार के सभी सदस्यों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा बचाव एवं न्यूनीकरण प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, राजधानी काठमांडू से लगभग 250 किलोमीटर पश्चिम में देश के पर्वतीय क्षेत्र में तीन अलग-अलग इलाकों में भूस्खलन के कारण मकान जमींदोज हो गए। गुल्मी जिले के मलिका गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई, जब उनका मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया।

इंटरटेनमेंट...

'रौतू का राज' नवाजुद्दीन ने एक्टिंग से संभाला

मुंबई। एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'कहानी', 'रईस' और 'रात अकेली है' के बाद एक बार फिर कॉप के किरदार में फिल्म 'रौतू का राज में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर स्ट्रीम हो चुकी है। मर्डर मिस्ट्री पर आधारित इस फिल्म की लेंथ 1 घंटे 55 मिनट की है। फिल्म को 5 में से 2.5 स्टार रेटिंग दी है।

फिल्म की कहानी उत्तराखंड के बैकड्रॉप पर आधारित है। उत्तराखंड के एक छोटे से शहर रौतू में चल रहे एक ब्लाइंड स्कूल में अचानक से एक वॉर्डेन संगीता (नारायणी शास्त्री) की मौत हो जाती है। वॉर्डेन की मौत शुरू में नैचुरल डेथ लगती है। लेकिन बाद में यह घटना शहर में चर्चा का विषय बन जाती है। यह घटना नैचुरल डेथ और मर्डर के बीच उलझ जाती है। इनवेस्टिगेशन ऑफिसर दीपक नेगी (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) इस गुत्थी को सुलझाने के लिए अपनी टीम के साथ निकलते हैं। मर्डर का शक ब्लाइंड स्कूल के ट्रस्टी मनोज केसरी (अतुल तिवारी) पर भी जाता है। इनवेस्टिगेशन के दौरान पता चलता है कि स्कूल से पायल नाम की लड़की मिसिंग है। इंस्पेक्टर दीपक नेगी इस मामले को लेकर थोड़ा निजी भी हो गए हैं। वॉर्डेन का हत्यारा कौन है? वॉर्डेन की हत्या क्यों की गई है? इंस्पेक्टर दीपक नेगी हत्या की इस गुत्थी को कैसे सॉल्व करते हैं? यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी पड़ेगी। इनवेस्टिगेशन

ऑफिसर दीपक नेगी के किरदार में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिल्म को अपने कंधे पर उठाने की कोशिश की है। राजेश कुमार ने फिल्म में सब इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई है। नवाजुद्दीन और राजेश की एक्टिंग और टाइमिंग सधी हुई लगी है। अतुल तिवारी, नारायणी शास्त्री और फिल्म के बाकी कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिका के साथ न्याय करने की कोशिश की है।

सोनू निगम न धोए आशा भोसले के पैर

मुंबई। मुंबई में हुए एक इवेंट में मशहूर सिंगर आशा भोसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' लॉन्च की गई। इस मौके पर सोनू निगम ने स्टेज पर गुलाब की पंखुड़ियों से आशा भोसले के पैर धोकर उनका सम्मान किया। उन्होंने आशा ताई के पैर चूमे और उन्हें अपने माथे से लगाया। इस प्यार और सम्मान के लिए आशा भोसले ने भी सोनू का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सोनू निगम ने कहा, 'आजकल सोशल मीडिया पर गाना सीखने के लिए बहुत सारी चीजें हैं, लेकिन पहले सीखने के लिए सिर्फ लताजी और आशाजी ही थीं। इन्होंने पूरी दुनिया को गाना सिखाया है। आशा ताई से हमने बहुत कुछ सीखा है। मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। वहीं इवेंट से सोनू का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस लोग तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। जहां कुछ लोगों ने सोनू की तारीफ करते हुए

लिखा कि यही होते हैं संस्कार। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि सिंगर नाटक कर रहे हैं। कुछ यूजर्स तो यह तक पूछ रहे हैं कि सोनू निगम ने सिर्फ आशा ताई के ही पैर क्यों धोए? वो बगल में बैठे मोहन भागवत के भी पैर धो सकते थे। इस बुक लॉन्चिंग इवेंट में सोनू के अलावा बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ और सुरेश वाडेकर व सुदेश भोसले जैसे सिंगर्स भी शामिल हुए।

वुमेन एम्पावरमेंट में ताहिरा ने डाला नया तड़का

मुंबई। ताहिरा कश्यप के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'शमार्जी की बेटी' अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हो चुकी है। महिलाओं की एम्पावरमेंट और उनके सामने आने वाले चैलेंजेज पर रोशनी डालने वाली इस फिल्म की लेंथ 1 घंटे 55 मिनट है। फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है। फिल्म की कहानी शुरू होती है स्वाति शर्मा (वंशिका टपारिया) से जो ज्योति शर्मा (साक्षी तंवर) की बेटी है। ज्योति शर्मा अपनी मिडिल क्लास लाइफ में उलझी हुई हैं। इनके लिए समय और पैसा दोनों बहुत कीमती है। क्योंकि इनका मानना है कि दोनों ही जाने के बाद वापस नहीं आते।

दूसरी ओर किरण शर्मा (दिव्या दत्ता) हैं, जो पटियाला से मुंबई अपने पति और बेटी गुरवीन शर्मा (अरिस्ता मेहता) के साथ शिफ्ट हुई हैं। जिनके सपनों की उड़ान लंदन वाली है, लेकिन किस्मत उन्हें घर से बाहर नहीं जाने देती। तनवी शर्मा (सैयामी खेर) वड़ोदरा से मुंबई टीम के

लिए खेलने आई हैं। इनकी लाइफ में केवल जीतने और खाने की भूख है। फिल्म की पूरी कहानी इन्हीं महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। ज्योति का पति सुधीर (शारिब हाशमी) ज्योति के जाने के बाद घर संभालता है और नाइट शिफ्ट में काम करता है। अपनी-अपनी लड़ाईयां लड़ रही महिलाओं की कहानी आगे क्या मोड़ लेती है। ये तो आपको फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। एक्टर्स की परफॉर्मेंस की बात करें, तो साक्षी तंवर और दिव्या दत्ता बॉलीवुड की मंझी हुई एक्ट्रेस हैं। दोनों ने अपने किरदारों को बखूबी निभाया है। वंशिका टपारिया और अरिस्ता मेहता ने भी बहुत खूबसूरती से अपने किरदारों को पकड़ा है। सैयामी खेर और शारिब हाशमी समेत फिल्म के सभी आर्टिस्ट ने अपने किरदारों के साथ न्याय किया है। ताहिरा कश्यप खुराना ने इस फिल्म का डायरेक्शन किया है। फिल्म की कहानी को नए तरीके से पेश करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। लेकिन फिल्म में बहुत कुछ सरप्राइजिंग देखने को नहीं मिलेगा। बीच-बीच में कहानी थोड़ी स्लो लगेगी। फिल्म के बीच में मां बेटी के इमोशनल सीन आपको फिल्म से जोड़े रखेंगे।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com